गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

अजि

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, गुरूवार 29 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

जौहर यूनिवर्सिटी की 426 करोड़से अधिक की संपत्ति कुर्क

ईडी की बड़ी कारवाई

लखनऊ(आससे.)। प्रवर्तन निदेशालय ईडी लखनऊ जोन ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की जमीन और इमारतों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अस्थायी रूप से अटैच कुर्क कर लिया है। संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपये है, जबकि इसकी मौजूदा बाज़ार कीमत लगभग 1170 करोड़ रुपये है। इस संबंध में ईडी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रामपुर जिले के गाँव सिंघानखेड़ा, जौहर नगर में स्थित यह यूनिवर्सिटी कैंपस मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के पास है। इस ट्रस्ट की स्थापना मोहम्मद आज़म खान ने की थी और वही इसे नियंत्रित करते हैं। साथ ही, वे इस यूनिवर्सिटी के मानद चांसलर भी हैं। ईडी का कहना है कि रामपुर के अजीमनगर थाना में दर्ज 26 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू हुई थी। इन मामलों में आरोप था कि विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए किसानों की कृषि जमीन को जबरन कब्जे में ली गई। जब जिला प्रशासन ने जांच की तो उनकी रिपोर्ट के मुताबकि, सिंहानखेड़ा गांव में करीब 34 एकड़ में फैले शत्रु संपत्ति के 45 भूखंडों पर भी कथित तौर पर अवैध कब्जा कर लिया गया था।

इन्वेस्टमेंट और इंडस्ट्री का हब बन रहा यूपी-योगी

बनेगी वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी, सरकारने बताया अपना विजन

लखनऊ (आससे.)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर बड़ा बदलाव आया है। सीएम ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेशवासियों को सरकार की उपलब्धियों और निवेश को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए न तो स्पष्ट दृष्टि थी और न ही कोई ठोस कार्ययोजना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला है। सरकार ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास की नई कार्यसंस्कृति विकसित की है। सीएम ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों और निवेश के अनुकूल माहौल के कारण उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इसी विश्वास को और मजबूत करने के लिए बुधवार को सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश में निवेश की नई संभावनाओं, मौजूदा परियोजनाओं को गति देने और निवेश को धरातल पर उतारकर उत्पादन शुरू कराने जैसे



मुद्दों पर चर्चा होगी। सीएम ने आगे कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर निवेश से नया उद्योग, हर उद्योग से नया रोजगार और हर रोजगार से परिवारों में खुशहाली आए। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सरकार का जोर निवेश प्रस्तावों को वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं में बदलने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर है।

सीजेपीने किया रैली का समर्थन, कहा-'ज्ञानेश कुमारको जाना होगा'

नयी दिल्ली (आससे.)। कॉकरोच जनता पार्टी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को समर्थन देने का एलान किया है। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारा देते हुए कहा, 'ज्ञानेश कुमार को जाना होगा।' पार्टी ने अपने बयान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चिंता जताई और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए। उसका कहना है कि लोकतंत्र में सरकार चुनने का अधिकार जनता के पास होना चाहिए, न कि सरकार को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि कौन वोट दे सकता है। पार्टी ने अपने संदेश के अंत में 'राष्ट्र सबसे ऊपर' का नारा भी दिया है। यह समर्थन ऐसे समय में सामने आया है, जब एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों और भाजपा के बीच राजनीतिक टकराव चल रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने बयान में कहा कि वह देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए आवाज उठाने वाले संगठनों के साथ खड़ी रहेगी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह इंडिया गठबंधन की एक नवंबर को होने वाली रैली का समर्थन करती है।

एमएलसी शिक्षक-स्नातक चुनाव

एमएलसी चुनाव में भाजपा ने छह व सपा ने तीन सीटें जीती दो पर आगे

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश की 11 विधान परिषद सीटों के लिए मतगणना चल रही है। लखनऊ शिक्षक खंड में भाजपा के उमेश द्विवेदी लगातार तीसरी बार जीते गए हैं। यहां पर नंबर दो सपा के सुशील कुमार रहे। वाराणसी में सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है, मेरठ में दोनों सीटों पर कमल खिला है। बरेली में भी भाजपा का परचम रहा। आगरा में भी सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।

मुख्यमंत्री ने विजयी प्रत्याशियों को दी बधाई

झांसी-इलाहाबाद सीट पर भी सपा ने जीत दर्ज कर ली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन- 2026 में विजयी सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। विश्वास है कि आप सभी शिक्षकों एवं स्नातकों की आकांक्षाओं को सशक्त स्वर देते हुए उनके हितों के संरक्षण, शिक्षा के उन्नयन और प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। आप सभी के यशस्वी कार्यकाल हेतु अनंत मंगलकामनाएं। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में काटे की टक्कर के बीच भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी जीत गए। लगातार चौथी बार एमएलसी बने ध्रुव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय राजीव यादव को 2,210 मतों से पराजित किया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव की मतगणना में दूसरी वरीयता के मतों की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी व एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी 307 वोट से चुनाव जीत गए हैं। निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव कड़ी टक्कर के बाद भी पीछे रह गए। वहीं सपा के डॉ. संजयन त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के नतीजों पर सपा नेता सनातन पांडे ने कहा, अगर धांधली नहीं होती तो 100 प्रतिशत सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत होती। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर उन्होंने कहा, कम से कम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वीकार किया कि उनका वोट कम हो रहा है और सपा का वोट बढ़ रहा है। यहां चुनाव बैलेट पेपर से ही तो हुए थे, है ना ? आप कहते हैं कि अगर चुनाव बैलेट पेपर से भी होते, तब भी कांग्रेस नहीं जीत पाती... उत्तराखंड, पंजाब और उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव बैलेट पेपर से ही कराए जाने चाहिए। आज ही घोषणा कर दीजिए कि लोकसभा और इन राज्यों के अगले चुनाव बैलेट पेपर से ही होंगे।

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को नवंबर में मिलेगी 9.17 प्रतिशत की छूट

फ्यूल सरचार्ज घटनेसे बिलपर पड़ेगा असर

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को नवंबर के बिजली बिल में राहत मिलने जा रही है। फ्यूल सरचार्ज में कमी के चलते उपभोक्ताओं का बिल 9.17 प्रतिशत तक कम होकर आएगा। इस साल अब तक की यह सर्वाधिक गिरावट बताई जा रही है। फ्यूल सरचार्ज घटने का सीधा असर बिजली बिल पर पड़ेगा, जिससे उपभोक्ताओं को भुगतान में राहत मिलेगी। बढ़ते खर्चों के बीच बिजली बिल में होने वाली यह कमी आम उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई में बड़ी राहत मिली थी। जुलाई में बिजली 4.43 प्रतिशत सस्ती हुई। इतनी सस्ती बिजली करीब 15 माह बाद मिल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल)ने यह घोषणा की है। यह घोषणा उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेश पर हुई। ईंधन एवं बिजली खरीद लागत समायोजन (एफपीपीसीए) के तहत जुलाई माह की लागत समायोजन दर जारी हुई है। यह अप्रैल 2026 की लागत पर आधारित है। उपभोक्ताओं को 4.43 प्रतिशत की राहत मिलेगी। यह पिछले 15 माह का सबसे बड़ा एफपीपीसीए लाभ है।

कर्मचारियों को दिवाली से पहले तोहफा



- डीए और डीआर में 3 प्रतिशत का इजाफा
- केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लगी मुहर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार 28 अक्टूबर को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढोतरी पर मुहर लगा दी। सरकार ने डीए और डीआर में 3प्रतिशत का इजाफा कर दिया है. अब डीए 60 फीसदी से बढकर 63 फीसदी हो हो गया है.महंगाई भत्ते और महंगाई राहत के लिए 10,016 करोड़ की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में आर्थिक गतिविधियों को गति देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से कुल 29,267 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी. घरेलू लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग प्रमोशन स्कीम हेतु 10,000 करोड़ की राशि मंजूर की गई है. खेल उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' के तहत 1,856 करोड़ का प्रावधान केबिनेट बैठक में किया गया। केबिनेट बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और सशक्तिकरण को गति देने के लिए कैबिनेट बैठक में ग्राम स्वराज योजना के लिए 7,395 करोड़ की स्वीकृति दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत को लॉजिस्टिक्स और शिपिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाई गई इस कंटेनर विनिर्माण योजना को चार प्रमुख हिस्सों में बांटा गया है. इसमें ब्याज सब्सिडी सहायता, कंटेनरों की गुणवत्ता जांचने के लिए परीक्षण और प्रमाणन सहायता, जमीन के लिए भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता और फैक्टिरयों के दैनिक काम-काज के लिए परिचालन व्यय सहायता शामिल है। मैन्युफैक्चरर्स पर वित्तीय बोझ कम करने के मकसद से सरकार ने कैपेक्स पर विशेष ध्यान दिया है. इसके तहत पूंजीगत व्यय के लिए लिए गए टर्म लोन पर हर साल 3 फीसदी की ब्याज छूट दी जाएगी. इसके लिए सरकार ने 859 करोड़ का खास बजट तय किया है।

हरदीप सिंह पुरी को भाजपा ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाया

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को एक बार फिर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पुरी को मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। इससे उनके मोदी कैबिनेट में बने रहने का रास्ता भी साफ हो गया है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उप-चुनाव 2026 के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। मध्य प्रदेश से हरदीप सिंह पुरी को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। पुरी फिलहाल केंद्र सरकार में पेट्रोलियम मंत्री हैं। कुछ समय पहले हुए विभिन्न राज्यों के चुनाव में उनको उम्मीदवार नहीं बनाया गया था, जिसके बाद अटकलें लगने लगी थीं कि क्या पुरी को कैबिनेट से हटाया जा सकता है ? अगर पार्टी उन्हें फिर से राज्यसभा नहीं भेजती तो वह मंत्री भी नहीं रह सकते थे। कई दिनों से मोदी सरकार में कैबिनेट विस्तार की भी अटकलें लग रही हैं। ऐसे में अब जब पार्टी ने पुरी को राज्यसभा उम्मदीवार बना दिया है तो अटकलें हैं कि वे कैबिनेट में बने रह सकते हैं। मध्य प्रदेश में यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। यहां पर 12 नवंबर को उपचुनाव होने वाला है। नॉमिनेशन दाखिल करने की आखिरी तारीख दो नवंबर रखी गई है। पुरी मोदी कैबिनेट में इकलौते सिख मंत्री हैं। वे पिछली बार उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए थे। उनका मौजूदा राज्यसभा का कार्यकाल नवंबर में खत्म हो रहा है। इससे पहले जब भाजपा ने यूपी में हुए राज्यसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी तब उसमें हरदीप पुरी का नाम नहीं था।

पीएनबी में 35 करोड़ की हेराफेरी

नयी दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ऐच्छर गांव स्थित शाखा में खाताधारकों की करीब 35 करोड़ रुपये की रकम में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बैंक के कर्मचारियों ने कई खाताधारकों की एफडी समय से पहले तोड़कर रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दी। कई लोगों ने खातों से रकम गायब होने और एफडी खत्म होने की शिकायत की है। कई पीड़ितों ने सेविंग अकाउंट से रकम गायब होने की बात कही है। मामले की जानकारी फैलने के बाद आसपास के गांवों के कई खाताधारक बैंक पहुंच गए। पीएनबी बैंक में 35 करोड़ से अधिक की हेराफेरी के खिलाफ किसान मजदूर संगठन ने पीड़ितों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। एफआईआर करने के साथ पैसा वापस आने तक धरना देने की चेतावनी दी। एक खाताधारक ने बताया कि उनकी मां संतोष के बैंक खाते में 1.18 करोड़ रुपये थे। लेकिन अब उनके खाते में जीरो बैलेंस है। बैंक वालों ने आश्वासन दिया है कि उनके पैसे वापस आ जाएंगे। वहीं एक अन्य पीड़ित ने कहा कि उनके खाते में 1 लाख 38 हजार रुपये बैलेंस था, लेकिन अब उनके खाते में पैसे नहीं हैं। वहीं एक किसान संगठन का आरोप है कि 130 से 150 करोड़ के बीच का गबन किया गया है।



हिंद-प्रशांत में शांति के लिए भारत और अमेरिका एकजुट

मनीला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-अमेरिका के रक्षा संबंधों की समीक्षा करने और उन्हें आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 28 अक्टूबर को अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ वार्ता की. यह बैठक फिलीपीन के सेबू में एक बहुपक्षीय सम्मेलन से इतर हुई. सिंह और हेगसेथ 'आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग प्लस' (एडीएमएम-प्लस) में शामिल होने के लिए सेबू में हैं। 'एडीएमएम-प्लस' 11 सदस्यीय आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) और उसके आठ संवाद साझेदारों ङ्क भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, रूस और अमेरिका का मंच है. सिंह और हेगसेथ के बीच हुई वार्ता में मुख्य रूप से द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर संभवतः ध्यान केंद्रित किया गया. यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप पर पिछले साल 31 अक्टूबर को राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने दस्तखत किए थे। भारत और अमेरिका के बीच हुआ ये सुरक्षा समझौता 10 सालों का है। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2005 से 2015 तक के लिए 10 वर्षों का सुरक्षा समझौता हुआ था और इसे नये समझौते से बदला गया। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ वार के मुताबिक ये समझौता क्वाड समूह के जरिए एक स्वतंत्र, खुले और नियमों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र, समुद्री सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देता है। इस समझौते के तहत दोनों देश डिफेंस टेक्नोलॉजी और टेक्नोलॉजी के को-प्रोडक्शन के लिए तैयार हुए थे।

राहुल गांधी का जामिया दौरा रद्द

नयी दिल्ली। दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज दोपहर 2 बजे भूख हड़ताल कर रहे छात्रों से मुलाकात करने के लिए जामिया जाने वाले थे। छात्र मुख्य रूप से जामिया मिलिया इस्लामिया छात्र संघ को तत्काल बहाल करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपने दौरे का यह प्लान रद्द कर दिया है। छात्र संघ 18 साल से भी ज्यादा समय से बंद या निलंबित है. इसकी वजह से छात्रों के पास अपनी समस्याएं उठाने, गतिविधियां आयोजित करने और विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने अपनी बात रखने के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुना गया प्रतिनिधि मंच नहीं है। प्रदर्शन की ताजा लहर यूनिवर्सिटी की तरफ से छात्र संघ के नए संविधान का मसौदा तैयार करने के फैसले के बाद शुरू हुई।

पासपोर्ट वेरिफिकेशन रिपोर्ट में आपराधिक कार्यवाही की मौजूदा स्थिति का उल्लेख होना चाहिए : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि पासपोर्ट आवेदनों के लिए दी जाने वाली पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट में आपराधिक कार्यवाही की मौजूदा स्थिति की जानकारी दी जाए। इसमें यह भी शामिल होना चाहिए कि अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई या नहीं और अदालत ने मामले का संज्ञान लिया है या नहीं। न्यायमूर्ति अजीत कुमार एवं न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने सुरेश यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी केवल केस क्राइम नंबर का उल्लेख करके या किसी व्यक्ति के खिलाफ दाखिल चार्जशीट का विवरण देकर अपना काम पूरा नहीं मान सकते। कोर्ट ने यूपी के डीजीपी को निर्देश दिया कि पुलिस वेरिफिकेशन फॉर्म में जरूरी विवरण शामिल करें और रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से अनुपालन हलफनामा दाखिल करें। इस मामले को इसी उद्देश्य के लिए चार नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया। याची ने अपना पासपोर्ट फिर से जारी करने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले से जुड़ी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट के कारण उनका आवेदन गत 12 मई से लंबित था। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच के बाद पुलिस ने याची के संबंध में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। यह भी बताया गया कि सह अभियुक्त राम ध्यान के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। साथ ही पुष्टि की गई कि याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को याची के शैक्षणिक रिकॉर्ड, जन्म तिथि, नाम और अन्य विवरणों की जांच करने के बाद लंबित आवेदन पर निर्णय लेना चाहिए।कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरण को आदेश दिया कि इस आदेश की प्रमाणित प्रति पेश किए जाने के छह सप्ताह के भीतर आवेदन का निस्तारण किया जाए। कोर्ट ने सटीक पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि हर पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट में पुलिस अधिकारी केवल केस क्राइम नंबर या अदालत में दाखिल चार्जशीट का विवरण देकर अपना काम पूरा नहीं मान सकते। रिपोर्ट में यह स्पष्ट होना चाहिए कि पासपोर्ट आवेदक के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई है।



स्पेन में दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर में 46 की मौत

स्पेन। यूरोप के एक महत्वपूर्ण देश स्पेन से बुधवार को दिल दहला देने वाले हादसे की खबर सामने आई है। सामने आई जानकारी के अनुसार, मैड्रिड के दक्षिण क्षेत्र में दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर हो गई जिससे बड़ी तबाही मची है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हादसे में अब तक 46 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। डराने वाली बात ये भी है कि इस हादसे में मृतकों का आंकड़ा और ज्यादा बढ़ सकता है। आइए जानते हैं कि इस हादसे के बारे में अब तक क्या जानकारी सामने आई है। आपको बता दें कि ये हादसा मुख्य तौर पर स्पेन के टोलेडो के पास हुआ है। पहले क्षेत्रीय सरकार ने कहा था कि कम से कम 10 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, ये भी चेतावनी दी गई थी कि हो सकता है कि मृतकों की यह संख्या और ज्यादा बढ़ जाए। इसके कुछ देर बाद जानकारी सामने आई है कि मृतकों का आंकड़ा 46 तक चला गया है। क्षेत्रीय सरकार की प्रवक्ता ने मीडिया को बताया है कि हमें जो जानकारी मिल रही है, वह बिल्कुल भी अच्छी नहीं है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने इस दर्दनाक रेल हादसे को लेकर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस हादसे के बारे में जानकारी मिलने के बाद शॉक में हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक हैंडल पर कहा- टोलेडो में हुए इस गंभीर ट्रेन हादसे से मैं स्तब्ध हूं। मैं परिवहन मंत्री और कैस्टिला-ला मांचा के अध्यक्ष के लगातार संपर्क में हूं। इमरजेंसी सेवाएं पीड़ित लोगों की मदद करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, संबंधित सभी प्रशासनिक इकाइयों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। मेरी संवेदनाएं, एकजुटता और समर्थन सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। आपको बता दें कि स्पेन के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क पर इस साल दूसरी टक्कर की घटना सामने आई है।

चक्रवात 'अर्नब' की वजह से मौसम ने लिया यू टर्न

नयी दिल्ली। पूरे भारत में मौसम ने अचानक ऐसी करवट ली है कि कहीं समुद्र उफान मार रहा है, तो कहीं बारिश और ठंडी हवाओं के बीच सर्दी का एहसास बढ़ने वाला है। तो कहीं बेमौसम ओले पड़ गए। चक्रवात अर्नब के प्रभाव से ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में तेज हवाओं और भारी बारिश का दौर जारी है। गोपालपुर में मूसलाधार बारिश, विशाखापट्टनम में समुद्र की ऊंची लहरें और यानम में सड़कों पर गिरे पेड़ तूफान की ताकत दिखा रहे हैं। वहीं, उत्तर भारत में भी मौसम बदलने के संकेत हैं। इसके साथ ही, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में बारिश और गरज-चमक से तापमान में गिरावट आ सकती है। दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में 29-30 अक्टूबर को ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। पहाड़ी इलाकों में बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, उत्तर भारत के मौसम में बदलाव के पीछे चक्रवात के साथ एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की भूमिका भी है। यानी एक तरफ पूर्वी तट तूफान से जूझ रहा है, तो दूसरी तरफ उत्तर भारत में ठंड बढ़ने और मौसम बिगड़ने के आसार हैं। तो आइए इन 10 तस्वीरों से देखें पूरे अर्नब साइक्लोन का असर...जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 28 से 30 अक्टूबर, उत्तराखंड में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर और हिमाचल प्रदेश में 29 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। दूसरी ओर, चक्रवात से जुड़े वेदर सिस्टम के प्रभाव में तेलंगाना, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भी आशंका है। इस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कहीं तूफान, कहीं बारिश और कहीं ठंड बढ़ने के संकेत हैं। आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में तेज हवाओं और भारी बारिश से मौसम खराब है। वहीं, ओडिशा के बालासोर स्थित उदयपुर बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। पूर्वी तट पर अलग-अलग जगहों के इन हालातों से हम समझ सकते हैं कि चक्रवात का असर केवल एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं है। इसी बीच लोग इन लहरों में भी जिंदगी का लुत्फ ले रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में चक्रवात अर्नब के असर से तेज हवाएं चल रही हैं और भारी बारिश हो रही है। तूफान के कारण इलाके में मौसम काफी बिगड़ गया है। इसी बीच लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी भी आराम के साथ जीने की कोशिश कर रहे हैं।



सजना है मुझे सजना के लिए.......

बरेली(आज समाचार सेवा)। करवाचौथ के पावन पर्व पर अग्रवाल सेवा समिति ने महाराजा अग्रसेन पार्क में मेहंदी कार्यक्रम आयोजित किया। एक उम्मीद संस्था की लड़कियों ने महिलाओ के हाथों पर सुंदर मेहंदी रचाई, जिससे कार्यक्रम में उल्लास और सौहार्द का माहौल बना रहा। करवाचौथ के पर्व पर मेहंदी लगवाने को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। करवाचौथ के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम भी इसी दिशा में एक सराहनीय पहल रहा। संस्था के महामंत्री राजीव बूबना ने बताया कि पांच नवम्बर को अग्रवाल सेवा समिति द्वारा दिवाली मेला एवं भव्य दीपावली पूजन का आयोजन अग्रसेन पार्क में किया जाएगा। इस मौके पर अग्रवाल सेवा समिति (रजि.), बरेली की अध्यक्ष प्रेमशंकर अग्रवाल, महामंत्री राजीव बूबना, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, एक उम्मीद संस्था की अध्यक्ष अमिता अग्रवाल अग्रवाल सेवा समिति की महिला विंग अध्यक्ष डॉ. नूपुर गोयल, मनीषा बूबना, रीती मित्तल, सुरभि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, रूचि अग्रवाल, ममता गर्ग, राजीव अग्रवाल मिश्री वाले रमेश चंद्र अमरनाथ अग्रवाल। सौरभ अग्रवाल। क्या संजय जी शरद गर्ग मोनू, उमेश अग्रवाल, सुमित गोयल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने सभी को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

करवा चौथ आज



खुब बिकी जलेबी

आनन्द आश्रम :श्री राम कथा हनुमान जी का जीवन है :पंडित बृजेश पाठक

बरेली(आज समाचार सेवा)। रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा राम कथा हनुमान जी महाराज का जीवन है उनके प्राण है! राम कथा श्रवण करने के लिए ही उन्होंने जीवन धारण किया है ,इसीलिए जब श्री राम परमधाम जाने लगे उन्होंने भगवान राम से यही वरदान मांगा जब तक इस पृथ्वी पर आपकी कथा रहे तब तक मेरे शरीर में प्राण रहे और जब तक मेरे शरीर में प्राण रहे मैं निरंतर आपकी कथा श्रवण करता रहूं! हनुमान जी का राम कथा प्रेम पराकाष्ठा को प्राप्त है !वह प्रभु राम को छोड़ सकते हैं लेकिन प्रभु राम की कथा नहीं छोड़ सकते !इसीलिए वह प्रभु राम के साथ परमधाम ना जाकर यही पृथ्वी पर रह गए ! जहां-जहां प्रभु राम की कथा होती है हनुमान जी वहां वहां विराजमान रहते हैं !वह राम कथा के अपूर्व श्रोताहै साथ ही सर्वश्रेष्ठ कथावाचक भी है ,इसलिए हनुमान जी जिस जिसके पास जाते हैं उसे श्री राम कथा सुनाते हैं! रामायण में सुग्रीव जी विभीषण जी सीता जी भारत जी जिससे भी हनुमान जी मिले उसे श्री राम कथा सुनाई श्री राम कथा सुनना और सुनाना हनुमान जी को बहुत प्रिय है! जो भक्त हनुमान जी को प्रसन्न करना चाहते हैं उन्हें राम कथा श्रवण अवश्य करना चाहिए !हनुमान जी महाराज राम कथा के रसिया हैं !

सथरापुर में 500 टीपीडी एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का भव्य शुभारम्भ

बरेली(आज समाचार सेवा)। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत शहरी विकास की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते



हुए सथरापुर स्थित 500 टन प्रतिदिन क्षमता वाले एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का भव्य शुभारंभ किया। केंद्र का उद्घाटन पर्यावरण एवं वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, उपसभापति पूनम राठौर तथा नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य द्वारा संयुक्त रूप से बटन दबाकर किया गया।आधुनिक तकनीक पर आधारित यह केंद्र बरेली में ताजे नगरीय ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रसंस्करण, उपयोगी संसाधनों की पुनर्प्राप्ति और अवशिष्ट के उचित निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उक्त प्लांट के संचालन की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था पाथ्या को 15 वर्षों के लिए दिया गया है. शुभारंभ समारोह का प्रारंभ कस्तूरबा इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत गीत से हुआ। इसके उपरांत पारंपरिक हवन आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास के प्रति सामूहिक संकल्प का संदेश दिया गया।समारोह के दौरान परिसर में पर्यावरण-अनुकूल रंगोली के माध्यम से स्वच्छता एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया गया। चार-धारा अपशिष्ट पृथक्करण, गीले एवं सूखे कचरे के उचित प्रबंधन तथा स्वच्छता के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया गया।इसके पश्चात कार्यदायी संस्था पाथ्या के प्रतिनिधियों द्वारा पावरपॉइंट प्रस्तुति कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।सथरापुर स्थित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र को ताजे नगरीय ठोस अपशिष्ट के व्यवस्थित प्रसंस्करण के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इसकी तकनीकी व्यवस्था विभिन्न आकारों और प्रकृति वाले अपशिष्ट अंशों को अलग करने, जैविक सामग्री के प्रसंस्करण तथा पुनर्चक्रण योग्य संसाधनों की पुनर्प्राप्ति पर केंद्रित है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि 500 टन प्रतिदिन की निर्धारित क्षमता: प्रतिदिन अधिकतम 500 मीट्रिक टन तक ताजे नगरीय ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए निर्धारित क्षमता।चार स्तरों पर ट्रॉमेल स्क्रीनिंग: 110 मिमी, 50 मिमी, 16 मिमी तथा 6/4 मिमी स्क्रीन के माध्यम से विभिन्न आकार के अपशिष्ट अंशों का पृथक्करण।संसाधन पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्चक्रण: उपयोगी और पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को अलग कर उसके पुन: उपयोग की संभावनाओं को बढ़ावा देना है।सथरापुर स्थित 500 टीपीडी केंद्र का प्रभावी संचालन शहर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र को अधिक व्यवस्थित, संसाधन-केंद्रित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने में सहायक होगा।.बाकरगंज क्षेत्र के नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार: शहर के मध्य स्थित बाकरगंज क्षेत्र में पहले कचरा प्रसंस्करण से जुड़ी गतिविधियों के कारण स्थानीय नागरिकों को जिन पर्यावरणीय एवं स्वच्छता संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था, उन्हें कम करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। भविष्य में बढ़ने वाले कचरे के प्रबंधन की तैयारी: शहर की आबादी, शहरीकरण और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के साथ भविष्य में ठोस अपशिष्ट की मात्रा बढ़ने की संभावना है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्यदायी संस्था पाथ्या भविष्य में बढ़ने वाली कचरे की मात्रा के अनुरूप आवश्यक तकनीकी एवं परिचालन सुविधाएँ उपलब्ध कराने, प्रसंस्करण व्यवस्था को मजबूत करने तथा ठोस अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ विकसित करने की दिशा में जिम्मेदार होगी। इस दौरान नगर निगम के पार्षद ,अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, महाप्रबंधक, जल विभागमनोज आर्य, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव , उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी, पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी , पशु चिकित्सा अधिकारी हरपाल सिंह, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी सतीश चौधरी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

कूड़ा निस्तारण के साथ स्वच्छ, सुंदर व सतत बरेली की ओर बड़ा कदम







न्यूज अपडेट

विद्यालयों में नामित नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

बरेली(आज समाचार सेवा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों तथा जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय सभागार, बरेली में 'संविधान संवाद' एक संवैधानिक साक्षरता अभियान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु विभिन्न विद्यालयों के लिए नामित नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, उन्हें संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देना तथा संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक आदर्शों और विधि के शासन के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारियों को अभियान के उद्देश्यों, मानक संचालन प्रक्रिया, विद्यालय स्तर पर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संदीप कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक), बरेली द्वारा भारतीय संविधान पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में जया प्रियदर्शिनी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा 'संविधान संवाद' अभियान की मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, बालेश कुमार मिश्रा, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, बरेली द्वारा बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों एवं कानूनी प्रावधानों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, संरक्षण तथा बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

परमहंसाश्रम मंदिर का रास्ता बंद, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

आंवला (आज ब्यूरो)। आंवला तहसील में भारतीय किसान यूनियन (शंकर) और ग्रामीणों ने मंदिर का रास्ता बंद होने का विरोध किया। भाकियू उपाध्यक्ष प्रताप सिंह ने बुधवार सुबह करीब दस बजे बताया कि ग्रामीणों ने तहसीलदार अतुल सेन सिंह को ज्ञापन सौंप रास्ता खुलवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि शिवपुरी गांव के चक नंबर 912 में 60 साल पहले 'परमहंसाश्रम मंदिर' बना था।चेतावनी दी गई कि रास्ता न खुला तो आंदोलन होगा। रमेश चंद्र शर्मा, शंकर देव मुनि परमहंस, प्रताप सिंह समेत ग्रामीण मौजूद थे।

सिंचाई विभाग के कर्मचारियों का मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन

बरेली(आज समाचार सेवा)। मिनिस्टीरियल एसोसिएशन सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा बरेली के तत्वावधान में प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को सिविल लाइंस स्थित सिंचाई विभाग परिसर में कर्मचारियों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जनपद अध्यक्ष कमलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। इसके बाद मुख्यमंत्री और जल शक्ति मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन की प्रतियां अपर मुख्य सचिव (गृह), प्रमुख सचिव (सिंचाई), प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष तथा प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, लखनऊ को भी प्रेषित की गईं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार गंगवार, मंडल मंत्री निर्भय हिंद आजाद, संगठन मंत्री विनीता सक्सेना, कोषाध्यक्ष नेत्रपाल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष परम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में दुर्गा कुमारी, राहुल कटियार, रमेश सक्सेना, दिनेश चंद्र, नेहा, दीपा जोशी, रेनूका, प्रीति, हरीश, मोहम्मद इरफान, मेराज, सुनील सक्सेना, अभिषेक सक्सेना, पंकज सक्सेना, अशोक कुमार, रानू शर्मा, शुभदीप सक्सेना, अमित कुमार, राजश्री, वीरपाल, मुनीश कुमार, मोहम्मद राशिद, आकाश सक्सेना, अटल सक्सेना, देव प्रकाश, अंकुर मिश्रा, पंकज बिष्ट, मनोज कुमारी, शशि, शमा शमीम और मोहम्मद ताहिर सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

शारिक अब्बासी बने अब्दुल राष्ट्रवादी फ्रंट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

बरेली(आज समाचार सेवा)। अब्दुल राष्ट्रवादी फ्रंट में शारिक अब्बासी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस उपलब्धि पर बरेली के चक महमूद स्थित उनके निजी कार्यालय पर स्वागत समारोह और प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान समर्थकों और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत कर नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शारिक अब्बासी ने समाज की राजनीतिक भागीदारी और सम्मान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने दो टूक कहा, 'अब्दुल अब दरी नहीं बिछाएगा, कुर्सी पर बैठेगा। अब्दुल को सम्मान चाहिए और बराबरी का अधिकार भी।' कार्यक्रम में शफाअत उल्ला, उस्मान खान, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद हसीब अंसारी, नाजिम अली, अरमान अब्बासी, रिजवान, मोहम्मद इरशाद, रिसाल, साजिद बेग, नूरुद्दीन और जुबेर खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शारिक अब्बासी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

दो गांवों के घरों में लाखों के सामान की चोरी

मीरगंज (आज ब्यूरो)। मंगलवार रात चोरों ने दो अलग-अलग गांव पैगानगरी और रसूलपुर के कई घरों को निशाना बनाया।और लाखों की कीमत के सामान की चोरी कर फरार हो गए। दोनों गांव में घटित चोरी घटनाओं की शिकायत पुलिस से की गई है। पैगानगरी गांव निवासी पीड़ित अशोक कुमार के मुताबिक, चोर उनके घर से सोने की चेन, मंगलसूत्र, झुमके, पांच चांदी की अंगूठी, चांदी की पायल और 30 हजार रुपये नकद ले गए। इसी गांव में राजू सागर के घर से चोर एक बक्सा व अन्य सामान उठा ले गए। दुर्गाप्रसाद के घर से चार हजार रुपये नकद, एक जोड़ी पायल और एक जोड़ी कुंडल चोरी होने की जानकारी सामने आई है।चोरों ने पड़ोसी रसूलपुर गांव में भी एक घर को निशाना बनाया। ग्रामीणों के मुताबिक, वहां से नकदी समेत करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है।

सफाई कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने पर विचार करेगी सरकार से : डॉ. सुषमा गोड़ियाल

बरेली(आज समाचार सेवा)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा गोड़ियाल ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और इलाज के बारे में जानकारी ली। साथ ही दवाओं की उपलब्धता और उपचार की स्थिति के संबंध में एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुषमा गोड़ियाल ने जिला अस्पताल के जर्जर भवनों की उचित मरम्मत कराने और परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने अस्पताल में तैनात संविदा स्टाफ नर्सों के वेतन का भुगतान नहीं होने का मामला भी संज्ञान में लिया। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्या के समाधान के लिए शासन को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई कराई जाएगी। निरीक्षण के समय सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह और महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. टी. प्रसाद सहित अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान आकाश पुष्कर, अमरीश कठेरिया, ऋषिपाल कठेरिया बंटी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही,लाईन हाजिर

बरेली(आज समाचार सेवा) पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों तथा आईजीआरएस/शिकायत प्रकोष्ठ कर्मियों के साथ शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा से पाया गया कि माह अगस्त के सापेक्ष माह सितम्बर में थाना विशारतगंज में 43 प्रार्थना पत्रों की तुलना में 63 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जो 46 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार थाना शेरगढ़ में 66 प्रार्थना पत्रों की तुलना में 86 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जो 30 प्रतिशत अधिक हैं। शेरगढ़ थाने में विगत 16 महीने के औसत में भी 24 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई।सर्वाधिक बढ़ौत्तरी जनपद के इन्हीं 02 थानों (विशारतगंज एवं शेरगढ़) में पाई गई। जिसके दृष्टिगत प्र भारी निरीक्षक विशारतगंज एवं प्रभारी निरीक्षक शेरगढ़ को थाना प्रभारी पद से प्रत्यावर्तित करते हुए तत्काल प्रभाव से रिजर्व पुलिस लाईन स्थानान्तरित किया गया है।

मुठभेड़ में दबोचा 25 हजार का इनामी फरार बंदी सचिन ठाकुर

बरेली(आज समाचार सेवा)। जिला न्यायालय में पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी सचिन सिंह ठाकुर को कोतवाली पुलिस ने बुधवार तड़के पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, 28 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 3:40 बजे रेलवे नाथा कॉलोनी चौकी क्षेत्र में स्टेशन रोड के पास आरोपी को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की और भागने का प्रयास किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन और एसपी सिटी चिराग जैन के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के बाद से ही उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। अधिकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था पुलिस के अनुसार, 28 अक्टूबर की रात चेकिंग के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा में फरार



हुआ सचिन सिंह ठाकुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे नाथा कॉलोनी क्षेत्र में मौजूद है। सूचना में उसके पास अवैध हथियार होने की बात भी बताई गई। इसके बाद कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने कथित तौर पर भागने का प्रयास किया और गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लियापुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद करने की जानकारी दी है। मुठभेड़ के संबंध में कोतवाली थाने में मुकदमा अपराध संख्या 538/2026 के तहत बीएनएस की धारा 109(1) और आयुध अधिनियम की धाराओं 3/25/27 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा और उनकी टीम के साथ उपनिरीक्षक अनूप सिंह, विक्रांत तोमर, रोहित तोमर, शिवम तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बरामद हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की।

मोबाइल बरामदगी में बरेली पुलिस का प्रदेश में डंका,सीईआईआर पोर्टल पर हासिल किया पहला स्थान

थाना प्रेमनगर, इज्जतनगर सुभाषनगर, भमोरा कोतवाली की टॉप परफामेंस

बरेली(आज समाचार सेवा)। गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की तलाश कर उन्हें उनके मालिकों तक पहुंचाने के मामले में बरेली पुलिस ने उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। दूरसंचार विभाग के सीईआईआर (ष्टश्वढ्ढक्र) पोर्टल से जुड़े आंकड़ों के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बरेली पुलिस का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। इस उपलब्धि पर बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 को लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में बरेली के नामित सीईआईआर नोडल अधिकारी मनीष चन्द्र सोनकर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस की इस सफलता को तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल और साइबर सेल की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी रैंकिंग के अनुसार, 31 मार्च 2026 तक बरेली पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन से संबंधित कुल 7,508 ट्रेसेबिलिटी अनुरोधों पर कार्रवाई की। इनमें से 5,099 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता मिली। उपलब्ध आंकड़ों में बरेली पुलिस का स्कोर 77.54 दर्ज किया गया, जिसके आधार पर जनपद ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया।बरेली पुलिस की इस उपलब्धि के लिए जनपद के नामित सीईआईआर नोडल अधिकारी मनीष चन्द्र सोनकर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मान के माध्यम से मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए किए गए प्रयासों और तकनीकी व्यवस्था के प्रभावी उपयोग की सराहना की गई।बरेली पुलिस की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जनपदीय साइबर सेल के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने पूरी टीम को बधाई देते हुए आमजन की सहायता, सुरक्षा और गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए इसी तत्परता, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहने के निर्देश दिएइस सफलता से उन लोगों को राहत मिलने की उम्मीद मजबूत होती है, जिनके मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाते हैं।

साइवर ठगो ने दो बैक खातो से उढाए 1.59 लाख

बहेडी(आज ब्यूरो)। साइबर ठगो द्वारा एक युवक के दो बैंक खातो से 1 लाख 59 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीडित की शिकायत पर थाना पुलिस ने अज्ञात ठगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम टियूली निवासी अभिषेक राठौर पुत्र राम बहादूर ने बीती 27 अक्तूबर को थाना बहेडी तहरीर दी। आरोप है कि एसबीआई की बहेडी शाखा और पीएनबी की बहेडी शाखा मे उनके खातो को हैक कर रकम ट्रासफर की गई और निकाल ली गई।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 62/2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : लोको शेड इज्जतनगर के स्टोर डिपो में बाउंड्री वॉल के साथ स्टोर (साइज 21.5x10.5x5.5 मीटर) का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 84,90,187.26, बयाना राशि रूपयों में : रू. 1,69,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 19.11.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे। मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), मुजाधि/डब्लू - 392 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।

ईमानदारी जीवन की सबसे बड़ी पूंजी: सत्यजित प्रधान

आंवला (आज ब्यूरो)। इफको आंवला इकाई में शपथ ग्रहण समारोह और विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के साथ सतर्कता जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारंभ हो गया है। इस अभियान के अंतर्गत नई अपनाने का आह्वान किया। तकनीकी विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद अधिकारियों के लिए एक ज्ञानवर्धक



दिल्ली स्थित इफको मुख्यालय से प्रबंध निदेशक (एमडी) के. जे. पटेल ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर इफको परिवार के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई। इसके उपरांत आंवला इकाई में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ महाप्रबन्धक सत्यजित प्रधान ने सत्यनिष्ठा पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने कार्यक्षेत्र के साथ-साथ निजी जीवन में भी शुचिता, पारदर्शिता और सतर्कता प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रोडक्शन मीटिंग के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के लिए सतर्कता विषय पर एक विशेष सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सतर्कता अनुभाग द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों को लेकर पूरे संयंत्र परिसर में भारी उत्साह देखा जा रहा है। संयंत्र में कार्य करने वाले लोगों के लिए एक विशेष 'संविदाकार गोष्ठी' का आयोजन भी किया गया, इसी क्रम में संयंत्र कैंटीन के सभागार में एक 'वेंडर मीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बैठक में वरिष्ठ महाप्रबंधक सत्यजित प्रधान सहित आर. के. शर्मा, मुकेश खेतान, हीरा लाल यादव, अरविंद कुमार, के. एन. मिश्रा, अनुपम उपाध्याय, अरुण कुमार, कृष्ण कुमार, मूर्ति और सतर्कता अधिकारी अजय बाजपेयी समेत बड़ी संख्या में अधिकारी एवं इफको कर्मी उपस्थित रहे।

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 23 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50
द पैराडाइज

छात्राओं को दी पाक्सो एक्ट की जानकारी

आंवला (आज ब्यूरो)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कानूनी जागरूकता शिविर लगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली की सचिव जया प्रदर्शनी की देखरेख में यह शिविर 'सुरक्षित बचपन अभियान 2026' विषय पर था। मुंसिफ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय कुणाल भास्कर ने कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने छात्राओं को कानूनी अधिकार, व्यक्तिगत सुरक्षा और पाक्सो एक्ट की जानकारी दी। मुश्किल हालात में कानून की मदद लेने को कहा। शिविर में बच्चों को 'गुड टच और बैड टच' का अंतर समझाया गया। असुरक्षित व्यवहार पहचानने और आवाज उठाने के तरीके बताए गए। सरकार की बच्चों के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी भी मिली।छात्राओं को बताया गया कि वे मुश्किल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मदद ले सकती हैं। एन ए एल एस ए का टोल-फ्री नंबर 15100 और डायल 112 के बारे में भी बताया गया। प्रधानाचार्य सुमन कुमारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और पीएलबी अवनेश कुमार मौजूद थे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

गौकशी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला के विशारतगंज थाने की पुलिस ने गौकशी मामले में वांछित सब्बू (40) को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। मुखबिर की सूचना पर मझगवां-भिंडौरा रोड से रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर सब्बू पुत्र असगर उर्फ अजगर कुरैशी को दबोचा गया। उसे अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। सब्बू अलीगंज का रहने वाला है और उस पर पहले से कई आपराधिक केस दर्ज हैं।सब्बू गौवध निवारण अधिनियम के एक पुराने केस में वांछित था। उस पर आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत नया मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक, सब्बू का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है; उस पर 2006 से गौकशी, पशु क्रूरता और गैंगस्टर एक्ट के कई केस दर्ज हैं। उसे कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

मनोहर सिंह पटेल को पीडीए पंचायत में सिक्कों से तोला

मीरगंज (आज ब्यूरो)। मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करमपुर में ग्रामवासियों द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मनोहर पटेल को ग्राम वासियों द्वारा सिक्कों से तौल कर सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान , व्यापारी एवं छात्रों के हित में सरकार बदलना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में आंबेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर, सिंटू पाठक,रामवीर दिवाकर, धर्मवीर शर्मा, विक्की पटेल, रवि पटेल, सत्य प्रकाश पटेल, आदेश गंगवार, रमेश यादव,हर्षित पटेल, परविंदर दिवाकर, अमित पटेल, सचिन पटेल, तुलाराम राजपूत, वीरेंद्र सिंह गंगवार, अतर सिंह यादव, अनिकेत कुर्मी, नरेश गंगवार, नरेंद्र गंगवार, हरपाल सिंह, हरीश कुमार गंगवार, आदेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

हलचल

जेई के साथ हुई मारपीट के बाद कई बकाएदारो के कनेक्शन काटे

नवाबगंज । बकाया वसूली व चेकिंग अभियान के दौरान विद्युत के जेई के साथ हुई मारपीट के बाद विभागीय अधिकारियों ने विद्युत टीम व पुलिस के साथ ग्राम बरौर में बकाएदारो के विरुद्ध अभियान चलाकर 35 कनेक्शन काटने के साथ ही कई संदिग्ध मीटर बदल दिए । इसके अलावा 4 के विरुद्ध विद्युत चोरी व 3 बड़े बकाएदारों के विरुद्ध रिपोर्ट करा दो । दो लाख 32 हजार की बकाया भी वसूली ।एसडीओ राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस काम्बिंग अभियान में इंस्पेक्टर विजीलेन्स साहब सिंह व जेई वीरू सिंह के अलावा अवर अभियन्ता मोहित कुमार व बाबूलाल के साथ ही पुलिस बल भी मौजूद रहा । वहीं पुलिस ने छापेमारी कर जेई बाबूलाल के साथ मारपीट करने वाले चारों आरोपियों प्रेमसागर के पुत्रों अर्पित व पंकज , वीरेन्द्र कुमार के पुत्र सचिन व अबरार के पुत्र शाहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

जंगल से जानवरों के लिए चारा लेने गया युवक लापता

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के ग्राम गिदौली तिराहा चुराह निवासी मोहर सिंह पुत्र भूपराम का पुत्र हिमांशु उर्फ छोटू आयु 16 वर्ष २३ अक्टूबर २०२६ की सुबह 9:00 बजे घर से बोरा लेकर जंगल में जानवरों के लिए चारा लेने गया था शाम तक जब छोटू चारा लेकर घर वापस नहीं पहुंचा तो घबराकर परिजनों ने तलाश करना शुरू किया आसपास जंगल सहित रिश्तेदारियों में भी देखा मगर आज तक 7 दिन हो चुके हैं तहरीर दी गयी है।

शातिर अपराधी को किया जिला बदर, गुंडा एक्ट के तहत घर पर की मुनादी

बरेली (आज समाचार सेवा) कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अपराधियों पर सख्त है। आंवला थाना पुलिस ने मंगलवार देररात यूपी गुंडा एक्ट के तहत एक शातिर अपराधी को जिला बदर किया। ढोल-नगाड़े बजाकर उसके घर पर मुनादी कराई गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) बरेली ने शानू दीक्षित (पुत्र मुकेश दीक्षित, मोहल्ला पक्का कटरा, आंवला) के खिलाफ जिला बदर का आदेश दिया था। पुलिस टीम ने उसके इलाके में मुनादी कराकर उसे बरेली जिले की सीमा से बाहर छोड़ दिया। पुलिस ने शानू दीक्षित को चेतावनी दी है कि बिना अनुमति जिले में घुसने पर सख्त कार्रवाई होगी। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसे कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में एसआई उज्ज्वल गंभीर, एसआई राजेश कुमार रावत, कांस्टेबल पवन कुमार और कांस्टेबल सोनू कुमार शामिल थे। पुलिस ने कहा कि समाज विरोधी तत्वों पर ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।



पूर्व महापौर-विधायक कुंवर सुभाष पटेल को दी श्रद्धांजलि

बरेली (आज समाचार सेवा)। अखिल भारतीय मेयर काउंसिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे पूर्व महापौर तथा पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के बरेली में फाउंडर कहे जाने वाले कुंवर सुभाष पटेल की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके निवास कुंवर भवन पर शहर के हजारों नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की सुबह 10:00 बजे से ही उनके घर पर आने वालों की भीड़ लगी रही. उनके चित्र के समक्ष यज्ञ आहूत किया गया जिसमें उनके परिवारी जन उनकी धर्मपत्नी आर्यन पटेल सीमांत पटेल गोपाल प्रशांत पटेल माला पटेल जिला पंचायत प्रशासक रश्मि पटेल रेनू पटेल कार्तिक पटेल विक्रांत पटेल आदि की उपस्थिति विशेष रूप से रही शहर के प्रमुख नागरिक राज्यसभा सांसद एवं झारखंड राज्यपाल की पुत्री श्रुति गंगवार. प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ अरुण कुमार महापौर डॉक्टर उमेश गौतम विधायक डॉक्टर एमपी आर्य डॉक्टर डीसी वर्मा डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा ब्रज प्रांत के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गंगवार शिक्षक नेता राहुल यदुवंशी पूर्वी महासभा के अध्यक्ष केपी सेन महामंत्री जीएस गंगवार चिरंजी लाल गंगवार हरीश गंगवार ब्लॉक प्रमुख गोपाल गंगवार भूपेंद्र कुर्मी अरविंद चौहान सहित सभी प्रमुख राजनेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अयांश विरमानी की घातक गेंदबाजी से जीपीएम कॉलेज सेमीफाइनल में

बरेली (आज समाचार सेवा)। अल्मा मातेर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में पूरी टीम 62 रन पर ऑल आउट हो गए अयांश विरमानी की घातक गेंदबाजी के आगे पूरी टीम टिक नहीं सखी ओर पूरी टीम 62 रन पर ऑल आउट हो गाये साथ मै अर्पित शर्मा ने 2 ओर गर्व राज ने 3 विकेट लिये जवाब में जी पी म: कॉलेज ने दो विकेट होकर लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें गर्व राज 26, जयंत तोमर 23, रनों का योगदान दिया। आईएसए क्रिकेट टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फ़ाइनल मैच में जीपीएम कॉलेज ने अल्मा मातेर स्कूल को शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से हराया। यह मुकाबला केपीएस स्कूल के ग्राउंड में खेला गया। अयांश विरवानी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के सफल आयोजन में अंपायर जितेंद्र एवं पिंटू चौधरी, सरफराज, इंद्रजीत , जीपीएम कॉलेज की प्रधानाचार्या सीमा कपूर एवं सीईओ अपर्णा शर्मा, हरविंदर सबरवाल ने हार्दिक बधाई एवं आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी। कल सुबह 8.30 जीपीएम कॉलेज ओर कृष्णा पब्लिक स्कूल का सेमीफाइनल खेला जाएगा।



कम्पोजिट विद्यालय जोगीठेर में विद्यार्थियों को ई वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के प्रति किया जागरूक

बरेली (आज समाचार सेवा)। पर्यावरण संरक्षण और इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) के सुरक्षित निस्तारण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद बरेली के क्यारा ब्लॉक स्थित कम्पोजिट विद्यालय जोगीठेर में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को ई-वेस्ट के उचित संग्रहण, पुनर्चक्रण और सुरक्षित निस्तारण के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. लाल बहादुर गंगवार ने विद्यार्थियों को ई-वेस्ट से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खराब या अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कूड़े में फेंकने के बजाय एकत्रित कर अधिकृत रिसाइक्लर के माध्यम से उनका उचित निस्तारण करना चाहिए। इससे पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान प्रार्थना सभा में ई-वेस्ट से संबंधित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्हें इलेक्ट्रॉनिक कचरे के जिम्मेदारीपूर्वक संग्रहण और निस्तारण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और उन्हें स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह गतिविधि 'इको क्लब फॉर मिशन लाइफ' पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से संचालित की गई। गतिविधि से संबंधित तीन स्पष्ट तस्वीरें भी अपलोड की गईं। तस्वीरों में ई-वेस्ट संबंधी संदेशों वाले बैनर के साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर मोहन सिंह, गौरव गंगवार, आकांक्षा रावत, चरन सिंह तथा पंडित अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे।



8वें वेतन आयोग के समक्ष रेलवे कर्मचारियों की मांगें रखने को एआईआरएफ की महत्वपूर्ण बैठक 28 को


बरेली (आज समाचार सेवा)। एन ई रेलवे मज़दूर यूनियन इज्ज़तनगर मंडल के मीडिया प्रभारी एवं विद्युत विभाग में कार्यरत आरिफ हुसैन ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन की ओर से नई दिल्ली में आयोजित 8वें केंद्रीय वेतन आयोग से संबंधित महत्वपूर्ण बैठकों में प्रतिभाग करेंगे। नरमू के महामंत्री एवं एआईआरएफ के सहायक महामंत्री श्री बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि एआईआरएफ द्वारा 28 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के साथ प्रस्तावित वार्ता से पूर्व एक आंतरिक बैठक आयोजित की गयी। इसके पश्चात 30 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली में ही 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के साथ होने वाली बैठक में पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के विद्युत विभाग में कार्यरत एवं नरमू के मंडल मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन भी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं, वेतन विसंगतियों एवं महत्वपूर्ण मांगों पर चर्चा की जाएगी। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि इस बैठक में रेलवे कर्मचारियों के वेतनमान में सुधार, पदोन्नति के अवसर बढ़ाने, कैडर पुनर्गठन, एमएसीपी संबंधी विसंगतियों के निराकरण, तकनीकी एवं जोखिम भत्तों तथा कर्मचारियों से जुड़ी अन्य सेवा संबंधी समस्याओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विशेष रूप से रेलवे के आर्टिजन कर्मचारियों की पदोन्नति, वेतनमान में सुधार, जोखिमपूर्ण विद्युत कार्यों के लिए हार्डशिप अलाउंस तथा नियंत्रण कक्ष में कार्यरत सभी एलाइड कंट्रोल कर्मचारियों के लिए स्ट्रेस अलाउंस जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस बैठक के माध्यम से रेलवे कर्मचारियों की जायज मांगों को प्रभावी ढंग से 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक सुझाव रखने का प्रयास किया जाएगा।

दवाई लेने आई छात्रा अपने प्रेमी के साथ फरार

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक महाराष्ट्र में रहकर मजदूरी का काम करता है घर पर उसकी पत्नी और नाबालिग बेटी घर पर रहती है उसका ढकिया सखिया थाना बरखेड़ा जिला पीलीभीत का सतीश उसे अपनी मीठी मीठी बातों में बहला फुसला कर मेरी पुत्री को दवाई दिलाने के बहाने लेकर फरार हो गया नाबालिग पुत्री अपने साथ सोने चांदी के जेवर और 25000 नकदी अपने साथ ले गई जब घर पर उसकी पत्नी की तो उसकी पुत्री गायब थी परिवार बालों ने काफी ढूंढा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला इस पर पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी जिस पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

गौरवशाली धरोहर है बाल रामायण :डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। डॉ दीपंकर गुप्त द्वारा रचित बाल रामायण का उद्देश्य भारत के भावी कर्णधारों को चरित्रवान एवं संस्कारवान नागरिक बनाना है ताकि वे अपनी संस्कृति, सभ्यता को संरक्षित कर सकें ।उनके आदर्श चरित्र का निर्माण हो सके।



दीपंकर ने इसी उद्देश्य को लेकर उच्च आदर्शों की प्रेरक श्री राम कथा को सहज, सरल एवं सुबोध भाषा में काव्यात्मक शैली में सृजित किया है। आज हमारा भारतवर्ष पहले की अपेक्षा हर क्षेत्र में आर्थिक रूप से संपन्न है ,समर्थ है एवं आत्मनिर्भर है ।परंतु हम देखते हैं कि हम सांस्कृतिक रूप से, चारित्रिक रूप से एवं धार्मिक रूप से कहीं ना कहीं भ्रमित होते जा रहे हैं। हमें पाश्चात्य संस्कृति हर ओर से दुष्प्रभावित कर रही है । ऐसे में प्रभु श्री राम की गाथा से भारत के भावी सनातन धर्म के पहरेदारों के लिए उनमें उच्चादर्श, सच्चरित्रता एवं नैतिक मूल्यों का संचार संभव हो सके। यह बाल रामायण के माध्यम से ही संभव है। उपर्युक्त विचार आज डॉ दीपंकर ने अजय कन्या इंटर कॉलेज शिवपुरी, बरेली की बालसभा में व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानाचार्य श्रीमती अमलेश कुमारी ,सहायक अध्यापिकाएं श्रीमती पूजा मौर्य ,सुश्री दीपमाला मौर्य, सुश्री माही चंद्रा ,सुश्री सभ्या सक्सेना एवं सुश्री मोनिका मौर्य को डॉ दीपंकर ने बाल रामायण की प्रतियां भेंट कर श्री राम पटका पहनाकर सम्मानित किया ।साथ ही विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें भी बाल रामायण परिचायिका की प्रतियां प्रदान की । कार्यक्रम के अंत में श्रीमती प्रधानाचार्य ने डॉ दीपंकर गुप्त के प्रति आभार प्रकट किया।

लक्ष्मी नारायण राजयोग एवं बुधादित्य योग के साथ त्रिग्रही योग ने बनाया करक चतुर्थी को विशेष


बरेली (आज समाचार सेवा)। अष्टयोगों से सरोवर होगी करवा चौथ, शुक्रादित्य योग देगा करवा चौथ को विशेष फल चंद्र उदय रात्रि 8:04 पर हिंदू धर्म में करवा चौथ का विशेष महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु, सुखी वैवाहिक जीवन और परिवार की खुशहाली के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इसके साथ ही करवा चौथ के दिन रात के समय चंद्रमा के दर्शन और अर्घ्य देने के बाद ही व्रत खोलने की परंपरा है। आइए जानते हैं ज्योतिषाचार्य राजेश कुमार शर्मा से कब होगा करवा चौथ **करवा चौथ 2026 कब है** आचार्य राजेश कुमार शर्मा बताते हैं पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 28 अक्टूबर को रात्रि 1:08 से हो रहा है और समापन 29 अक्टूबर को रात्रि 10:11पर होगा। ऐसे में करवा चौथ का व्रत 29 अक्टूबर 2026, गुरुवार को रखा जाएगा। इसी के साथ इस वर्ष करवा चौथ पर लक्ष्मी नारायण राज योग, बुधादित्य योग,त्रिग्रही योग, शुक्रादित्य योग, रोहिणी नक्षत्र, परिधि एवं गौरीयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ वृषभ राशि में चंद्रमा का गोचर अपना पूरा शुभ प्रभाव दिखा रहा है। **करवा चौथ 2026 शुभ मुहूर्त** करवा चौथ व्रत का समय प्रात: 6:31से रात्रि 8:17 तक **करवा चौथ पूजन का मुहूर्त** सायं 5:38 से सायं 6:56 तक बता दें कि इस साल करवा चौथ में भद्रा का साया नहीं रहेगा। **करवा चौथ 2026 सरगी का समय** करवा चौथ में सरगी खाने का समय सूर्योदय से पहले का होता है। इसे सुबह 3:30 से 5:30 के बीच का माना जाता है, जिसे सूर्योदय से पहले पूरा कर लेना चाहिए। इस साल सूर्योदय प्रात:6:22 होगा। **करवा चौथ 2026 चंद्रोदय का समय** आचार्य राजेश कुमार शर्मा बताते हैं पंचांग के अनुसार, करवा चौथ यानी 29 अक्टूबर को चंद्रोदय रात्रि 8:04 पर होगा हालांकि, शहर के अनुसार समय में थोड़ा बदलाव हो सकता है। इसलिए स्थानीय पंचांग अवश्य देखें। **करवा चौथ धार्मिक महत्व** हिंदू धर्म में करवा चौथ को अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। करवा चौथ के बारे में नारद पुराण में भी बताया गया है। करवा चौथ को इस ग्रंथ में 'करकाख्यं व्रतम' यानी करक व्रत के रूप में मिलता है। इस दिन गणेश जी और चंद्र देव की पूजा करने से



सौभाग्य की प्राप्ति होने के साथ वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती हैं। **आचार्य राजेश कुमार शर्मा**

हिंदू त्यौहारों पर सभ्य वस्त्र पहनने की भगवा सेवा समिति की अपील


बरेली (आज समाचार सेवा)। भगवा सेवा समिति की एक मीटिंग प्रदेश



अध्यक्ष श्रीमती रंजना शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें श्रीमती शर्मा ने देश भर की महिलाओं और बच्चियों से शालीन वस्त्र पहनकर त्यौहार मनाने की अपील की । उन्होंने सरकार से ड्रेस कोड जारी करने की मांग की उन्होंने पुरुषों से पीला कुर्ता/कमीज तथा सफेद पायजामा और महिलाओं के लिए पीली साड़ी या पीला कुर्ता और सफेद सलवार पहनने की सलाह दी है। उन्होंने आगामी करवा चौथ, दीपावली आदि को धूमधाम से मनाने की अपील की। इस अवसर पर रजनी सक्सेना, स्नेहलता चौहान, राधा सिसौदिया, ज्योति चौहान, रुचि अस्थाना, रेशमा शर्मा, शालिनी शर्मा उपस्थित रहीं ।उपस्थित सभी सदस्यों ने शालीनता से त्यौहार मनाने का संकल्प लिया।

डॉ सुरेश बाबू मिश्रा अंतरराष्ट्रीय व्यास सम्मान से सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त के प्रांतीय अध्यक्ष एवं जाने - माने साहित्यकार डॉ सुरेश बाबू मिश्रा को वैश्विक हिन्दी संस्थान नीदरलैंड द्वारा हिन्दी साहित्य का अति प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय व्यास सम्मान प्रदान किया गया है। अपनी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से उन्होने अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक क्षितिज पर बरेली का गौरव बढ़ाया है । डॉ सुरेश बाबू मिश्रा को यह सम्मान उनके द्वारा हिन्दी भाषा ,साहित्य, शिक्षण पद्धति और भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। वैश्विक हिन्दी संस्थान नीदरलैंड, आचार्यकुल भारत और वागीश यूएई के संयुक्त तत्वावधान में 26 अगस्त 2026 को शारजाह में एक अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में डॉ सुरेश बाबू मिश्रा को इस सम्मान से विभूषित करने के लिए आमंत्रित किया गया था परन्तु कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण वे इस समारोह में प्रतिभाग नहीं कर सके थे। समारोह की संयोजक एवं शारजाह की अंतर्राष्ट्रीय बरिष्ठ साहित्यकार डॉ आरती लोकेश के माध्यम से डॉ सुरेश बाबू मिश्रा को यह सम्मान पत्र और इक्यावन हजार रुपए की धनराशि का चेक 27 अक्टूबर को पंजीकृत डाक से प्राप्त हुआ । डॉ सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि वे यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पाकर अभिभूत हैं । डॉ सुरेश बाबू मिश्रा को अंतर्राष्ट्रीय व्यास सम्मान मिलने पर साहित्य परिषद के पदाधिकारियों एवं बरेली के प्रमुख साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है और उन्हे बधाई दी है । बधाई देने बालों में साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुशील चन्द्र त्रिवेदी मधुपेश, राष्ट्रीय महामन्त्री डॉ पवन पुत्र बादल, डॉ महेश पाण्डेय बजरंग, डॉ विपिन वार्ष्णेय, डॉ चन्द्र प्रकाश शर्मा ,निरुपमा अग्रवाल, प्रोफेसर एस पी मौर्य, डॉ विनीता सिंह ,डॉ ब्रजेश कुमार शर्मा ,वी सी दीक्षित, गंगाराम पाल,मोहन चन्द्र पाण्डेय, डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता और संजीव शंखधार शामिल हैं ।



पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस की तीसरी शाखा का शुभारंभ

बरेली (आज समाचार सेवा)। भारत में हाउसिंग फाइनांस की प्रमुख कंपनियों में से एक, पीएनबी हाउसिंग फाइनांस ने उत्तर प्रदेश में बरेली के सिविल लाइन्स में अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया। इस वृद्धि के माध्यम से कंपनी टियर द्वद्व बाज़ारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करना और उभरते आर्थिक केंद्रों में हाउसिंग फाइनांस सेवाओं को ज्यादा सुलभ बनाना चाहती है। पीएनबी हाउसिंग फाइनांस के एमडी एवं सीईओ, श्री अजय शुक्ला ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस शाखा का उद्घाटन किया। इस नई शाखा के शुभारंभ के साथ ही बरेली में पीएनबी हाउसिंग फाइनांस की शाखाओं की संख्या तीन हो गई है। इससे शहर में कंपनी की मौजूदगी अधिक मजबूत हुई है, साथ ही पूरे शहर और आसपास के बाजारों में ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ देने की क्षमता भी बढ़ी है। यह शाखा कंपनी के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, मजबूत अंडरराइटिंग क्षमताओं और तकनीक-आधारित प्रक्रियाओं के सहयोग से कई तरह के रिटेल लोन समाधान उपलब्ध करेगी, जिनमें होम लोन और प्रॉपर्टी के बदले लोन भी शामिल हैं। इस मौके पर पीएनबी हाउसिंग फाइनांस के एमडी एवं सीईओ, श्री अजय शुक्ला ने कहा, 'इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और अपना घर होने की बढ़ती आकांक्षाओं के साथ उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे आर्थिक शहरी केंद्रों में से एक बन गया है। ऐसी बढ़ती संभावनाओं के बीच, बरेली हमारे विकास के सफर का एक महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहाँ ग्राहकों का मजबूत आधार है और आर्थिक गतिविधियाँ लगातार बढ़ रही हैं। शहर में हमारी तीसरी शाखा की शुरुआत इस क्षेत्र की संभावनाओं पर हमारे भरोसे और होम लोन सुविधाओं को और आसान बनाने के हमारे पक्के इरादे को दिखाता है। हम धीरे-धीरे उभरते बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं, और ऐसे में ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने, सेवाओं को सुलभ बनाने और अपना घर खरीदने की चाह रखने वाले परिवारों के अरमानों को पूरा करने में मदद करने पर ध्यान दे रहे हैं।' होम लोन से जुड़ी सेवाएं में लगभग चालीस तालों के अनुभव के साथ, पीएनबी हाउसिंग फाइनांस अपने रिटेल कारोबार को लगातार मजबूत कर रही है। कंपनी इसके लिए एक सुनियोजित विस्तार की योजना अपना रही है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाना है और लोगों के घर खरीदने के सपनों को साकार करने में सहायता करना है। 30 जून 2026 तक, कंपनी का कुल रिटेल लोन एसेट्स 89,178 करोड़ था, और देश भर में इसकी 400 से अधिक शाखाओं का एक मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क मौजूद है। सरकार के 'हाउसिंग फॉर ऑल' मिशन के अनुरूप, कंपनी घर खरीदने का सपना देखने वाले सभी लोगों के लिए वित्तीय सेवाओं को सुलभ बनाने और देश की आर्थिक तरक्की में अपना योगदान देने के संकल्प पर कायम है।

बरेली कॉलेज की क्रिकेट (पुरूष) टीमं का चयन ट्रायल 31 को

बरेली (आज समाचार सेवा)। एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्व विद्यालय की अन्तर महाविद्यालयी की क्रिकेट (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 02.11 2026 को महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय बरेली में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बरेली कॉलेज, बरेली की टीम का चयन दिनांक 31/10/2026 को बरेली कॉलेज, बरेली में प्रात: 11.00 बजे से किया जायेगा। क्रीडा सचिव विवेक डागर, के अनुसार सभी खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिय में भाग लेना अनिवार्य है। उस के उपरान्त ही टीम में चयन किया जायेगा। सभी खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया के समय हाई स्कूल की मार्कशीट की छाया प्रति। इण्टर की मार्कशीट की छाया प्रति ।अंतिम कक्षा की मार्कशीट की छाया प्रति ।कॉलेज के आई0कार्ड0 व फीस रसीद का छाया प्रति ।दो नवीन फोटो लाना अनिवार्य है, उक्त जानकारी क्रीडा सचिव विवेक डागर ने दी।

आजाद हिन्दू सेना ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर पीड़िता को न्याय दिलाने की उठाई मांग

बरेली (आज समाचार सेवा)। आजाद हिन्दू सेना ने एक पुलिसकर्मी पर धोखाधड़ी कर करीब 11 लाख रुपये हड़पने, मकान पर कथित रूप से अवैध कब्जा करने तथा पीड़िता को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली से कार्रवाई की मांग की है। संगठन की ओर से इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और पीड़िता को न्याय दिलाने की अपील की गई है। ज्ञापन के अनुसार, थाना इज्जतनगर क्षेत्र के पीलीभीत बाईपास रोड स्थित तुला शेरपुर सूर्या एन्क्लेव के सामने रहने वाली महिला नीलम जौहरी का आरोप है कि लगभग दो वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात पुलिस विभाग में सिपाही मनीष सिंह से हुई थी। पीड़िता के मुताबिक, सिपाही ने कथित रूप से धोखाधड़ी कर उनसे करीब 11 लाख रुपये ले लिए। इसके अलावा, इज्जतनगर थाना क्षेत्र में आनंदम स्कूल के पास स्थित उनका मकान किराये पर लेने के बाद उसे खाली नहीं किया और उस पर कब्जा कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने कई बार अपनी रकम वापस करने और मकान खाली करने की मांग की, लेकिन उन्हें टालमटोल का सामना करना पड़ा। आरोप है कि रुपये और मकान वापस मांगने पर संबंधित पुलिसकर्मी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पीड़िता ने पहले संबंधित थाने में शिकायत की थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली से शिकायत की गई। इसके बाद मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस को सौंपे जाने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है। संगठन का कहना है कि पीड़िता के पास अपने आरोपों के समर्थन में साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। आजाद हिन्दू सेना ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपों की सत्यता के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा मकान पर कथित अवैध कब्जे और धनराशि से संबंधित शिकायत का नियमानुसार निस्तारण कराया जाए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित राठौर ने प्रशासन से अपील की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और कानून के प्रति आम जनता का विश्वास बना रहे। रवि शंकर राष्ट्रीय महासचिव, शशि भूषण प्रदेश सचिव, बाबा दीपक लहरी प्रदेश मंत्री, सचिन दिवाकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, उमंग शांखधार जिला अध्यक्ष, सोनू यादव युवा जिला अध्यक्ष, संजय तेजवानी, सुरेश, अर्जुन गुप्ता पवन जुनेजा, सोनू लाला , अंजलि गोड़ , नीलम जौहरी आदि शामिल रहे ।



स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित **वाराणसी**-संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर**-बैंक रोड, **प्रयागराज**-3 लीडर रोड, **कानपुर**-बांस मण्डी, **झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-*13277*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष 9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।


एलेन किड्स बरेली में रेडियंस 4.0-ए किंडर एक्स्ट्रावैगेंज़ा का भव्य आयोजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। एलेन किड्स, बरेली में 28 अक्टूबर को रेडियंस 4.0-ए किंडर एक्स्ट्रावैगेंज़ा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि पवन सक्सेना (अध्यक्ष, यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन एवं प्रेस क्लब तथा चेयरमैन, एडुविजन इंडिया) और सुब्रत सारंगी (प्रधानाचार्य, दिल्ली पब्लिक स्कूल) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. उजमा कमर (डायरेक्टर, एडुविजन इंडिया), आकांक्षा सेठी (डायरेक्टर, पर्सनैलिटी एज), सुश्री जस्मीत साहनी (प्रधानाचार्य, बेदी इंटरनेशनल), श्रीमती गरिमा गंगवार (प्रधानाचार्य, ब्लू बर्ड), अंजलि चड्ढा (वाइस प्रिंसिपल, नारायणा ई टेक्नो) तथा सुश्री अर्चना चौधरी (डायरेक्टर, फ्यूचर क्रिएशंस) सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों जी.आर.एम., बी.बी.एल., डी.पी.एस., पद्मावती अकादमी, बेदी इंटरनेशनल, यूरो किड्स, नारायणा ई टेक्नो और फ्यूचर क्रिएशंस के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्वागत परंपरा के अंतर्गत बच्चों ने स्वागत गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सक्सेना ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य उत्सव, एड मैड शो, रंगोत्सव (रंग भरने की प्रतियोगिता) और लोक धुन जैसी रोचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कला-कौशल से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं में **नृत्य उत्सव** प्रथम पुरस्कार: वरुषी अग्रवाल एवं प्रतिष्ठा (जी.आर.एम.), द्वितीय पुरस्कार: उर्वंश दत्त माथुर एवं कृषा पटेल (नारायणा ई टेक्नो), तृतीय पुरस्कार: अनविका कपूर एवं नम्रता (पद्मावती अकादमी)**एड मैड शो** प्रथम पुरस्कार: रिधवी मेहरा (जी.आर.एम., द्वितीय पुरस्कार: मन्नत कौर (नारायणा ई टेक्नो) तृतीय पुरस्कार: अनन्या पटेल (पद्मावती अकादमी) **लोक धुन** प्रथम पुरस्कार: विवान (डी.पी.एस.),द्वितीय पुरस्कार: वृंदा (फ्यूचर क्रिएशंस), तृतीय पुरस्कार: निहारिका गंगवार (बेदी इंटरनेशनल) **रंगोत्सव** प्रथम पुरस्कार: वन्या (जी.आर.एम.), द्वितीय पुरस्कार: अयांशी (बी.बी.एल.), तृतीय पुरस्कार: अद्विका (फ्यूचर क्रिएशंस)सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एलेन किड्स के विद्यार्थियों ने वाद्ययंत्रों पर आधारित एक विशेष संगीतमय प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इस अवसर पर विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ने अपने संबोधन में कहा कि एलेन किड्स द्वारा आयोजित रेडियंस बच्चों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति का उत्सव है। यह मंच नन्हे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास विकसित करने और विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के साथ सीखने का अवसर प्रदान करता है। हमें गर्व है कि यह आयोजन प्रत्येक वर्ष नई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि कला बच्चों के सर्वांगीण विकास का अभिन्न अंग है और इस प्रकार की गतिविधियाँ उनके व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं विभिन्न विद्यालयों से आई शिक्षिकाओं को स्मृति-भेंट प्रदान कर उनके सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। रेडियंस 4.0 नन्हे विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को अभिव्यक्त करने का एक यादगार मंच साबित हुआ। यह आयोजन बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।



बरेली कॉलेज में एनएसएस छात्र इकाई-तृतीय ने 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत बनवाये जागरूकता पोस्टर

बरेली (आज समाचार सेवा)। बरेली कॉलेज, बरेली की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई तृतीय द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के 'मिशन शक्ति अभियान' के अंतर्गत 27 अक्टूबर 2026 को वाणिज्य (ऑनर्स) विभाग में विशेष पोस्टर निर्माण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य विषय 'नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता' रहा। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना तथा समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करना था। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शुभांशु शेखर के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें छात्र इकाई तृतीय के स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों सहित लगभग 50 -60 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक सोच और रंगों के माध्यम से बालिका शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की अग्रणी भूमिका को अत्यंत प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सूरज साहू ललितकला विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों और उनके द्वारा प्रस्तुत सामाजिक संदेशों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से समाज में महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है।



त्योहारों से पहले व्यापार मंडल की आपातकालीन बैठक में जारी किए गये दिशा निर्देश



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने खाद्य कारोबार में गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए नई पहल की है। प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के स्टेशन चौराहे स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में मिठाई, डेयरी, बेकरी, किराना और रेस्टोरेंट कारोबारियों की अलग कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया, इसका गठन जल्द किया जाएगा। बैठक में व्यापारियों से स्पष्ट कहा गया कि कारोबार में घटिया सामग्री का इस्तेमाल न करें और न ही उसकी बिक्री करें मिठाई विक्रेताओं से खराब और बासी मिठाइयां न बेचने तथा ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने की अपील की गई। साथ ही प्रतिष्ठानों, गोदामों और कारखानों में साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया गया। हंसराज गुलाटी ने कहा कि यदि किसी व्यापारी के प्रतिष्ठान पर घटिया सामग्री या अनियमितता की पुष्टि होती है तो व्यापार मंडल उसका समर्थन नहीं करेगा। वहीं, किसी व्यापारी को बिना उचित कारण परेशान किया जाता है या उसका उत्पीड़न होता है तो संगठन और व्यापारी एकजुट होकर उसका साथ देंगे। नगर अध्यक्ष जाहिद खान ने बताया कि व्यापार मंडल के समन्वय से मिठाई, दूध एवं डेयरी उत्पाद, बेकरी, किराना और रेस्टोरेंट कारोबारियों की नई इकाई बनाई जाएगी यह कमेटी संबंधित कारोबारियों की समस्याओं, गुणवत्ता और आपसी समन्वय के लिए काम करेगी इसका गठन जल्द किया जाएगा। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, नगर अध्यक्ष जाहिद खान, महामंत्री संजय गुप्ता, प्रांतीय मंत्री विजयपाल सिंह विक्की, प्रांतीय मंत्री नवीन अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री अशोक खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, बलजीत सिंह खैरा, संजीव गुप्ता, किराना संघ अध्यक्ष विकास गुप्ता उर्फ राम, प्रितपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, सुनील गुप्ता, प्रकाश जोशी, अजय गुप्ता उर्फ पप्पू, आकाश प्रजापति, श्याम गुप्ता, सोनू गुप्ता, राकेश कुमार, रामबाबू, सिद्धार्थ गुप्ता और हर्षित गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने भरी हुंकार, डीएम को सौंपा ज्ञापन



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। व्यापारियों एवं उद्यमियों को बैंकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से राहत दिलाने के उद्देश्य से व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को वित्त मंत्री, भारत सरकार को जिलाधिकारी पीलीभीत के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं, अनावश्यक शुल्कों तथा ऋण खातों से संबंधित परेशानियों को प्रमुखता से उठाते हुए उनके समाधान की मांग की गई। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि व्यापारी एवं उद्यमी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार सृजन करने और सरकार को राजस्व उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के कारण उन्हें आर्थिक एवं व्यावसायिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं का समाधान होने से व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु बनाने में मदद मिलेगी। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सरकारी बैंकों को सातों दिन खोलने, न्यूनतम बैलेंस पेनल्टी समाप्त करने, चेक डिसऑनर होने पर शुल्क केवल चेक जारी करने वाले से लेने तथा नकद जमा एवं निकासी पर लगने वाले कैश हैंडलिंग चार्ज समाप्त करने की मांग की गई। इसके अलावा नियमित रूप से संचालित ऋण एवं लिमिट खातों के नवीनीकरण और संपत्ति के पुनर्मूल्यांकन के नाम पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से राहत देने, एनपीए घोषित करने की अवधि तीन माह से बढ़ाकर छह माह करने तथा तकनीकी त्रुटियों को सुधारने के लिए व्यापारियों को पर्याप्त अवसर देने की मांग भी उठाई गई। व्यापार मंडल ने केवाईसी प्रक्रिया को सरल बनाने और इसकी अवधि दस वर्ष किए जाने का अनुरोध किया। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर दिया जोर पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों को बैंकिंग सेवाओं में राहत मिलने से न केवल उनका समय और पैसा बचेगा, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संबंधित मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया, ताकि व्यापारियों एवं उद्यमियों को अनावश्यक आर्थिक बोझ और प्रक्रियागत परेशानियों से राहत मिल सके। इस अवसर पर व्यापार मंडल युवा विंग के जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, नाहिद खान, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, युवा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, नगर मंत्री विशाल सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, रशीद अंसारी नगर महामंत्री, हरीश सिंह नगर उपाध्यक्ष, साहिल अदनानी, शहबाज़ अहमद नगर महामंत्री, गौतम गौहा नगर कोषाध्यक्ष सहित व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

युवती ने अश्लील हरकतें कर अपहरण की धमकी देने का आरोप लगाकर पुलिस से की शिकायत

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। युवती ने युवक पर छेड़छाड़ करने और जबरन उठा ले जाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र की एक युवती द्वारा पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र के अनुसार थाना अमरिया क्षेत्र निवासी युवक का जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव में आना-जाना था। युवती का आरोप है कि युवक उस पर बुरी नजर रखता है। रास्ते में घूरने के साथ अश्लील हरकतें करता है। विरोध करने पर उसे जबरन उठा ले जाने की धमकी देता है। युवती के मुताबिक, मामले की शिकायत आरोपित के पिता से करने पर संबंधित लोगों ने एकजुट होकर गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। साथ ही विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सत्यम राजभर निवासी धरवाला, जखनिया स्टेशन, वाराणसी क्षेत्र में कंबाइन मशीन से धान की कटाई का काम करता था। आरोप है कि बीती रात सत्यम उनकी 12 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इससे परिवार के लोग परेशान हैं। पिता ने थाना माधोटांडा पहुंचकर पुलिस से बेटी को बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। उक्त मामले में पुलिस की जांच जारी है।

30 अक्टूबर को श्रीरामलीला मेला मैदान में सजेगी कविताओं की महफिल

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। श्रीरामलीला मेला मैदान में 30 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। श्रीरामलीला मेला कमेटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों से आए कवि अपनी कविताओं, हास्य और व्यंग्य से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। सम्मेलन शाम छह बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजक तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं, रामलीला मेले में दुकानें भी सजने लगी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनागरी उत्थान परिषद के अध्यक्ष पंडित राम अवतार शर्मा करेंगे। आयोजन की जिम्मेदारी पूरनपुर के एसडीएम नागेंद्र पांडेय और तहसीलदार आशीष गुप्ता को सौंपी गई है। संयोजक मुकेश गुप्ता एडवोकेट, अमिताभ मिश्रा एडवोकेट और देव शर्मा विचित्र ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान होंगे। जिलाधिकारी आलोक कुमार और पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता को स्वागताध्यक्ष बनाया गया है।आमंत्रित अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ0 गुरभाग सिंह, गन्ना समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, समाजसेवी लेखराज भारती, पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के एमडी अमित मिश्रा, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू सहित अन्य लोग शामिल होंगे। आयोजकों को उम्मीद है कि कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर साहित्यिक प्रस्तुतियों का आनंद लेंगे।

भगवंतापुर में आयोजित हुई एक दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। संकुल भगवंतापुर की एक दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर के प्रांगण में ग्राम प्रशासक सतीश गिरि की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विजयी छात्रों को मेडल एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

संकुल भगवंतापुर की संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता भगवंतापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रशासक मानसी अपूर्व सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ब्लाक प्रशासक मानसी अपूर्व सिंह व ग्राम प्रशासक सतीश गिरि ने 50 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुई। प्राथमिक स्तर की बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में क्रमशः 50 मीटर में पताबोझी के कपिल, भगवंतापुर की हिमांशी प्रथम और पताबोझी के शिवम, भगवंतापुर की कोमल द्वितीय, 100 मीटर में पताबोझी के कपिल व शारदा देवी ने प्रथम, पताबोझी के अभिषेक और भगवंतापुर की हेमलता द्वितीय, 200 मीटर में भगवंतापुर के कासिब व हेमलता ने प्रथम, बरुआ कुठारा के आदित्य और पताबोझी की लक्ष्मी द्वितीय, 400 मीटर में पताबोझी के शिवम, बरुआ कुठारा की शीतल प्रथम, पताबोझी के कपिल व राधा द्वितीय स्थान पर रही। लम्बीकूद में लोहरपुरा के विनीत और पताबोझी की लक्ष्मी प्रथम और भगवंतापुर के कासिब व हिमांशी द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी में पताबोझी की प्रार्थना एण्ड पार्टी प्रथम स्थान पर रही। जूनियर स्तर के बालक एवं बालिका वर्ग में 100 मीटर में उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडाछत्रपति के करन, भगवंतापुर की आरती प्रथम, पताबोझी के राहुल, लोहरपुरा की राशिका द्वितीय, 200 मीटर में पताबोझी के सुनील व अमनजोत ने प्रथम, मैनी गुलड़िया के राहुल, भगवंतापुर की सोनम द्वितीय, 400 मीटर में टांडाछत्रपति के करन, खीरी नौबरामद की नैन्सी प्रथम, टांडाछत्रपति के गौरव, पताबोझी की मोहिनी द्वितीय, 600 मीटर में पताबोझी के सुनील, खीरी नौबरामद की नैन्सी प्रथम, भगवंतापुर के विवेक, पताबोझी की अमनजोत द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेंक में पताबोझी की मोहिनी ने प्रथम और शिल्पी ने द्वितीय स्थान पर रही। चक्का फेंक में पताबोझी की मोहिनी और भगवंतापुर की संजना द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस, खो-खो, कबड्डी, सुलेख आदि प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के समापन पर ब्लाक प्रशासक मानसी अपूर्व सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह, नोडल संकुल शिक्षक सूर्यप्रकाश गंगवार ने सभी विजेता छात्रों को मेडल एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता में शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार, ग्राम प्रशासक सतीश गिरि, व्यायाम शिक्षक अर्जुनसिंह गंगवार, विश्वनाथसिंह कुशवाहा, पूरनलाल, सुरेशचंद्र गंगवार, शुभम शुक्ला, मुकेश बाबू, विशाल चौहान, रामआसरे, नूपर पांडेय, रिंकी कुमारी, सर्वेश कुमार, गामा सिंह, विनोद कुमार, सुर्वेश्वरी, सायमा, वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।

माधोटांडा पुलिस ने 5.57 लाख नशीले कैप्सूलों से भरे 43 गत्ते किये बरामद

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। नशीली दवाओं के कारोबार को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठने के बाद आखिरकार पुलिस ने बड़ी बरामदगी का खुलासा कर दिया। पुलिस ने 43 गत्तों में 5,57,760 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किये हैं, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।



थाना माधोटांडा पुलिस ने नशीले कैप्सूलों से भरे 43 गत्ते जिनमे पांच लाख सत्तावन हज़ार कैप्सूल बरामद करने के बाद माधोटांडा निवासी दानिश को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके भाई और मेडिकल स्टोर संचालक तारिक को भी मामले में आरोपी बताया गया है, वह अभी फरार है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को मुखबिर की सूचना पर माधोटांडा रोड स्थित मंडी के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। उसके पास से स्पास्मो ब्राउन कैप्सूल के 43 गत्ते जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल और एप्पल कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में दानिश ने कथित तौर पर बताया कि उसे पूरनपुर नवीन मंडी के सामने स्थित गोदाम से दवाओं का गत्ता लेकर माधोटांडा पहुंचाने को कहा गया था। पुलिस अब गोदाम, दवाओं की खरीद-फरोख्त और सप्लाई नेटवर्क की पड़ताल कर रही है।

मंगलवार को इनकार, बुधवार को खुलासा- इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। मंगलवार को घटना से इनकार किए जाने की चर्चा रही, जबकि बुधवार दोपहर करीब एक बजे पुलिस ने बड़ी बरामदगी का खुलासा किया। आखिर इतनी बड़ी खेप कहां से आई और किसके जरिए बाजार तक पहुंचाई जा रही थी। पूरनपुर नगर से देहात तक नशीली दवाओं की बिक्री को लेकर लगातार चर्चाएं हैं। एक सप्ताह पहले भी बड़ी खेप आने की चर्चा सामने आई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि लाखों कैप्सूल का भंडारण और सप्लाई किसकी निगरानी में होती रही। किन मेडिकल स्टोरों पर इनकी बिक्री हो रही थी और पूरे नेटवर्क में अन्य कौन-कौन शामिल हैं। अब कार्रवाई की असली परीक्षा केवल एक गिरफ्तारी नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करना है और किस के संरक्षण में इतना बड़ा कारोबार चल रहा है था यह भी चर्चा का विषय है। क्राइम इंस्पेक्टर विनीत कुमार ने खुलासा किया है।

तिलहर में गूंजेगा वेदों का डंका! रुद्रपुर में सजेगा सनातन का महाकुंभ – एक नवंबर से तीन दिन तक होगा धमाका

शाहजहांपुर। 31 अक्टूबर को आर्य समाज से निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा, 3 नवंबर को रावण दहन से दहलेगा आसमान तिलहर की धरती पर एक बार फिर सनातन की लहर उठने वाली है! ग्राम रुद्रपुर स्थित श्री कन्या गुरुकुल में एक नवंबर से तीन दिवसीय पंचम वैदिक महाकुंभ का आगाज होने जा रहा है। खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में धर्मप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है! गुरुकुल संचालक अनुभव आर्य ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बम फोड़ा और बताया कि इस बार का महोत्सव पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा!

भोर से रात तक होगा वैदिक धमाल - सुबह 7 बजे से योग शिविर से दिन की शुरुआत, फिर वैदिक मंत्रों के साथ देवयज्ञ से गूंजेगा पूरा परिसर! दोपहर में सबसे बड़ा धमाका एक ही मंच पर हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई धर्मों के बीच महा-शास्त्रार्थ !सर्वधर्म समभाव का ऐसा संगम तिलहर ने पहले कभी नहीं देखा होगा! शाम ढलते ही भजन-प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से रात 10 बजे तक भक्ति का समां बंधेगा। तीन दिन, तीन महा-आकर्षण पहला दिन - 1 नवंबर- नए छात्रावास का भव्य उद्घाटन और गौशाला का शिलान्यास, जिसमें वैदिक परंपरा की खुशबू बिखरेगी। दूसरा दिन - 2 नवंबर सहयोगियों का सम्मान और विद्वानों के बीच शास्त्रों पर गरमा-गरम शास्त्रार्थ, जिसे सुनने के लिए दूर-दूर से लोग आएंगे! तीसरा दिन - 3 नवंबर- बेटियों का शौर्य प्रदर्शन, जिसके बाद महर्षि वाल्मीकि रामायण पर आधारित रामलीला में रावण वध और फिर 50 फीट के विशाल रावण के पुतले का दहन नजारा देखने लायक होगा!

रात 8:30 बजे से रोजाना रामलीला - अनुभव आर्य ने बताया कि तीनों दिन रात साढ़े आठ बजे से रामलीला का विशेष मंचन होगा, जो महर्षि वाल्मीकि रामायण के अनसुने प्रसंगों पर आधारित होगी। अंतिम दिन रावण दहन के साथ ही आतिशबाजी भी होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत मंढा खुर्द कलां
विकास खण्ड–पूरनपुर (पीलीभीत)
निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंढा खुर्द कलां की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/ RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई–रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फौंगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय मंढा खुर्द कलां पर दिनांक– 29.10.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 03.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 04.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय मंढा खुर्द कलां पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री अवधेश कुमार (प्रशासक) श्री ललित मोहन गंगवार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत पटिहन
विकास खण्ड–पूरनपुर (पीलीभीत)
निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पटिहन की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/ RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई–रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फौंगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पटिहन पर दिनांक– 29.10.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 03.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 04.11.2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पटिहन पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री प्रमोद कुमार (प्रशासक) श्री ललित मोहन गंगवार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत दिलावरपुर
विकास खण्ड–पूरनपुर (पीलीभीत)
निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिलावरपुर की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/ RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई–रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फौंगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय दिलावरपुर पर दिनांक– 29.10.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 04.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 04.11.2026 को अपरान्ह 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय दिलावरपुर पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती देववती (प्रशासक) श्री अवनीश कुमार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया भूपसिंह
विकास खण्ड–पूरनपुर (पीलीभीत)
निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुलड़िया भूपसिंह की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/ RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई–रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फौंगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय गुलड़िया भूपसिंह पर दिनांक– 29.10.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 04.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 04.11.2026 को अपरान्ह 03 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय गुलड़िया भूपसिंह पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री मेहरबान सिंह राणा (प्रशासक) श्री अवनीश कुमार (सचिव)

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में सरदार ज्ञान सिंह छाबड़ा मेमोरियल अंतरविद्यालयीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का हुआ भव्य शुभारंभ



पीलीभीत। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, पीलीभीत में सरदार ज्ञान सिंह छाबड़ा मेमोरियल अंतरविद्यालयीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की बालक एवं बालिका टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक परिवार के सदस्य राजेंद्र सिंह छाबड़ाएवं कैलाश रानी छाबड़ा, प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा तथा ऋषित छाबड़ा द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात आकाश में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और खेल भावना का वातावरण देखने को मिला। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसबी, पिथौरागढ़ के द्वितीय कमान अधिकारी रमन कुमार एवं प्रियंका की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथियों में एआरटीओ सुशील कुमार मिश्रा। इसके अतिरिक्त प्रशांत शुक्ला, लक्ष्मीकांत शर्मा, लायंस बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य एस. के. शर्मा, एस. के. पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह, कुंदन बानी, जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अमिताभ अग्निहोत्री तथा रोटरी क्लब से ईश बंसल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका वर्ग के मुकाबलों में अकाल अकादमी ने बेन-हर पब्लिक स्कूल तथा भसीन इंटरनेशनल स्कूल को पराजित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की बालिका टीम ने लायंस बाल विद्या मंदिर के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। वहीं बेन-हर गुरुकुल ने स्प्रिंगडेल कॉलेज को हराया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एस. के. पब्लिक स्कूल ने लिटिल एंजल्स स्कूल को पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया। बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने बेन-हर गुरुकुल को पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। लिटिल एंजल्स स्कूल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को, लायंस बाल विद्या मंदिर ने सेंट पैट्रिक अकादमी को तथा स्प्रिंगडेल कॉलेज ने पीएम केंद्रीय विद्यालय को हराया। पूल-बी के मुकाबलों में नॉसगे पब्लिक स्कूल ने फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल को, एस. के. पब्लिक स्कूल ने शाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल को, बेन-हर पब्लिक स्कूल ने भसीन इंटरनेशनल स्कूल को तथा डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल अकादमी ने अकाल अकादमी को पराजित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपनी खेल-कुशलता, समर्पण, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रत्येक मैच में खिलाड़ियों का उत्साह और जीत के प्रति दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रही है। विद्यालय प्रबंधन ने खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अभिन्न अंग बताते हुए ऐसे आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम ने खेलों के प्रति विद्यार्थियों के उत्साह को नई दिशा प्रदान की और विद्यालय की खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को उजागर किया। साथ ही विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य डॉ. आरिज अल्वी, एवं खेल प्रशिक्षक अनूप गिहार, गौतम श्रीवास्तव, अद्वितय अग्निहोत्री, मो. नदीम खां व प्रीति आदि मौजूद रहे।

पीलीभीत के पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सलाह, ऑनलाइन सुविधा का उठाएं लाभ

पीलीभीत। कोषागार पीलीभीत से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को नवंबर और दिसंबर में होने वाली भीड़ से बचने के लिए ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सलाह दी गई है। वरिष्ठ कोषाधिकारी सुरेश कुमार यादव ने बताया कि पेंशनर घर बैठे डिजिटल माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इससे उन्हें कोषागार कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी और भीड़ के कारण होने वाली असुविधा से भी बचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि पेंशनर जीवन प्रमाण की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करके ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से जीवन प्रमाण और आधार थ्बम त्क् ऐप इंस्टॉल करके भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया जा सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत सबसे पहले जीवन प्रमाण ऐप खोलकर ऑपरेटर का आधार ऑथेंटिकेशन पूरा करना होगा। इसके बाद पेंशनर का आधार नंबर, पीपीओ नंबर और मांगी गई अन्य जानकारी दर्ज करनी होगी। पेंशनर यदि दो पेंशन प्राप्त कर रहा है, तो दूसरी पेंशन के लिए आवेदन करते समय क्कक छ्मू च्व् विकल्प का उपयोग कर अलग से जीवन प्रमाण पत्र जमा किया जा सकता है। इसके बाद मोबाइल के फ्रंट कैमरे से पेंशनर के चेहरे की तस्वीर लेनी होगी। प्रक्रिया पूरी होने पर एक यूनिक प्रमाण आईडी प्राप्त होगी, जिसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखना जरूरी है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि जिन पेंशनरों के पास स्मार्टफोन नहीं है, वे नजदीकी बैंक शाखा या जनसेवा केंद्र पर जाकर फिंगरप्रिंट अथवा आंखों की स्कैनिंग के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। इसके अलावा भारतीय डाक विभाग की डोरस्टेप सेवा के तहत डाक कर्मचारी को घर बुलाकर भी यह प्रक्रिया पूरी कराई जा सकती है। पेंशनर अपनी संबंधित बैंक शाखा में जाकर निर्धारित फॉर्म के साथ जीवन प्रमाण पत्र भी जमा कर सकते हैं। जो पेंशनर या पारिवारिक पेंशनर कोषागार कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करना चाहते हैं उन्हें अपराह्न तीन बजे तक कार्यालय पहुंचना होगा। अपने साथ बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। जीवन प्रमाण पत्र का फॉर्म भरकर जमा करते समय उस पर अपनी नवीनतम रंगीन फोटो भी चस्पा करनी होगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी सुरेश कुमार यादव ने पेंशनरों से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन या अन्य उपलब्ध माध्यमों से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करें, ताकि नवंबर और दिसंबर में कोषागार में होने वाली भीड़ से बचा जा सके और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में शासकीय अधिवक्तावार अभियोजन वादों का विवरण, जमानत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, दोषमुक्त हुये वादो में योजित अपीलों का विवरण, समन और वारंट के तामीला विवरण, गवाहों की स्थिति, सत्र न्यायालय में स्वीकृत, अस्वीकृत जमानतों आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया। अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पास्को, एससी, एसटी एक्ट, गैंगस्टर, बलात्कार, महिलाध्बच्चों अपराधों सम्बन्धी मुकदमों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि महिलाध्बच्चों सम्बन्धी अपराधों व बलात्कार सम्बन्धी प्रकरणों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी को समनध्तामीला सम्बन्धी जानकारी दी गई तथा महिला अपराध में सजा सहित अन्य कार्यवाहियों से अवगत कराया गया। एन कार्ड के अंतर्गत विगत माह में किए गए कार्यों के समीक्षा की गई एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं आपसी समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र विकसित कर अधिक मात्रा में मादक पदार्थ अपहृत करने हेतु निर्देश दिए गए। जनपद में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में सूचना तंत्र को मजबूत किया जाये, जिससे कि मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाई जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि नशे के विरूद्ध विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में ड्रग इस्पेक्टर अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, एसएसबी कमॉडेंट, जिला आबकारी अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, अधिवक्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राम कथा में तीसरे दिन राम जन्म की सुनाई कथा, झूमते नजर आए भक्त

दियोरिया कलां। क्षेत्र के गांव नूरानपुर के गोरक्ष पीठ आश्रम के शिव मंदिर के प्रांगण में चल रही तीसरे दिवस की श्रीराम कथा में कथा व्यास ने शिव चरित्र और राम जन्म सहित कई अन्य प्रसंग का वर्णन किया। नूरानपुर के गोरक्ष पीठ आश्रम शिव मंदिर के महंत योगी हनुमान नाथ के तत्वावधान में चल रही श्रीराम कथा के दिन कथा व्यास पूज्य अंजनी शरण महाराज ने श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कथा व्यास ने भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का संदेश दिया। कथा व्यास ने बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ ने संतान प्राप्ति के लिए ऋषि श्रृंगी के मार्गदर्शन में पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया था। यज्ञ के उपरांत प्राप्त दिव्य खीर को उनकी तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा में वितरित किया गया। समय आने पर रानी कौशल्या ने भगवान श्रीराम, कैकेयी ने भरत तथा सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था, जिसके उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष राम नवमी का पर्व मनाया जाता है।

ऑपरेशन ट्राइडेंट 31 दिसंबर, 2029 तक नशीले पदार्थों के हर नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम

नई दिल्ली । पूर्वोत्तर की पहाड़ियों में फैले घने जंगल, दुर्गम रास्ते और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे संवेदनशील इलाके। इन्हीं रास्तों के सहारे नशे का एक ऐसा काला कारोबार फल-फूल रहा था, जो भारत के युवाओं के भविष्य को निगलने के साथ देश की सुरक्षा के लिए भी चुनौती बन रहा था। तस्करों को लगता था कि सीमाओं की जटिलता और भौगोलिक परिस्थितियाँ उन्हें कानून की पहुँच से दूर रखेंगी। लेकिन वे शायद यह भूल गए थे कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले नेटवर्क को खत्म करने के लिए अब केवल छिटपुट कार्रवाई नहींए बल्कि एक सुनियोजित रणनीति के तहत निर्णायक प्रहार किया जा रहा है। इस रणनीति के केंद्र में हैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जिनकी पहचान एक सख्त प्रशासक और कुशल रणनीतिकार के रूप में रही है। आधुनिक भारत के चाणक्य अमित शाह के दूरदर्शी मार्गदर्शन और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अगुवाई में 23 अक्टूबरए 2026 को केंद्रीय एजेंसियों और राज्य पुलिस बलों ने ऑपरेशन ट्राइडेंटश् के तहत असम, मिजोरम और मणिपुर में एक साथ 38 स्थानों पर छापेमारी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में ष्ऑपरेशन ट्राइडेंट के माध्यम से 38 टीमों ने सटीक समन्वय के साथ आइजॉलए चम्फाईए जोखॉथरए चुराचांदपुर और कछार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में छापेमारी की। डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर, से म्यांमार, भारत और बांग्लादेश की सीमाओं के जरिए मेथामफेटामाइन और हेरोइन की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय नार्को.कार्टेल के ठिकाने धराशायी हो गए।

जेके मैक्स पेंट्स ने सस्टेनेबल पेंट्स में रखा कदम

नई दिल्ली। जेके मैक्स पेंट्स ने सस्टेनेबल पेंट्स का नया ब्रांड जेके नैचुरल्स लॉन्च किया है। इस ब्रांड का पहला प्रोडक्ट जेके नैचुरल्स ऑरा है। भारत के पहले नेचर लवर्स पेंट के रूप में पेश किया गया यह ब्रांड घर की सुंदरता और रोजमर्रा की जिंदगी में जागरूक सोच को एक साथ लाता है। आधुनिक घरों के लिए डिजाइन किए गए जेके नैचुरल्स ऑरा लक्जरी इंटीरियर इमल्शन में 40 प्रतिशत. इको.फ्रेंडली सामग्री ;जिसमें 10 प्रतिशत. बायो.बेस्ड इमल्शन शामिल है, और एयर-प्यूरिफिकेशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही इससे प्रीमियम फिनिश भी मिलती है। जेके नैचुरल्स ऑरा को शार्क सॉल्यूशंस के साथ मिलकर तैयार किया गया है। मार्केट में इस प्रोडक्ट का चरणबद्ध लॉन्च अक्टूबर के अंत से नवंबर के मध्य में उत्तर भारत में होगा, जिसके बाद इसे पूरे देश में लॉन्च करने की योजना है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए व्हाइट सीमेंट एंड पेंट्स के बिजनेस हेड नितीश चोपड़ा ने कहा, जेके मैक्स पेंट्स में हमने हमेशा ऐसे समाधान विकसित करने पर ध्यान दिया है जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। जेके मैक्स पेंट्स प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर दिए गए क्यूआर कोड के जरिए प्लेज अ ट्रीश् पहल भी शुरू कर रहा है। ग्राहक संकल्प लेने के लिए कोड को स्कैन कर सकते हैं और ऑनलाइन लिए गए हर संकल्प के लिए कंपनी एक पेड़ लगाएगी।

पीलीभीत में युवा उत्सव का हुआ भव्य आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

पीलीभीत। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में बुधवार को वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, पीलीभीत में युवा उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रखी गई। कार्यक्रम में युवाओं ने लोकनृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कविता प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर रहीं। मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार और जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में लोकनृत्य सामूहिक वर्ग में वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकगीत सामूहिक प्रतियोगिता में श्याम प्रजापति स्टूडियो ने बाजी मारी। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भी वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज प्रथम स्थान पर रहा। पेंटिंग प्रतियोगिता में स्वाति मौर्य और कविता प्रतियोगिता में चाहत ऋषिश्वर ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी आरती जायसवाल ने युवा उत्सव के उद्देश्य और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी की जिम्मेदारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमित कुमार ने निभाई। वहीं, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अन्नपूर्णा मिश्रा और छविराम सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजन में वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय चैहान और नेहरू इंटर कॉलेज मझोला की प्रधानाचार्य शोभा वर्मा ने विशेष सहयोग दिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में इंतजार खान, राशिका देव, चांदनी राम, जावेद हुसैन, साधना गुप्ता, सुनील कुमार और पारुल शामिल रहे। कार्यक्रम में लता, हेमंत, महेंद्र, सुनीता, वीरपाल और गगन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन हरिओम बाजपेयी ने किया। युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब चार नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले मंडल स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसकी सूचना विभाग की ओर से दी जाएगी। कार्यक्रम का समापन जिला विकास अधिकारी संजय कुमार के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके परिजनों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा, नया पोर्टल होगा मददगार

पीलीभीत। मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ठ-च्डश्र ल्) के तहत नया पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के संचालन और इसकी कार्यप्रणाली को लेकर सूचना निदेशालय के सभागार में सूचना निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल की विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सूचना निदेशक विशाल सिंह ने पोर्टल को गो-लाइव किए जाने की सहमति प्रदान की। इसके बाद स्टेट हेल्थ एजेंसी, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अधिकारियों ने पोर्टल की कार्यप्रणाली का प्रस्तुतिकरण किया। अधिकारियों ने लाइव डेमो के माध्यम से मान्यता प्राप्त पत्रकारों के



आयुष्मान कार्ड जारी करने, आवेदन करने, सत्यापन कराने और कार्ड डाउनलोड करने की पूरी प्रक्रिया समझाई। इस कार्यक्रम में मुख्यालय के साथ प्रदेश के सभी जिला सूचना कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि पोर्टल को पत्रकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके परिजनों को इसका लाभ जल्द मिल सके। उन्होंने प्रदेश के सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उनकी सभी आवश्यक औपचारिकताएं एक सप्ताह के भीतर पूरी कराकर संबंधित विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि इस संबंध में मुख्यालय को समय से अवगत कराया जाए, ताकि मुख्यालय स्तर पर आगे की कार्रवाई तेजी से सुनिश्चित की जा सके। सूचना निदेशक ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। बैठक में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, डॉ. जितेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आबकारी अधिनियम के मुकदमे में गैरहाजिर चल रहा वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजा

दियोरिया कलां। आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई से लगातार गैरहाजिर चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। निर्धारित पेशियों पर उपस्थित नहीं होने के कारण अदालत ने उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। न्यायिक आदेश के अनुपालन में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव चक शिवपुरी निवासी छोटे लाल पुत्र दुर्गा प्रसाद के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज है। प्रकरण की सुनवाई न्यायालय में चल रही है। इसके बावजूद आरोपी लंबे समय से नियत तिथियों पर उपस्थित नहीं हो रहा था। बार-बार पेशी से अनुपस्थित रहने पर अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया था। वारंट जारी होने के बाद दियोरिया कलां पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। पुलिस ने छोटे लाल को गिरफ्तार कर विधिक औपचारिकताएं पूरी कीं। इसके बाद उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट का तामील कराते हुए कार्रवाई पूरी की।

धान खरीद में किसानों की दुश्वारियां दूर करने की मांग, सपा पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बीसलपुर, पीलीभीत। 130 विधानसभा बीसलपुर क्षेत्र में धान खरीद को लेकर किसानों को हो रही परेशानियों के समाधान की मांग उठने लगी है। सरकारी धान क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाओं और खरीद प्रक्रिया में देरी का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने किसानों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने और सरकारी केंद्रों पर धान खरीद सुचारु रूप से शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि सरकारी धान क्रय केंद्रों के देर से शुरू होने के कारण किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मजबूरी में किसानों को अपनी उपज व्यापारियों के हाथों कम कीमत पर बेचनी पड़ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। सपा पदाधिकारियों ने धान की तौल में तेजी लाने, टोकन व्यवस्था दुरुस्त करने, किसानों का समय से सत्यापन कराने और खतौनी में अंश संबंधी त्रुटियों को जल्द दूर कराने की मांग की। इस दौरान सपा नेता 'डॉ. रत्नेश गंगवार' ने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए सरकारी क्रय केंद्रों पर



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खतौनी में अंश संबंधी गड़बड़ियों के चलते किसानों को लेखपालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं, बीसलपुर मंडी समिति में भी धान खरीद सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर किसानों का सत्यापन समय से कराया जाए तथा उनकी उपज की सरकारी निर्धारित दर पर खरीद सुनिश्चित की जाए। सपा पदाधिकारियों ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। प्रशासन को धान खरीद से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका जल्द समाधान कराना चाहिए, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए भटकना न पड़े और उन्हें उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान रामप्रताप गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा, सछास जिलाध्यक्ष अभिषेक गंगवार, इशतयाक मंसूरी, मो. अंसार मंसूरी, बीसलपुर नगर अध्यक्ष बलीउल्लाह खां, विधानसभा बीसलपुर महासचिव डॉ. यासीन अंसारी, सछास प्रदेश सचिव वीरेश यादव, द्वारिका सिंह चैहान, रूप सिंह, राम सिंह गंगवार, मीनाक्षी गंगवार सहित समाजवादी पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुनगढ़ी पुलिस ने 72 घंटे में किया आभूषण छिनैती की घटना का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

पीलीभीत। सुनगढ़ी थाना पुलिस और एसओजी टीम ने आभूषण छिनैती की एक घटना का 72 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया पीली धातु का मंगलसूत्र व लॉकेट, एक जोड़ी कान के टॉप्स और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अथर्व उर्फ वंश कश्यप पुत्र अनुज कश्यप और अभिषेक उर्फ आयुष पुत्र सोनी, निवासी कोहड़ापीर, थाना प्रेमनगर, जनपद बरेली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 23 अक्टूबर 2026 को सुनगढ़ी थाना क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दो अज्ञात व्यक्ति कमरा किराये पर लेने के बहाने उनके घर आए थे। इसी दौरान दोनों ने अचानक झपट्टा मारकर उनके कान के टॉप्स और गले में पहना मंगलसूत्र छीन लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना सुनगढ़ी में मुकदमा अपराध संख्या 522ध्2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने एसओजी, सर्विलांस और अन्य टीमों को लगाया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद 27 अक्टूबर को सुनगढ़ी पुलिस और एसओजी टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला व अन्य बैरकों, भोजनालय तथा अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से भोजन की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व जेलर सहित अन्य उपस्थित रहे।



कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर

पत्रांकः-1164/न.पा.परि.बी./2026-27 दिनांक 24-10-2026

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बीसलपुर राज्यवित्त/पालिका निधि से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/ राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/अन्य सरकार विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादातों से प्रतिशत दर से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिनके लिये ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट (http:etender.up.nic.in) पर उपलब्ध है। निविदादातों को सलाह दी जाती की उक्त ई-निविदा में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन को देखने के लिये वेबसाइट का समय-समय का अवलोकन करते रहें।

विवरण निम्नांकित है-

बिड प्रकाशन/अपलोड करने की तिथि	28-10-2026	अपराहन 11:00 बजे से
आनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि	28-10-2026	अपराहन 11:00 बजे से
बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि	12-11-2026	अपराहन 5:00 बजे तक
बिड खुलने की तिथि	13-11-2026	अपराहन 10:00 बजे से खुलने तक

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)

कार्यालय नगर पालिका परिषद,पीलीभीत

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है किं नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा पालिका निधि/रा0वि0 आयोग के अर्न्तगत निम्न विवरण अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उ0 प्रा0 की ई प्रोक्योरमेंट की बेबसाइट http:etender.up.nic.in में उपलब्ध है ।

Bid Publishing Date	27—10—2026
Bid Download and upload Date	27—10—2026
Last Date &time of bid submission	02—11—2026 Time - 03:00 PM
Date & time of tecnical bid opening	02—11—2026 Time - 05:00 PM

1-निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। तकनीकि विड खुलने के वाद फाइनेंन्शियल बिड खोली जायेगी। नियम एवं शर्तें पालिका के निर्माण विभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

2-निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद पीलीभीत के ऐक्सेस बैंक खाता सं0 628010100006255 आई0एफ0एस0सी0 कोड UTIB0000628 NEFT/RTGS द्वारा जमा करने के उपरान्त रसीद की स्कैन कापी एवं जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। जमानत धनराशि NEFT/RTGS के माध्यम से भी उपरोक्त बैंक खाते में जमा की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत

लूटकी खुली छूट

सर्वोच्च न्यायालयने कैंसरकी दवाओंपर भारी मुनाफेकी खुली लूटपर कड़ी टिप्पणी करते हुए एक बड़ा सवाल भी खड़ा कर दिया है कि आखिर पूरा तंत्र दवा निर्माता कम्पनियोंकी क्यों मदद कर रहा है? कैंसरकी दवाओंपर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और रिटेल विक्रेताओंको मिलने वाली कीमत (रिटेलर प्राइस) में भारी अन्तरपर मंगलवारको न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहताकी पीठने जो कड़ी टिप्पणी है वह सरकार और दवा निर्माता कम्पनियोंको कड़ा सन्देश भी है। पीठका यह भी कहना महत्वपूर्ण है कि दवाओंके मूल्य निर्धारणमें इतना बड़ा अन्तर होनेके बाद भी पूरा तंत्र दवा निर्माताओंकी सहायतामें क्यों सक्रिय है? यह लूटकी खुली छूट जैसा है। साथ ही यह भी सवाल उत्पन्न होता है कि क्या निर्माताओंको मनमानी करनेकी छूट दी जानी चाहिए? यह मुद्दा आम नागरिकों और गरीब मरीजोंसे जुड़ा है। यह केवल व्यापारका मामला नहीं है। पीठने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की भूमिकाको भी कटघरेमें खड़ा कर दिया है और कहा है कि एनपीपीए पूरी तरहसे निष्क्रिय निकाय लगता है। पीठका यह भी कहना है कि ११ हजार रुपयेमें मिलने वाला कीमोथैरिपीका इंजेक्शन एक लाख ३० हजार रुपयेमें कैसे बेचा जा रहा है और मूल्योंके बीच भारी अन्तरका धन कहां जा रहा है? वस्तुत: सर्वोच्च न्यायालयकी कड़ी टिप्पणीको केवल दवा निर्माता कम्पनियों या निजी अस्पतालोंकी आलोचनाके रूपमें देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह मामला भारतकी स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीजोंके अधिकारसे सीधे जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालयने दवाओंकी खरीद और बिक्री मूल्योंमें इस भारी अन्तरको अत्यन्त गम्भीर माना है और कहा है कि मरीजोंको इस प्रकारकी कीमत क्यों चुकानी पड़ रही है? सर्वोच्च न्यायालयकी चिन्ता केवल यह नहीं है कि कोई कम्पनी अधिक मुआवजा कमा रही है। मूल प्रश्न यह है कि क्या जीवनरक्षक दवाओंके बाजारमें मरीजकी मजबूरीका फायदा उठाया जा सकता है? कैंसर जैसी बीमारीमें मरीज और परिवारके पास दवा खरीदनेके अलावा कोई विकल्प नहीं होता है और वह कीमतपर मोलभाव करनेकी स्थितिमें भी नहीं होता है। ऐसेमें बाजारकी सामान्य मांग-आपूर्ति वाली अवधारणा कमजोर पड़ जाती है। इस पूरे प्रकरणमें अलग-अलग स्तरपर शुल्क लिया जा रहा है। अस्पताल और डाक्टरोंकी मनमानी कमाई और उपहार तथा अन्य सुविधाएं देनेकी संस्कृतिसे भी दवाओंके मूल्य बढ़ जा रहे हैं। इसे कैसे रोका जाय इसपर सरकारको सोचना होगा। निगरानी तंत्रको भी मजबूत करना होगा तभी मूल्योंमें कमी आ सकती है।

वायु प्रदूषणका दंश

वायु प्रदूषण पृथ्वीके जीवधारियोंके अस्तित्वके लिए बड़े खतरेका संकेत हैं। इसे नियंत्रित करनेके लिए वैश्विक मंचोंसे बातें तो बड़ी-बड़ी की जाती हैं और इसके निदानके लिए रास्ते भी सुझाये जाते हैं लेकिन यह महज कागजोंतक सिमटकर रह जाता है। कोई भी देश इस समस्याको गम्भीरतासे नहीं लेता। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है। भारतके शहरोंको स्वच्छ हवा देनेके लिए पिछले सात सालोंमें १२ हजार करोड़ रुपयेसे अधिक खर्च किये गये, इसके बावजूद देशके ९० प्रतिशत शहरोंमें प्रदूषणका स्तर निर्धारित मानकके अनुरूप नहीं हो सका। दिल्लीकी स्थिति सर्वाधिक चिन्ताजनक है। आंकड़ोंपर गौर करें तो वर्ष २०१६ से २०२५ तक राजधानीका वार्षिक औसत स्तर किसी भी साल राष्ट्रीय मानकोंके अनुरूप नहीं रहा। सेण्टर फार रिसर्च आन एनर्जी एण्ड क्लीन एयरके स्वतंत्र विश्लेषणके अनुसार जनवरी २०१९ में शुरू किये गये इस कार्यक्रममें सात साल बाद भी प्रदूषण नियंत्रणकी तस्वीर सन्तोषजनक नहीं है। खास बात यह है कि प्रदूषित हवाका दुष्प्रभाव जीवधारियोंपर तो पड़ ही रहा है, कृषि उत्पादपर भी इसका व्यापक प्रभाव दिख रहा है जो देशके विकास और अर्थव्यवस्थाके लिए शुभ संकेत नहीं है। हवा क्यों प्रदूषित हो रही है, इसके कारण और निवारणके बारेमें सोचना और इसके लिए सख्त कदम उठाना होगा। प्रदूषणपर आक्सफैमकी रिपोर्ट चौंकाने वाली है। इसके अनुसार दुनियाके सबसे अमीर करीब ८० लाख लोग न केवल प्रदूषण फैलानेमें आगे हैं, बल्कि इससे होने वाली प्राकृतिक आपदाओंसे दोहरा मुनाफा कमानेमें भी आगे हैं। ये धनकुबेर दुनियाकी सबसे गरीब ३५० करोड़ आबादीके मुकाबले ज्यादा कार्बन प्रदूषण फैलाते हैं। इन बेहद अमीर लोगोंका ऐसे कारोबारमें भारी निवेश है, जो पर्यावरणको नुकसान पहुंचा रहे हैं और आपदाओंसे राहत, बचाव, मरम्मत और पुनर्निर्माणसे जुड़े कारोबारमें भारी निवेश कर दो गुना मुनाफा कमा रहे हैं। ऐसे लोगोंपर अन्तरराष्ट्रीय स्तरपर दबाव बनानेकी जरूरत है, तभी वायुकी गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

लोक संवाद

पर्यावरण का संरक्षण जरूरी

महोदय,-दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषणकी गम्भीर चुनौतीका सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षणकी जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषणके मुद्देपर विकासशील देशोंको अक्सर कठघरेमें खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकोंतक संसाधनोंका अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषणकी जिम्मेदारी तय करनी है तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जनको भी ध्यानमें रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधोंके नामपर विकासशील देशोंके विकासको बाधित करना न्यायसंगत नहीं है। पर्यावरण संरक्षण व्यापारिक प्रतिस्पर्धाका हथियार नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोगका माध्यम होना चाहिए। विकसित देशोंको अपना फर्ज समझना होगा। **-महेश कुमार, वाया ईमेल।**

व्यापार समझौते की सम्भावना

हालमें ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने कहा कि भारत और अमेरिका एक नये व्यापार समझौतेको अंतिम रूप देनेके बेहद करीब हैं। डोनाल्ड ट्रम्पने स्पष्ट किया कि दोनों देश समझौता करनेके इच्छुक हैं और यह नया सौदा पिछले सभी द्विपक्षीय समझौतोंसे काफी अलग होगा।

❐ **डा. जयंतीलाल भंडारी**

हालमें ही अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरेपर आये। मार्कोने २० से २२ अक्तूबरके बीच भारत दौरेके दौरान भारतीय परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकर और अन्य शीर्ष नेताओंके साथ व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा सहयोगके मुद्दोंपर विस्तृत चर्चा की। रुबियोने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के जामनगर संयंत्रका दौरा किया और भारतकी इस अनूठी रिफायनिंग क्षमताकी सरहाना की। रुबियोने यह भी कहा कि भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता अब अंतिम और तकनीकी स्तरपर पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दशकोंमें वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्रपर भारत और अमेरिकाके संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारीके रूपमें उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्यमें ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी नयी आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीतिके कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारतके समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजारमें अपने मजबूत निर्यातको सुरक्षित रखनेकी चुनौती है तो दूसरी तरफ रूससे रियायती दरोंपर अपनी ऊर्जा जरूरतोंकी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चितकरनेका रणनीतिकसंतुलन साधनेका दबाव है। इस खींचतानके बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमोंमें अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओंपर प्रस्तावितशुल्ककी चुनौतियोंके बावजूद अमेरिकाके राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री रुबियोकी हालिया सकारात्मक टिप्पणियोंसे भारत और अमेरिकाके बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) एक नयी पटकथाके साथ उभरते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि १९९१ के आर्थिक उदारीकरणके बादसे लेकर २०१६ तक भारत और अमेरिकाके बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधोंमें एक प्रभावी दौर देखनेको मिला। वर्ष २००० मैं दोनों देशोंके बीच वस्तुओं एवं सेवाओंका द्विपक्षीय व्यापार लगभग छह गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तरपर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाजारमें भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नोंकी मांगमें जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारतकी आर्थिक साख वैश्विक स्तरपर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगतिको २००८ के ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते और २०१६ में भारतको मिले मेजर डिफेंस पार्टनरके दर्जेसे गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकियोंके हस्तांतरणके नये द्वार खुलनेके साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कम्पनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रोने अमेरिकी अर्थव्यवस्थामें महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच१बी वीजा नीतिने भारतीय कुशल पेशेवरोंको अमेरिकामें कार्य करने और वैश्विक पहचान बनानेके पर्याप्त अवसर प्रदान किये। निवेशके दृष्टिकोणसे भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां २००० से २०१६ के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कम्पनियोंने भारतके तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रोंमें भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही भारतीय कम्पनियोंने भी अमेरिकी बाजारमें अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।ट्रम्प कालमें शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियोंसे ठीक पहलेतक दोनों देशोंके आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोगकी मजबूत नींवपर लगातार आगे बढ़ते रहे। ऐसेमें अब अमेरिकासे व्यापार समझौतेकी संभावनाओंका सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। हालमें १७ अक्तूबरको अमेरिकी प्रशासन द्वारा लींडसे ग्राहम अधिनियमके तहत रूसी तेल खरीददारोंपर सौ प्रतिशत टैरिफ लगानेके कठोर फैसलेको ६० दिनोंके लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य-पूर्वके तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्षसे उपजे ऊर्जा संकटके बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियोने भारतकी ऊर्जा जरूरतों और स्रोतोंके विविधीकरणकी सराहना की है। रूससे प्रतिस्पर्धी दरोंपर कच्चा तेल खरीदनेकी इस छूटसे भारतमें ईंधनकी लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजारमें महंगीका दबाव कम होगा। इसके साथ ही इस फैसलेने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रोंके भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चिततासे बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरोंका प्रवाह बनाये रखनेमें मदद की है। नि:संदेह तेल टैरिफपर ६० दिनोंकी राहतके बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमोंमें सख्तीके कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कारपोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञोंपर संकट गहराता जा रहा है। एच१बी वीजापर लगाये गये एक लाख डालरके अतिरिक्त शुल्कको एक वर्षके लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रियाको बेहद सख्त करनेसे बड़ी भारतीय आईटी कम्पनियोंके पंजीकरणमें ९२ प्रतिशततककी भारी गिरावट दर्ज की गयी है, जबकि कुल मंजूर एच१बी वीजामें भारतीयोंकी हिस्सेदारी लगभग ७१ प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त नौकरी छूटनेके बाद मिलने वाले ६० दिनोंके वैधानिक ग्रेस पीरियडको खत्म करनेका नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरोंके लिए गम्भीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जायगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुन: आवेदन करनेकी बाध्यता होगी। ऐसेमें अमेरिकासे आर्थिक अनिश्चितता और संरक्षणवादके इस दौरमें भारतको केवल रक्षात्मक रुख अपनानेके बजाय अपने राष्ट्रीय आर्थिक हितोंकी सुरक्षाके लिए एक दीर्घकालिक और बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। अमेरिका और यूरोपीय संघपर अत्यधिक निर्भरता कम करनेके लिए लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य पूर्वके गैर-पारम्परिक बाजारोंमें भारतीय उत्पादोंकी पैठ बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओंके साथ लंबित मुक्त व्यापार समझौतोंको तेजीसे अंतिम रूप देना होगा।घरेलू स्तरपर उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओंका विस्तार करना होगा और सेवाक्षेत्रकोकृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर तथा उच्च प्रौद्योगिकीकीदिशामें अपग्रेड करना होगा, ताकि अमेरिकीनीतियोंके झटकोंका प्रभाव न्यूनतम किया जा सके। भारत और अमेरिकाके बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौतेकी वार्ताके तहत भारतको सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धाके बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारतको कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रोंमें अपने राष्ट्रीय हितोंकी रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रोंसे भारतकी विशाल आबादीकी आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरीपर अमेरिकी टैरिफ दरोंको शून्य या न्यूनतम स्तरपर लानेके लिए भारतको कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकोंको अमेरिकी बाजारमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंतत: अमेरिका द्वारा मिली ६० दिनोंकी यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारतके लिए महज एक सांकेतिक छूट नहीं है। यह ६० दिनोंका समय भारतको नये सिरेसे संजोनेका एक प्रभावी अवसर प्रदान करता है।



भारत और अमेरिकाके बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौतेकी वार्ताके तहत भारतको सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धाके बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारतको कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रोंमें राष्ट्रीय हितोंकी रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रोंसे भारतकी विशाल आबादीकी आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरीपर टैरिफ दरोंको शून्य या न्यूनतम स्तरपर लानेके लिए भारतको कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकोंको अमेरिकी बाजारमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे।

साइबर सुरक्षाकी जानकारी आवश्यक

डिजिटल इंडियाने देशमें सुविधाओंके नये रास्ते खोले हैं। लेकिन इसकी सफलताका आकलन केवल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, मोबाइल ऐप या आनलाइन लेन-देनकी बढ़ती संख्यासे नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब होगी जब सामान्य नागरिकको छोटेसे छोटे कामके लिए बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े।

❐ **रमेश धवाला**

भारतमें पिछले कुछ वर्षोंमें डिजिटल तकनीकने हमारे दैनिक जीवनको काफी बदल दिया है। कभी बिजलीका बिल जमा करने, पैसे भेजने या सरकारी प्रमाण-पत्र बनवानेके लिए लम्बी कतारोंमें खड़ा होना पड़ता था। आज इनमेंसे अनेक काम मोबाइल फोनसे किये जा सकते हैं। वर्ष २०१५ में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके नेतृत्वमें शुरू हुए डिजिटल इंडिया अभियानने देशमें डिजिटल सेवाओंको बढ़ानेकी दिशामें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। हालांकि इस बदलावके साथ एक सवाल भी जुड़ा है कि क्या इन सुविधाओंका लाभ समाजके हर वर्गतक समान रूपसे पहुंच रहा है। डिजिटल इंडियाका सबसे बड़ा उद्देश्य सरकारी सेवाओंको आम नागरिकके लिए सरल और सुलभ बनाना रहा है। आज अनेक प्रमाण-पत्रोंके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डिजिलॉकर जैसी सुविधाओंने जरूरी दस्तावेजोंको सुरक्षित रखने और आवश्यकता पड़नेपर उपलब्ध करानेका रास्ता आसान किया है। इससे लोगोंके समय और पैसेकी बचत हुई है। लेकिन कई बार वेबसाइट ठीकसे काम नहीं करती या आवेदन लम्बे समयतक लम्बित रहते हैं। ऐसी स्थितिमें नागरिकको वही परेशानी उठानी पड़ती है जिससे बचानेके लिए आनलाइन व्यवस्था बनायी गयी थी। इसलिए तकनीकके विस्तारके साथ प्रशासनिक जवाबदेही भी जरूरी है। डिजिटल भुगतानने भी भारतीय समाजमें बड़ा बदलाव लाया है। आज छोटे दुकानदार, सब्जी विक्रेता और रेहड़ी लगाने वाले भी यूपीआईसे भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इससे नकद पैसे रखनेकी जरूरत कम हुई है और लेन-देन अधिक सुविधाजनक बना है। हालांकि इसके साथ आनलाइन धोखाधड़ीकी घटनाओंने नयी चिन्ताएं पैदा की हैं। फर्जी संदेश, अनजान लिंक और ओटीपीके माध्यमसे ठगीके मामले बताते हैं कि डिजिटल सुविधाओंके साथ लोगोंको साइबर सुरक्षाकी जानकारी देना भी आवश्यक है। सरकारी योजनाओंका लाभ सीधे लोगोंके बैंक खातोंमें पहुंचानेकी व्यवस्था भी महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरणसे बिचौलियोंकी भूमिका कम करनेमें सहायता मिली है। फिर भी कुछ लोगोंको आधार, बैंक खाते या तकनीकी समस्याओंके कारण कठिनाइयोंका सामना करना पड़ता है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रोंमें बुजुर्गों और कम पढ़े-लिखे नागरिकोंके लिए ये प्रक्रियाएं आसान नहीं हैं। ऐसी स्थितिमें सहायता केन्द्रों और वैकल्पिक व्यवस्थाओंकी भूमिका बढ़ जाती है। किसी पात्र व्यक्तिको केवल तकनीकी समस्याके कारण सरकारी सहायतासे वंचित नहीं होना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्यके क्षेत्रमें भी डिजिटल तकनीककी उपयोगिता बढ़ी है। ऑनलाइन कक्षाओं, अध्ययन सामग्री और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमोंने विद्यार्थियोंके लिए नये अवसर पैदा किये हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और डिजिटल रिकॉर्डसे मरीजोंको सुविधा मिल सकती है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओंका उद्देश्य पात्र परिवारोंको उपचारके खर्चसे राहत देना है। लेकिन यह भी समझना होगा कि डिजिटल कार्ड, ऑनलाइन पाठ्यक्रम या प्रमाण-पत्र अपने आप बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओंकी गारंटी नहीं हैं। इनके लिए अच्छे संस्थान, प्रशिक्षित कर्मचारी और आवश्यक संसाधन भी चाहिए। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यमें डिजिटल सुविधाओंका महत्व और अधिक है। यहां अनेक गांव जिला मुख्यालयों और सरकारी कार्यालयोंसे काफी दूर स्थित हैं।किसी छोटेसे कामके लिए भी लोगोंको लम्बी यात्रा करनी पड़ती है। हिमसेवा और लोकमित्र केन्द्रों जैसी व्यवस्थाएं इस दूरीको कम करनेमें सहायक हो सकती हैं। यदि गांवमें ही प्रमाण-पत्र, बिल भुगतान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हों तो लोगोंको बड़ी राहत मिल सकती है। प्रदेशके पर्यटन और बागवानी क्षेत्रोंमें भी डिजिटल तकनीक नयी संभावनाएं लेकर आयी है। छोटे होटल और होमस्टे संचालक ऑनलाइन बुकिंगसे पर्यटकोंतक पहुंच रहे हैं। बागवान मौसम, मंडी भाव और बाजारकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे उनके लिए बेहतर निर्णय लेना सम्भव होता है। लेकिन पहाड़ी क्षेत्रोंमें कमजोर मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेटकी समस्या अब भी गम्भीर है। कई दूरदराजके गांवोंमें इंटरनेटकी गति इतनी कम होती है कि सामान्य ऑनलाइन आवेदन भरना भी मुश्किल हो जाता है। डिजिटल भारतकी एक बड़ी चुनौती समाजमें मौजूद डिजिटल असमानता है। शहरोंमें रहने वाले शिक्षित और आर्थिक रूपसे सक्षम लोगोंके लिए तकनीकका उपयोग अपेक्षाकृत आसान है। इसके विपरीत गरीब परिवारों, बुजुर्गों और ग्रामीण नागरिकोंके सामने अनेक कठिनाइयां हैं। स्मार्टफोनकी कीमत, इंटरनेटका खर्च, भाषाकी समस्या और तकनीकी जानकारीका अभाव उन्हें पीछे छोड़ सकता है। इसलिए डिजिटल सेवाओंको केवल अंग्रेजी या कठिन प्रशासनिक भाषातक सीमित नहीं रखना चाहिए। हिन्दी और स्थानीय भाषाओंमें सरल निर्देश उपलब्ध कराना भी जरूरी है। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न नागरिकोंकी निजी जानकारीकी सुरक्षाका है। आज बैंक, पहचान और स्वास्थ्यसे जुड़ी बहुत-सी जानकारी डिजिटल माध्यमोंमें दर्ज होती है।इसका गलत उपयोग लोगोंके लिए गम्भीर परेशानी पैदा कर सकता है। इसलिए सरकार और संबंधित संस्थाओंको डेटा सुरक्षा, शिकायत निवारण और साइबर जागरूकतापर लगातार ध्यान देना होगा। लोगोंका विश्वास बनाये रखना किसी भी डिजिटल व्यवस्थाकी सफलताके लिए आवश्यक है। निस्संदेह डिजिटल इंडियाने देशमें सुविधाओंके नये रास्ते खोले हैं। लेकिन इसकी सफलताका आकलन केवल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, मोबाइल ऐप या ऑनलाइन लेन-देनकी बढ़ती संख्यासे नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब होगी जब किसी दूरस्थ गांवका बुजुर्ग बिना परेशानी अपनी पेंशन प्राप्त कर सके, कोई विद्यार्थी संसाधनोंके अभावमें शिक्षासे वंचित न रहे और सामान्य नागरिकको छोटेसे छोटे कामके लिए बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े। तकनीक तभी सार्थक है जब वह लोगोंका जीवन आसान बनाये।

आत्मबोध

मासानां कार्तिकः श्रेष्ठः

❐ **अनिरुद्ध जोशी**

कार्तिक मास भारतीय संस्कृतिका सबसे पवित्र और ऊर्जावान समय माना जाता है। चातुर्मासका अंतिम पड़ाव होनेके कारण शास्त्रोंमें इसे सभी महीनोंमें शिरोमणि 'मासानां कार्तिक: श्रेष्ठ:' की संज्ञा दी गयी है। यह वही पावन समय है जब चार महीनेकी योगनिद्राके बाद भगवान श्री हरि विष्णु जागते हैं और सृष्टिका संचालन पुन: संभालते हैं, जिससे इस माहमें किये गये हर धार्मिक कार्यका फल अनन्त गुना हो जाता है। इस पावन मासको दामोदर मास भी कहा जाता है। इस दौरान भगवान विष्णु और माता लक्ष्मीकी आराधना जीवनको सुख, समृद्धि और धन-धान्यसे सराबोर कर देती है। कार्तिक और तुलसी जीका नाता बेहद गहरा है। इस पूरे महीने तुलसीके पौधेके पास दीप जलाना और तुलसी विवाहका आयोजन करना घरमें असीम शुभता लाता है। पद्म एवं स्कन्द पुराणके अनुसार, यह महीना जीवनके चारों पुरुषार्थों-धर्म, अर्थ, काम और मोक्षको साधनेका समय है। इस दौरान तड़के पवित्र नदियोंमें डुबकी लगानेसे मन और आत्मा पूरी तरह शुद्ध हो जाते हैं। करवा चौथका अटूट प्रेम, दीपावलीकी जगमगाहट, गोवर्धन पूजाकी श्रद्धा, भाई दूजका स्नेह और छठ पूजाका महासंकल्प-ये सभी बड़े पर्व इसी एक महीनेको खुशियोंसे भर देते हैं। कार्तिक पूर्णिमाके दिन जब भगवान शिवने असुर तारकासुरका संहार किया था, तब देवताओंने खुश होकर दीप जलाये थे। इसी कारण इस दिन गंगा स्नान और दीपदानका अभूतपूर्व महत्व है। कार्तिक मासकी मुख्य पौराणिक कथाएं हैं, जैसे धनवंतरी जयंती कथा, लक्ष्मी पूजा कथा, नरक चतुर्दशीकी कथा, यम और यमुनाकी कथा, गोवर्धन पूजाकी कथा आदि, लेकिन सबसे ज्यादा महत्व तारकासुरके वधकी कथाका माना जाता है। पौराणिक कथाके अनुसार, तारकासुर नामके एक शक्तिशाली दैत्यने कठोर तपस्या करके ब्रह्मा जीसे वरदान प्राप्त किया कि उसकी मृत्यु केवल भगवान शिवके पुत्रके हाथों ही हो सकती है। वरदान मिलनेके बाद तारकासुरने तीनों लोकोंमें अत्याचार मचाना शुरू कर दिया और देवताओंको स्वर्गसे निष्कासित कर दिया। तारकासुरके तीन पुत्र थे-ताराक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली। इन्होंने ब्रह्मा जीकी तपस्या करके तीन अजेय नगरोंका निर्माण कराया, जिन्हें त्रिपुर कहा गया। ये नगर सोने, चांदी और लोहेके बने थे और अंतरिक्षमें उड़ सकते थे। वरदान यह था कि तीनों नगर १००० वर्षोंमें केवल एक बार ही एक सीधी रेखामें आयंगे और उन्हें केवल एक ही तीरसे नष्ट किया जा सकता था। दैत्योंके अत्याचारसे पीड़ित होकर सभी देवता भगवान शिवकी शरणमें पहुंचे। शिव जीने देवताओंकी रक्षाका वचन दिया। कार्तिक पूर्णिमाके दिन जब तीनों नगर (त्रिपुर) एक सीधी रेखामें आये, तब भगवान शिवने अपने दिव्य धनुष और एक ही बाणसे तीनों नगरोंको भस्म कर दिया और तारकासुर एवं उसके पुत्रोंका अंत कर दिया।

अखण्ड सौभाग्य प्रदाता चौथव्रतोत्सव

❐ **रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां सालके सभी दिनोंका महत्व होता है तथा सालका हर दिन पवित्र माना जाता है। भारतमें करवा चौथ हिन्दुओंका एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मासकी कृष्ण पक्षकी चतुर्थीको मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदयसे पहले करीब ४ बजेके बाद शुरू होकर रातमें चन्द्रमा दर्शनके बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियोंसे लेकर आधुनिक महिलाएं करवा चौथका व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साहके साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार १२ अथवा १६ वर्षतक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होनेके पश्चात इस व्रतका उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रतको कर सकती हैं। करवा चौथका व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियोंके लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्योहार है, बल्कि यह पति-पत्नीके पवित्र रिश्तोंका पर्व है। कहनेको तो करवा चौथका त्योहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओंका सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्पसे यमराजसे भी अपने पतिके प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आजके नये जमानेमें भी हमारे देशमें महिलाएं हर वर्ष करवा चौथका व्रत पहलेकी तरह पूरी निष्ठा एवं भावनासे मनाती है। सूर्योदयसे लेकर चंद्रोदयतक पत्नियां अपने पतिके प्रति पूरे प्रेम और सम्मानके साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्योहार हर साल कार्तिक मासके कृष्ण पक्षकी चतुर्थीको मनाया जाता है।शास्त्रोंके अनुसार पतिकी दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्यकी प्राप्तिके लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जीकी पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथमें दिनभर उपवास रखकर रातमें चन्द्रमाको अर्घ्य देनेके उपरान्त ही भोजन करनेका विधान है। वर्तमान समयमें करवा चौथव्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवारमें प्रचलित प्रथाके अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदयकी प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमाके उदित हो जानेपर चंद्रमाका पूजन कर अर्घ्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों एवं पतिके माता-पिताको भोजन करायें। भोजनके पश्चात ब्राह्मणोंको यथाशक्ति दक्षिणा दें। कार्तिक कृष्ण पक्षकी चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात् उस चतुर्थीकी रात्रिको जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रात: स्नान करके अपने पतिकी आयु, आरोग्य, सौभाग्यका संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमाका पूजन करें। शुद्ध घीमें आटेको सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनायें। काली मिट्टीमें शक्करकी चासनी मिलाकर उस मिट्टीसे तैयार किये गये मिट्टीके अथवा तांबेके बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार १० अथवा १३ करवे रखें। करवा चौथके बारेमें व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वतपर गये। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलनेपर उन्होंने कृष्ण भगवानका ध्यान किया और अपनी चिन्ता व्यक्त की। कृष्ण भगवानने कहा बहना इसी तरहका प्रश्न एक बार माता पार्वतीने शंकरजीसे किया था। पूजन कर चंद्रमाको अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। करवेका आपसमें आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेमभावको बढ़ाता है। पूजन करनेके बाद महिलाएं अपने बड़ोंको प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजीने माता पार्वतीको करवा चौथका व्रत बतलाया।आधुनिक होते समाजमें भी महिलाएं अपने पतिकी दीर्घायुको लेकर सचेत रहती है। इसीलिए वह पतिकी लम्बी उम्रकी कामनाके साथ करवा चौथका व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नीका अपने पतिसे कितने भी गिले-शिकवे रहें हो परन्तु करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वह एकाग्र चित्तसे अपने सुहागकी लम्बी उम्रकी कामनासे व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात् मिट्टीका बर्तन और चौथ अर्थात् चतुर्थीसे मिलकर बना है। इस पर्वपर मिट्टीके करवेका विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहारकी प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मोंको श्रद्धाके साथ निभाती हैं। किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदायकी सौभाग्यवती स्त्रियोंको ही यह व्रत करनेका अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पतिकी आयु, स्वास्थ्य एवं सौभाग्यकी कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टीकी वेदीपर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमाकी स्थापना करें। मूर्तिके अभावमें सुपारीपर नाल बांधकर ईश्वरका स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवोंका पूजन करें। करवोंमें लड्डूका नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र एवं एक विशेष करवा दक्षिणाके रूपमें अर्पित कर पूजन समापन करें। दिनमें करवाचौथ व्रतकी कथा पढ़ें अथवा सुनें। इस व्रतको करनेसे स्त्रियां अपने सुहागकी रक्षा हर आने वाले संकटसे वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मणने की थी। प्राचीनकालमें एक ब्राह्मण था। उसके चार लड़के एवं एक गुणवती लड़की थी। एक बार लड़की मायकेमें थी। तब करवा चौथका व्रत पड़ा। उसने व्रतको विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, परन्तु उसके चारों भाई परेशान थे कि बहनको प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, परन्तु बहन चंद्रोदयके बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयोंसे न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहनको बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपलकी पेड़पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनीसे रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाईने नीचेसे बहनको आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो। बहनने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पतिकी मृत्यु हो गयी। अब वह दु:खी हो विलाप करने लगी। तभी वहांसे रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दु:ख न देखा गया। ब्राह्मण कन्याने उनके पैर पकड़ लिये और अपने दु:खका कारण पूछा। तब इंद्राणीने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किये करवा चौथका व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्षभरकी चौथका व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जायगा। उसने इंद्राणीके कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुन: सौभाग्यवती हो गयी। इसलिए प्रत्येक स्त्रीको अपने पतिकी दीर्घायुके लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदीने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आये। तभीसे हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहागके लिए करवा चौथ व्रत करती हैं। कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालचको त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थीका व्रतको पूर्ण करता है तो वह जीवनमें सभी प्रकारके दुखों और क्लेशोंसे मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देशमें चौथमाताका सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्यके सवाई माधोपुर जिलेके चौथका बरवाड़ा गांवमें स्थित है। चौथ माताके नामपर इस गांवका नाम बरवाड़ासे चौथका बरवाड़ा पड़ गया। यहांके चौथ माता मंदिरकी स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहानने करवाया था।

मेरठ-सहारनपुर की दोनों एमएलसी सीटें भाजपा के खाते में

श्रीचंद शर्मा और दिनेश गोयल ने फिर मारी बाजी

आज समाचार सेवा



● शिक्षक सीट पर 13,241 और स्नातक सीट पर 12,856 मतों से जीत, लगातार दूसरी बार विधान परिषद पहुंचेंगे दोनों नेता

सहारनपुर। मेरठ-सहारनपुर खंड की शिक्षक और स्नातक विधान परिषद सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। दोनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को बड़े मतांतर से पराजित कर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। शिक्षक सीट पर श्रीचंद शर्मा ने सपा प्रत्याशी डॉ. नितिन तोमर को 13,241 मतों से हराया, जबकि स्नातक सीट पर दिनेश गोयल ने सपा प्रत्याशी प्रमेंद्र सिंह भाटी एडवोकेट को 12,856 मतों से शिकस्त दी। नतीजे घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी।

मेरठ स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में मंगलवार सुबह मतगणना शुरू हुई। निर्वाचन अधिकारी एवं मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी की देखरेख में 14 टेबल पर मतगणना की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इस दौरान प्रत्याशियों के एजेंट भी मौजूद रहे। मतगणना के अंतिम आंकड़े सामने आने के बाद दोनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत की पुष्टि हुई। लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर श्रीचंद शर्मा और दिनेश गोयल ने विधान परिषद में अपना प्रतिनिधित्व बरकरार रखा है।

मेरठ-सहारनपुर शिक्षक एमएलसी सीट पर भाजपा प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा को कुल 18,099 मत प्राप्त हुए, जबकि सपा के डॉ. नितिन तोमर को 4,858 मत मिले। इस तरह श्रीचंद शर्मा ने 13,241 मतों के अंतर से जीत हासिल की। शिक्षक सीट पर कुल 31,214 मतदाताओं ने मतदान किया था। इनमें 28,405 मत वैध पाए गए, जबकि 2,809 मत अवैध घोषित किए गए। अन्य प्रत्याशियों में निर्दलीय सुशील चौधरी को 1,698, सुशील कुमार पुंडीर को 1,579 और डॉ. कुलदीप मलिक को 1,320 मत मिले। हरकेश सिंह को 236, पंकज शर्मा को 243, स्वराज पाल दूहण को 168, बाकर हुसैन को 132 और तनुज गंभीर को 72 मत प्राप्त हुए।

स्नातक एमएलसी सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश गोयल ने सपा के प्रमेंद्र सिंह भाटी एडवोकेट को 12,856 मतों से पराजित किया। दिनेश गोयल को कुल 24,929 मत मिले, जबकि प्रमेंद्र सिंह भाटी के पक्ष में 12,073 मत पड़े। इस सीट पर कुल 45,438 मतदाताओं ने मतदान किया था। इनमें 41,462 मत वैध पाए गए और 3,976 मत अवैध घोषित किए गए। अन्य प्रत्याशियों में राहुल कुशवाहा को 1,736, डॉ. अमित जैन को 977, दुष्यंत त्यागी को 607, विक्रांत वशिष्ठ को 454, विजय कुमार त्यागी को 401 और सय्यद अकरम रजा को 285 मत प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद दिनेश गोयल के समर्थकों ने जश्न मनाकर जीत की खुशी साझा की।

मतगणना स्थल पर पहुंचे भाजपा एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज और मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने दोनों विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। उन्होंने मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। अमित अग्रवाल ने जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व, सरकार की नीतियों तथा शिक्षकों और स्नातकों के समर्थन से जोड़कर देखा। वहीं, धर्मेंद्र भारद्वाज ने पार्टी कार्यकताओं की मेहनत और संगठनात्मक प्रयासों को जीत का महत्वपूर्ण आधार बताया।

दोनों प्रत्याशियों की जीत पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, क्षेत्रीय महामंत्री संजीव गोयल सिक्का, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. सोमेंद्र तोमर, डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी, पंडित सुनील भराला, डॉ. राहुल त्यागी, अजय भारद्वाज, राकेश माहेश्वरी और रेनू जोगी समेत कई नेताओं ने बधाई दी।

पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल संसाधनों से रोचक बनेगा भाषा शिक्षण

कैलाशपुर में 14 पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों को हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत की लैंग्वेज लैब के प्रभावी संचालन का दिया प्रशिक्षण

आज समाचार सेवा



गागलहेड़ी (सहारनपुर)। विद्यार्थियों में भाषा कौशल विकसित करने और शिक्षण कार्य में डिजिटल संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम श्री विद्यालय कैलाशपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनपद के 14 पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत विषयों की लैंग्वेज लैब के प्रभावी संचालन तथा कक्षा शिक्षण में डिजिटल संसाधनों के समुचित उपयोग की जानकारी दी गई।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में आयोजित प्रशिक्षण में टीसीआईएल की मास्टर ट्रेनर अदिति रतन और सुनील कुमार ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पाठ्य पुस्तकों के साथ डिजिटल संसाधनों का बेहतर समन्वय करते हुए शिक्षण कार्य करने पर जोर दिया। प्रशिक्षकों ने कहा कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके भाषा शिक्षण को अधिक रोचक, सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है। इससे विद्यार्थियों की भाषा संबंधी समझ विकसित करने और सीखने की प्रक्रिया को सहज बनाने में मदद मिलेगी।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को लैंग्वेज लैब के उपयोग और उसके माध्यम से विद्यार्थियों की भाषायी दक्षता बढ़ाने के तरीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि आधुनिक शैक्षिक संसाधनों का उद्देश्य केवल तकनीक का प्रयोग करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से सीखने के अवसर उपलब्ध कराना है। शिक्षक इन संसाधनों का योजनाबद्ध तरीके से उपयोग कर कक्षा शिक्षण को अधिक सहभागितापूर्ण बना सकते हैं।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शमा परवीन ने प्रशिक्षण को प्रभावशाली बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि होती है। प्रशिक्षित शिक्षक विद्यार्थियों को विषयवस्तु आसानी से समझाने और उनके अधिगम स्तर को बेहतर बनाने में अधिक सक्षम होंगे।

प्रशिक्षण में पीएम श्री विद्यालयों की शिक्षिकाएं रेखा रानी, सुनीता सैनी, मीनू ग्रेवाल, प्रीति वर्मा, कविता, प्रतिभा, गुलनाज, रीना, रुचि, सुमन चौरसिया, दीपा, अर्चना और ईरा चौहान सहित शिक्षक अम्बरीश, रामशरण, अशफाक और संजीव उपस्थित रहे।

नकुड़ बस अड्डे पर लूट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



नकुड़ (सहारनपुर)। नकुड़ कोतवाली पुलिस ने कस्बे के बस अड्डे पर हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए 1800 रुपये, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बोद्ध ने बताया कि बीती 11 अक्टूबर की रात कस्बे के बस अड्डे पर गांधीनगर निवासी राहुल के साथ दो बाइक सवार युवकों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी राहुल से 1850 रुपये, एटीएम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान ग्राम साल्हापुर निवासी शुभम राठी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से लूट की रकम में से 1800 रुपये, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी के अनुसार, बरामद बाइक भी चोरी की है, जिसे हरिद्वार जनपद से चुराया गया था। इस मामले में आरोपी का साथी मनीष पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बिहारीगढ़ पुलिस ने स्कूल में चोरी के आरोप में दो को पकड़ा



बिहारीगढ़। थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने ग्राम भगवतपुर टोंगियो स्थित प्राथमिक वन विद्यालय में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए मिड-डे मील के बर्तन भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, प्राथमिक वन विद्यालय भगवतपुर टोंगियो की इंचार्ज अध्यापिका पिंकी देवी ने सोमवार को स्कूल से मिड-डे मील के बर्तन चोरी होने के संबंध में थाना बिहारीगढ़ में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर बुधवार को अमित कुमार उर्फ बौना पुत्र रतन सिंह और कुशलपाल पुत्र धूम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए बर्तन भी बरामद किए। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों, पर्यवेक्षकों को दिया जा रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण

आज समाचार सेवा

● 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व-गणना, एक दिसंबर से घर-घर जाकर जुटाई जाएगी जनसंख्या संबंधी जानकारी



नकुड़ (सहारनपुर)। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत स्थानीय केएलजीएम इंटर कॉलेज में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल प्रणाली और निर्धारित समय-सारिणी की जानकारी दी जा रही है। अधिकारियों ने प्रगणकों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और अपने आवंटित क्षेत्रों में लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चार्ज अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है। इसकी सफलता के लिए प्रत्येक प्रगणक और पर्यवेक्षक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रशिक्षण पूरी गंभीरता से प्राप्त करना चाहिए। जनगणना के दौरान जुटाई जाने वाली जानकारी महत्वपूर्ण होती है, इसलिए निर्धारित प्रक्रिया और दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

फील्ड ट्रेनर नाथी राम और मुकेश कुशवाहा ने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व-गणना कराई जाएगी। इसके बाद एक दिसंबर से पांच जनवरी 2027 की मध्यरात्रि तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। वहीं, पांच जनवरी से नौ जनवरी 2027 तक जनगणना पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

प्रशिक्षकों ने प्रगणकों से अपने आवंटित ब्लॉक में पहुंचकर नागरिकों को स्व-गणना के बारे में जानकारी देने और उन्हें इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों को जनगणना की प्रक्रिया समझाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में प्रगणकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आशीष शर्मा, सुनील गुप्ता, विजय त्यागी, राजेश जैन, गोपाल, अजय कपिल, अनूप सिरोही, ममता, राजेश शर्मा, सतेंद्र, सहेंद्र पाल, मुकेश, संध्या, संजीव कुमार, प्रतीक्षा, संजय कुमार और राजबीर सिंह सहित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

करवा चौथ पर मोंट फोर्ट स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

आज समाचार सेवा

● दिव्यांशी ने प्रथम, शिरत ने द्वितीय और आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया



गागलहेड़ी स्थित मोंट फोर्ट स्कूल में करवा चौथ के पावन अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने हाथों पर आकर्षक और सुंदर मेहंदी डिजाइन बनाकर भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक कला के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की।

प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, एकाग्रता और कलात्मक कौशल के आधार पर सुंदर मेहंदी डिजाइन तैयार किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना था।

प्रतियोगिता में दिव्यांशी ने प्रथम, शिरत ने द्वितीय और आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अवनी चतुर्थ स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मीनू मित्तल, फरीन और प्रिया यादव शामिल रहीं विद्यालय के सचिव हर्षित गर्ग एवं प्रधानाचार्या चारु जैन ने छात्राओं के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, धैर्य और कलात्मक कौशल विकसित करने में सहायक होती हैं। ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व को समझने का अवसर मिलता है।

विश्व स्ट्रोक दिवस: लकवे के लक्षण दिखें तो समय न गंवाएं



सहारनपुर। विश्व स्ट्रोक दिवस हर वर्ष 29 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को स्ट्रोक यानी ब्रेन स्ट्रोक के प्रति जागरूक करना, इसके लक्षणों की समय रहते पहचान करना और शीघ्र उपचार के महत्व को समझाना है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति है, जिसमें मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है या मस्तिष्क में रक्तस्राव होने लगता है। समय पर उपचार न मिलने पर मरीज को लकवा, स्थायी दिव्यांगता या जान का खतरा हो सकता है। एमडी मेडिसिन एवं गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. संजीव मिगलानी के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल है। इसके अलावा डायबिटीज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, हृदय संबंधी बीमारियां और परिवार में स्ट्रोक का इतिहास भी इसका खतरा बढ़ा सकते हैं। स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में शरीर के एक तरफ अचानक कमजोरी या सुन्नपन होना, चेहरे का एक तरफ झुक जाना, बोलने या समझने में परेशानी, आंखों से धुंधला दिखाई देना अथवा दो-दो दिखना और चलने में संतुलन बिगड़ना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर समय गंवाए बिना चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। डॉ. मिगलानी ने स्ट्रोक के लक्षणों की पहचान के लिए बीई-फास्ट (BE-FAST) फार्मूले की जानकारी दी। इसमें बी यानी बैलेंस, शरीर का संतुलन बिगड़ना; ई यानी आईज, आंखों की रोशनी में अचानक बदलाव; एफ यानी फेस, चेहरे का एक तरफ झुकना; ए यानी आर्म्स, हाथ या पैर में कमजोरी; एस यानी स्पीच, बोलने में परेशानी और टी यानी टाइम, तुरंत उपचार के लिए समय पर कदम उठाना शामिल है।

उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के कुछ मरीजों में शुरूआती साढ़े चार घंटे उपचार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवधि में उपयुक्त मरीज को समय पर विशेष उपचार मिलने से लाभ हो सकता है। हालांकि, लक्षण दिखाई देने पर साढ़े चार घंटे पूरे होने का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि तुरंत अस्पताल पहुंचना चाहिए।

स्ट्रोक से बचाव के लिए ब्लड प्रेशर और डायबिटीज को नियंत्रित रखना, वजन संतुलित बनाए रखना, नियमित व्यायाम करना, धूम्रपान से दूर रहना और शराब के सेवन से बचना या सीमित रखना जरूरी है। भोजन में हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और ताजे फलों को शामिल करना चाहिए। संतुलित आहार अपनाने और अधिक नमक, अस्वास्थ्यकर वसा तथा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन को सीमित करने से भी स्वास्थ्य को लाभ मिलता है। विश्व स्ट्रोक दिवस 2026 की थीम एवरी मिनट काउंट्स यानी प्रत्येक मिनट मायने रखता है है। इसका संदेश स्पष्ट है कि स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानने और मरीज को तत्काल चिकित्सा सहायता दिलाने में देरी नहीं करनी चाहिए।

धूमधाम के साथ निकाली गई महर्षि वाल्मीकि जयंती की शोभायात्रा



आज समाचार सेवा

नागल। महर्षि वाल्मीकि मंदिरों में पूजा अर्चना कर महर्षि वाल्मीकि के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेते हुए कस्बे में शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा नेता कपिल डावर तथा शिक्षाविद हेमंत अरोड़ा ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपना पूरा जीवन सत्य के मार्ग पर बिताया और हम सभी को समानता का मार्ग दिखाया। शोभायात्रा कस्बे के मेन बाजार स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से आरंभ होकर बस अड्डा, स्टेट हाईवे, ब्लाक चौराहा होते हुए वापस वाल्मीकि मंदिर पर ही संपन्न हुई ।शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर संस्कृतिक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। इसके अलावा क्षेत्र के गांव लाखनोर में भी महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरदार गुलजारीलाल राजकुमार शर्मा मनोज गर्ग अमित गुप्ता नवीन गर्ग धनु प्रधान मनमोहन चावला शिवम चौधरी बबलू बत्रा मोहित कश्यप विजयपाल सिंह अमित कुमार शंटी सरदार आदि शामिल रहे

राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के मंत्र



छुटमलपुर : थाना फतेहपुर पुलिस ने मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान 6 के तहत राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में थाना फतेहपुर एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम महिला हैड० काँ बबीता, नीरज, संगीता ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए गए और किसी भी आपात स्थिति में मदद के लिए सरकार द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम ने छात्राओं को वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस आपात सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सहित अन्य नंबरों के बारे में विस्तार से बताया और जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए।

दिल्ली की वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में सहारनपुर से बड़ी भागीदारी की तैयारी

आज समाचार सेवा

● इमरान मसूद के कैंप कार्यालय पर हुई बैठक, सांसद गुरजीत सिंह औजला ने तैयारियों की समीक्षा कर कार्यकताओं को सौंपी जिम्मेदारी



सहारनपुर। एक नवंबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की ओर से प्रस्तावित ह्यवोट बचाओ-देश बचाओह्न महारैली की तैयारियों को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद इमरान मसूद के अंबाला रोड स्थित निवास के कैंप कार्यालय पर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहारनपुर मंडल के रैली प्रभारी एवं अमृतसर से सांसद सरदार गुरजीत सिंह औजला ने कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने रैली में सहारनपुर जनपद की भागीदारी और दिल्ली जाने वाले वाहनों एवं कार्यकताओं की व्यवस्था पर चर्चा की।

सांसद गुरजीत सिंह औजला ने जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा और महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी से दिल्ली जाने वाले वाहनों की सूची और उनमें शामिल होने वाले लोगों का विवरण प्राप्त किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर वोट चोरी के आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेसजनों से सोशल मीडिया के माध्यम से रैली के उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार करने और इसे सफल बनाने की अपील की।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद इमरान मसूद ने कहा कि यह संघर्ष देश के लोकतंत्र को बचाने का है, जिसे आजादी के लंबे संघर्ष और लाखों लोगों की कुर्बानियों के बाद स्थापित किया गया। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को रैली की तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। साथ ही जिला और महानगर अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए सहारनपुर से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बैठक में जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा और महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने दोनों सांसदों को आश्वस्त किया कि रैली को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे।

इस दौरान एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पूर्व अध्यक्ष इरशाद चौधरी, पूर्व प्रदेश महासचिव सुबोध शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव गुफरान काजमी, प्रवीण चौधरी, सत्यम भूरियान सैनी, राहत खलील, विवेक कांत सिंह, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी, अक्षय चौधरी, सांसद प्रतिनिधि संदीप वर्मा, इकराम खान, आरिफ मंसूरी, प्रभजीत सिंह, गुलफाम अंसारी, रेखा धीमान और ओमपाल सिंह डांकोंवाली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर ओवरस्पीडिंग में 208 वाहनों के चालान



सहारनपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सहारनपुर यातायात पुलिस ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर ऑपरेशन सेफ स्पीड के तहत विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वाले 208 चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 4 लाख 30 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। यातायात पुलिस के अनुसार, यातायात निदेशालय के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/यातायात के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया गया। प्रभारी यातायात अमित तोमर के नेतृत्व में यातायात पुलिस और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 28 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक एक्सप्रेस-वे पर इंटरसेप्टर के माध्यम से वाहनों की गति की जांच की। जांच के दौरान निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वाले 208 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने संबंधित चालकों पर कुल 4.30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चलाने के प्रति जागरूक भी किया गया।

सहारनपुर पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें और तेज रफ्तार से बचें। पुलिस के अनुसार, सावधानीपूर्वक वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और स्वयं सहित अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बेहट क्षेत्र के तीन स्टोन क्रशरों के भंडारण लाइसेंस निलंबित

जांच में 9,609 घनमीटर उपखनिज का अवैध भंडारण मिलने पर कार्रवाई, 1.07 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षति का आकलन

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। जनपद में अवैध खनन और उपखनिजों के भंडारण के मामलों में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बेहट तहसील क्षेत्र के तीन स्टोन क्रशरों के भंडारण लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई कार्रवाई में तीनों स्टोन क्रशरों के यहां कुल 9,609 घनमीटर उपखनिज अवैध खनन अथवा परिवहन से संबंधित भंडारित पाया गया। इससे सरकारी राजस्व को कुल 1 करोड़ 7 लाख 24 हजार 640 रुपये की क्षति होने का आकलन किया गया है। प्रशासन ने संबंधित क्रशर संचालकों को निर्धारित धनराशि जमा कराने के निर्देश भी दिए हैं। खनन अधिकारी की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, एक अक्टूबर 2026 की रात खनन, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तीन स्टोन क्रशरों की जांच की थी। जांच के दौरान बेहट तहसील के ग्राम मसूदपुर गढ़ स्थित मैसर्स हिमालय स्टोन क्रशर के भंडारण स्थल पर 6,431 घनमीटर उपखनिज पाया गया। विभागीय आकलन के अनुसार, इस मामले में 66 लाख 73 हजार 760 रुपये की राजस्व क्षति परिलक्षित हुई। संबंधित क्रशर संचालक को अपना पक्ष और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए तीन अक्टूबर को नोटिस जारी किया गया था। विभाग के अनुसार, संचालक की ओर से प्रस्तुत जवाब के साथ आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए।

इसी तरह ग्राम बरथा कोरसी में ही स्थित मैसर्स सम्राट स्टोन क्रशर की जांच में 1,995 घनमीटर उपखनिज का भंडारण पाया गया। इस मामले में 24 लाख 15 हजार 200 रुपये की राजस्व क्षति का आकलन किया गया। विभाग ने तीन अक्टूबर को संबंधित संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन खनन विभाग के अनुसार प्रस्तुत जवाब साक्ष्यविहीन पाया गया।

ग्राम बरथा कोरसी में ही स्थित मैसर्स ताशु स्टोन क्रशर की जांच के दौरान 1,183 घनमीटर उपखनिज भंडारित पाया गया। इस मामले में 16 लाख 35 हजार 680 रुपये की राजस्व क्षति परिलक्षित हुई। विभाग की ओर से इस क्रशर संचालक को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्यालय में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

खनन विभाग के अनुसार, दो स्टोन क्रशर संचालकों की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्हें निरस्त कर दिया गया, जबकि तीसरे संचालक की ओर से जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने 27 अक्टूबर 2026 को तीनों स्टोन क्रशरों के पक्ष में जारी भंडारण लाइसेंस अथवा अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित मामलों में आकलित राजस्व क्षति की धनराशि जमा कराने को कहा गया है।

प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन और उपखनिज भंडारण से जुड़े कारोबारियों में हलचल है। विभागीय कार्रवाई का उद्देश्य खनन संबंधी नियमों के अनुपालन और सरकारी राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पुलिस चौकी पास ही जाम, चौंकी पर पुलिसकर्मी व होमगार्ड भी नजर नहीं



आज समाचार सेवा

गंगोह- नगर के नानौता चौक पुलिस चौकी के पास ही जाम की समस्या बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि जाम के बावजूद पुलिस चौकी पर होमगार्ड तक की तैनाती नजर नहीं आती। वहीं, आसपास के दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे बिना पार्किंग व्यवस्था के ट्रक खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे मार्ग पर लंबा जाम लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बेतरतीब खड़े ट्रकों के कारण आवागमन बाधित रहता है। इसके बावजूद न तो ट्रक चालकों के खिलाफ नियमित कार्रवाई होती दिखाई देती है और न ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार लोगों को जाम में फंसकर काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। पुलिस चौकी के निकट ही यातायात व्यवस्था की यह स्थिति जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े होने वाले ट्रकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई करने और पुलिस चौकी के पास यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी पर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

ब्रह्माकुमारीज का 'जीना इसी का नाम है' कार्यक्रम 31 और 1 को उत्सव पैलेस में होगा आयोजन



रामपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा प्रभारी बीके संगीता ने प्रेसवार्ता कर संस्थान की ओर से आयोजित होने जा रहे 'जीना इसी का नाम है' कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 30 और 31 नवंबर को उत्सव पैलेस में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने तथा बेहतर तरीके से जीने के लिए प्रेरित करना है।

प्रेसवार्ता के दौरान बीके संगीता ने कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोगों के जीवन में तनाव और विभिन्न प्रकार की चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसे में सकारात्मक सोच, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। 'जीना इसी का नाम है' कार्यक्रम लोगों को जीवन के प्रति नई दृष्टि प्रदान करने और आंतरिक शांति का अनुभव करने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन व्यक्ति को स्वयं को समझने, सकारात्मक विचार अपनाने और जीवन में शांति एवं खुशहाली लाने की प्रेरणा देते हैं।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



बिलासपुर। श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस दौरान खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार,प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, व्यायाम शिक्षिका बबीता सिंह और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह ने पुष्पार्चन किया।बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए।प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग में बेरखेड़ी मझरा के आयुष तथा बालिका वर्ग में गोकुलनगरी की कानाबाला व्यक्तिगत चैंपियन रहीं।उच्च प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग में सुभाषनगर के प्रिंस और बालिका वर्ग में खेमरी की अनन्या ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की।प्रतियोगिता में 50 से 400 मीटर तक की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो और कबड्डी सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं।मुख्य अतिथि कुलवंत सिंह औलख ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।समापन समारोह में पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने विजेताओं को सम्मानित किया।कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

खजुरिया पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, चोरी का खुलासा – तमंचे के साथ चोर दबोचा, साथी फरार

रामपुर। थाना खजुरिया पुलिस ने चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अहरों से ईश्वरपुर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। मौके से पुलिस ने 28 वर्षीय यूनुस पुत्र कमरूद्दीन निवासी खमरिया, थाना शीशगढ़ को धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से चोरी का माल बेचकर बचे 4500 रुपये नकद और एक 12 बोर का तमंचा, एक जिंदा और एक मिस कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी थाना खजुरिया के मु0अ0सं0-90/26 धारा 305( )/331(4) ब्नहस् में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद इस मुकदमे में धारा 317(2) ब्नहस् व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। मौके से फरार हुए उसके साथी की पहचान बाबू पुत्र दलशेर निवासी पदपुरी, थाना खजुरिया के रूप में हुई है, जिसकी तलाश जारी है।

थानाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार यूनुस शातिर किस्म का अपराधी है। इससे पहले भी उसके खिलाफ थाना खजुरिया में मु0अ0सं0-80/22 धारा 457/380/411 में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट और मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए की गई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गए है।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगेश मलिक, हेड कांस्टेबल विमल कुमार और कांस्टेबल विकास कुमार शामिल रहे।

नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों का मिलक में भव्य स्वागत



मिलक (रामपुर)। नवनिर्वाचित शिक्षक एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों का जीत के बाद मुरादाबाद लौटते समय मिलक पहुंचने पर नगर के आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। गुलाबी पगड़ी पहने हरि सिंह ढिल्लों के स्वागत का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा।स्वागत समारोह में शिक्षक नेता, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और विद्यालय के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक को जीत की बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे शिक्षकों की समस्याओं को विधान परिषद में मजबूती से उठाएंगे और उनके हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेंगे। इस अवसर पर हरि सिंह ढिल्लों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ऋषि पांडे, अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह, पूर्व नामित सभासद मोहर सिंह पटेल, देवेंद्र सिंह राजपाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जनगणना प्रशिक्षण से गैरहाजिरी पर अवर अभियंता को नोटिस, दो दिन में मांगा जवाब

रामपुर। जनगणना-2027 के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने लघु जल संसाधन विभाग के अवर अभियंता चरन सिंह से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्हें पत्र प्राप्त होने के दो दिन के भीतर लिखित जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

फील्ड ट्रेनरों के तृतीय बैच का प्रशिक्षण 15 से 17 अक्टूबर तक सन्त शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक निर्धारित था। अवर अभियंता चरन सिंह 15 अक्टूबर को प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे, जिसे शासन के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने या निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत न करने पर उनके विरुद्ध जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत नियमानुसार कार्रवाई तथा एक दिन का वेतन बाधित करने की चेतावनी दी गई है।

वाल्मीकि शोभायात्रा पर मांस का टुकड़ा फेंकने का आरोप, हंगामा,पिता ने गणमान्य लोगों के साथ मंदिर पहुंचकर मांगी माफी

बिलासपुर। नगर के माठखेड़ा मार्ग पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में बीती शाम निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान उस समय भारी तनाव फैल गया, जब यात्रा पर कथित रूप से मांस का टुकड़ा फेंका गया।इस घटना से आक्रोशित वाल्मीकि समाज और श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा को बीच में ही रोककर कड़ा विरोध दर्ज कराया और जय श्री राम के नारे लगाते हुए खूब हंगामा किया। घटना का आरोप मुस्लिम समाज के एक व्यक्ति पर लगाया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर में परंपरागत रूप से शोभायात्रा निकाली जा रही थी। जैसे ही शोभायात्रा माठखेड़ा मार्ग पर पहुंची तो वहां अचानक मांस का टुकड़ा गिरने से हड़कंप मच गया। धार्मिक भावनाएं आहत होने से नाराज श्रद्धालुओं का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। विवाद और हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और मामले में निष्पक्ष व सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। बुधवार को मांस का टुकड़ा फेंकने वाले व्यक्ति का पिता गणमान्य लोगों के साथ मंदिर पहुंचा और समाज के लोगों से माफी मांगने के बाद भविष्य में ऐसा कृत्य न दोहराने का आश्वासन दिया।प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि किसी व्यक्ति ने शराब के नशे में मांस का टुकड़ा या पत्थर शोभायात्रा पर फेंका था। जिसको लेकर मामूली विवाद हुआ था।लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत करवा दिया गया है और शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बिलासपुर। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के तत्वावधान में बुधवार दोपहर भगवान महर्षि वाल्मीकि की विशाल शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख सरदार कुलवंत सिंह औलख और भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने कहा कि भगवान वाल्मीकि सनातन धर्म के महान ऋषि हैं।उनके द्वारा रचित महाकाव्य रामायण भारतीय संस्कृति से परिचित कराता है और समाज को आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सद्भाव का संदेश देता है।उन्होंने लोगों से महर्षि वाल्मीकि के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।शोभायात्रा का नेतृत्व भावाधस के प्रदेश महासचिव प्रेमनरेश वाल्मीकि ने किया। इस दौरान नवाबगंज भावाधस अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि और रंजीत वाल्मीकि सहित अन्य लोगों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।ग्राम प्रधान दलीप सिंह, पूर्व प्रधान दीपू नेगी और भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष योगेश झाम सहित कई लोगों ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया।शोभायात्रा में भगवान वाल्मीकि का डोला,घोड़ों को पकड़े लव-कुश, रामायण की रचना करते महर्षि वाल्मीकि तथा भगवान शिव की पूजा करतीं माता पार्वती की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। झांकियों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया।इस मौके पर भावाधस के जिला महामंत्री कुलदीप वाल्मीकि समेत समाज के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे।

श्री दयामय अमर भैरव जी मंदिर में शंकराचार्य ने की पूजा-अर्चना, दिया धर्म और शांति का संदेश



मिलक (रामपुर)। मेहंदी नगर स्थित श्री दयामय अमर भैरव जी मंदिर में बद्री धाम से पधारे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद जी महाराज ने रात्रि विश्राम किया। इसके बाद प्रात:काल उन्होंने भगवान भैरव जी का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए। प्रवचन के दौरान शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान भैरव जी को भगवान शिव का रुद्र अंश एवं उग्र स्वरूप माना जाता है। वे धर्म की रक्षा और दुष्टों के संहार के लिए प्रकट हुए हैं। भगवान भैरव की आराधना से भय, अज्ञान और मानसिक चिंताओं से मुक्ति मिलती है तथा मन को शांति प्राप्त होती है। उनकी कृपा से जीवन में सुख-शांति, उत्तम स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर स्वामी 1008 शंकर गिरी महाराज, स्वामी अच्युतानंद सरस्वती, बलबीर बाबा जी, मंदिर के पुजारी प्रेम पुजारी, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, फकीरचंद, कनीक्षा यदुवंशी, कलावती, जय श्री, राजाराम, लालता प्रसाद सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने भगवान भैरव जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिक्षकों का सम्मान करें, ग्रीनवुड स्कूल में स्टूडेंस्ट्स से बोले फिनलैंड के राजदूत मिको किविकोस्की



रामपुर। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखण्ड चैप्टर की ओर से रामपुर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ग्रीनवुड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में फिनलैंड के राजदूत मिको किविकोस्की ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया। अपने देश की बात कही और जब छात्र-छात्राओं से सवाल पूछे तो आत्मविश्वास से भरे जवाब भी दिए।

भारत में फिनलैंड के राजदूत मिको किविकोस्की ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षक ही सफलता की राह दिखाते हैं, इसलिए शिक्षकों का सम्मान बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक मात्र ऐसा माध्यम है, जिसके जरिये तरक्की संभव है। उन्होंने ग्रीनवुड स्कूल के शैक्षणिक स्तर की प्रशंसा की और स्कूल में चल रही खेल गतिविधियों को भी सराहा।

पूर्व मंत्री नवेद मियां ने बताया कि भारत और फिनलैंड के बीच संबंध लोकतंत्र, कानून के शासन और साझा मूल्यों पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध वर्ष 1949 में स्थापित हुए थे। मार्च 2026 में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टफ ने भारत की राजकीय यात्रा की थी और 11वें रायसीना संवाद 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया था। दोनों देश भारत-यूरोपीय संघ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के जल्द लागू होने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, डिजिटलीकरण और स्वच्छ प्रौद्योगिकी में दोनों देश सहयोग कर रहे हैं। फिनलैंड के वास्तुकारों के सहयोग से भारत में चिनाब नदी पर विश्व के सबसे ऊँचे रेलवे सेतु और असम के नुमालीगढ़ में बांस से जैव-इथेनॉल रिफाइनरी जैसी परियोजनाएं पूरी की गई हैं। फिनलैंड में हजारों भारतीय रहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी शिक्षक प्रशिक्षण और छात्र-आदान-प्रदान के लिए समझौते किए गए हैं।

इस मौके पर ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खां, वाइस प्रिंसिपल शकील अहमद, इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां भी मौजूद रहे।

इससे पूर्व भारत में फिनलैंड के राजदूत मिको किविकोस्की का नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने स्वागत किया। राजदूत ने रजा लाइब्रेरी का भी भ्रमण किया। वरिष्ठ टेक्निकल रेस्टोरर अरुण सक्सेना ने उन्हें लाइब्रेरी का कैलेंडर भेंट किया। पूर्व जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता संदीप सक्सेना से उनकी विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राजदूत ने लोहारू कलेक्शन समेत तमाम पाण्डुलिपियाँ देखीं।

राजदूत का उमर कॉलोनी में समाजसेवी फैज़ खां के आवास पर भी स्वागत हुआ। यहां उन्होंने समाजसेवी सबाहत खां के साथ आए शहर के बुद्धिजीवियों से मुलाक़ात की।

जौहर यूनिवर्सिटी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, 426.46 करोड़ की संपत्ति अटैच

रामपुर। मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी के लखनऊ जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतों को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। अटैच की गई संपत्तियों का मूल्य 426.46 करोड़ रुपये बताया गया है, जबकि इनका मौजूदा बाजार मूल्य करीब 1170 करोड़ रुपये आंका गया है। ईडी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (क्क्ल्र्), 2002 के तहत की है।

ईडी की 28 अक्टूबर 2026 को जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, यह मामला मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट, सपा नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान तथा अन्य लोगों के खिलाफ चल रही जांच से जुड़ा है। यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है, जिसकी स्थापना आजम खान ने की थी।

किसानों की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप- ईडी के मुताबिक, रामपुर के थाना अजीमनगर में दर्ज 26 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की गई थी। इन मामलों में आरोप लगाया गया कि यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए किसानों की कृषि भूमि जबरन कब्जे में ली गई। जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट के अनुसार, गांव सिंहनखेड़ा में करीब 34 एकड़ क्षेत्रफल वाली 45 प्लॉट की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया था। ईडी का कहना है कि संबंधित जमीन की लीज रद्द होने के बावजूद उस पर कब्जा बनाए रखा गया था। प्रेस रिलीज के अनुसार, शत्रु संपत्ति के कस्टोडियन ने जिला प्रशासन के माध्यम से जमीन का कब्जा वापस ले लिया है।

सरकारी धन यूनिवर्सिटी में लगाने का आरोप- जांच के दौरान ईडी को कथित तौर पर पता चला कि सरकारी निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित धनराशि का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी के निजी परिसर में किया गया। आरोप है कि सरकारी ठेके हासिल करने वाले ठेकेदारों ने ठेकों से प्राप्त धनराशि का एक हिस्सा दान के रूप में ट्रस्ट को वापस दिया।

ईडी ने इस जानकारी को उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ साझा किया था। इसके बाद 13 अक्टूबर 2026 को थाना अजीमनगर में एफआईआर संख्या 0224/2026 दर्ज की गई। इसमें आजम खान, जौहर ट्रस्ट और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

6.60 करोड़ के विकास कार्य और 23.41 करोड़ की सरकारी मंजूरी का जिक्र- ईडी की प्रेस रिलीज में कहा गया है कि विधायक और विधान परिषद सदस्य की स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से करीब 6.60 करोड़ रुपये के कार्य यूनिवर्सिटी के निजी परिसर में कराए गए। इसके अलावा पंडाल, ओबीसी बालक छात्रावास और अस्पताल ब्लॉक के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 23.41 करोड़ रुपये की मंजूरी दिए जाने का भी उल्लेख है।

ईडी के अनुसार, वर्ष 2015 में पंडाल निर्माण के लिए मंजूर 12.16 करोड़ रुपये की राशि के साथ शर्तें थीं कि उसका स्वामित्व संस्कृति विभाग के पास रहेगा और राज्य सरकार को उसका नि:शुल्क इस्तेमाल करने की सुविधा होगी। एजेंसी का आरोप है कि वर्ष 2016 में आदेश में बदलाव कर पंडाल का स्वामित्व यूनिवर्सिटी को दे दिया गया और सरकारी उपयोग की शर्त हटा दी गई।

यूनिवर्सिटी निर्माण की लागत और धन के स्रोत पर सवाल- ईडी के मुताबिक, जिला मूल्यांकन अधिकारी की रिपोर्ट में यूनिवर्सिटी परिसर की 59 इमारतों की निर्माण लागत 494.46 करोड़ रुपये आंकी गई थी। जमीन की कीमत 4.63 करोड़ रुपये जोड़ने पर परिसर की कुल लागत 499.09 करोड़ रुपये बताई गई।

प्रेस रिलीज के अनुसार, ट्रस्ट ने आयकर रिटर्न में 78.32 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय दिखाया था। जांच में 12.29 करोड़ रुपये के दान को गैर-वास्तविक बताए जाने के बाद एजेंसी ने 66.03 करोड़ रुपये को वास्तविक खर्च माना। अन्य स्रोतों से 6.60 करोड़ रुपये सहित कुल 72.63 करोड़ रुपये का ही स्पष्टीकरण मिलने की बात कही गई है। ईडी के मुताबिक, शेष 426.46 करोड़ रुपये की धनराशि का वैध स्रोत नहीं बताया जा सका। इसी आधार पर संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की गई।

समेकित शिक्षा के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



मिलक (रामपुर) बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बीआरसी मिलक पर समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में संचालित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कुल 55 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकत्रियों को तीन स्तरीय प्रोटोकॉल के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की प्रारंभिक जांच, पहचान, मार्गदर्शन एवं समावेशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं के शुरुआती लक्षणों की पहचान, संभावित निदान के उपाय, बच्चों को उचित केंद्रों पर रेफर करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को अधिक समावेशी बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि दिव्यांगता की समय रहते पहचान और उचित मार्गदर्शन से बच्चों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा सकता है। इस दिशा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें समाज में दिव्यांगता के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने, रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण प्रदान करने वालों में मिलक के विशेष शिक्षक सत्यप्रकाश चौबे, दिनेश कुमार अग्रवाल एवं आजाद शामिल रहे। इस अवसर पर शोभा रानी, निर्मला पांडे, वीना, ममता देवी, रेखा रानी, मिथलेश, चंचला कुमारी, सोनम, सुमन कुमारी सहित अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

शिक्षकों को दिया संवैधानिक साक्षरता का प्रशिक्षण, स्कूलों में बनेंगे लीगल लिटरेसी क्लब



चन्दौसी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल स्थित चन्दौसी की ओर से बुधवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक चले शिविर में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से नामित शिक्षकों और प्रभारी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में संवैधानिक साक्षरता को बढ़ावा देना और लीगल लिटरेसी क्लब के माध्यम से संविधान संवाद कार्यक्रम तथा क्विज प्रतियोगिताओं का संचालन सुनिश्चित करना रहा। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव दीपक कुमार जायसवाल ने विशेष समिति का गठन किया। इसमें संजीव कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा और एसएम लॉ कॉलेज चन्दौसी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सचिन मिश्रा सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे। शिविर में शिक्षकों को संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया, संविधान निर्माताओं के योगदान, प्रस्तावना के उद्देश्यों, मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही संविधान के अनुच्छेद 32 और 226 के तहत उपलब्ध संवैधानिक उपचारों, राज्य सरकार के विभिन्न अंगों और लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों की सुरक्षा से जुड़े पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और बाल श्रम उन्मूलन संबंधी कानूनों की जानकारी भी दी गई। शिक्षकों को अपने विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब गठित कर विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

नरौली में नाले में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव, दौरे की बीमारी से था पीड़ित

चन्दौसी। नरौली नगर पंचायत में बुधवार दोपहर जमुना तालाब के पास नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। मृतक की पहचान मोहम्मद गंज निवासी जर्रार (50) पुत्र भोलू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब सवा तीन बजे स्थानीय लोगों ने मोहल्ला भट्टी वाले बाग से कुछ दूरी पर देहात पुलिस चैकी के पीछे स्थित नाले में शव पड़ा देखा। लोगों ने शव को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कस्बा इंचार्ज अशोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष वोबिंद कुमार ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। मृतक के तहेरे भाई हाशिम अली ने बताया कि जर्रार दोपहर करीब एक से डेढ़ बजे के बीच सामान लेने के लिए घर से नरौली आए थे। इसके बाद उनके नाले में गिरने और मौत होने की सूचना मिली। परिजनों के मुताबिक, जर्रार लंबे समय से दौरे पड़ने की बीमारी से पीड़ित थे। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में तीन बेटे और तीन बेटियां हैं। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटा विवाहित है। उनके बेटे बाहर रहकर काम करते हैं। प्रारंभिक तौर पर नाले में गिरने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

श्रीराम कथा के श्रवण से मिटते हैं जीवन के संताप

चन्दौसी। बुधवार को वीर सावरकर नगर में पंडित अशोक दीक्षित महाराज के श्रीमुख से पतित पावनी श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गणेश वंदना, मां सरस्वती वंदना, गुरु वंदना और भगवान श्रीराम की स्तुति की गई। कथा व्यास ने भगवान हनुमान को प्रणाम करते हुए उन्हें प्रथम श्रोता बताया। कथा व्यास अशोक दीक्षित महाराज ने श्रीराम कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि भगवान की विशेष कृपा होने पर ही श्रीराम कथा के आयोजन और श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। कलियुग में श्रीराम नाम का जप ही भवसागर से पार लगाने का सशक्त माध्यम है। प्रभु का नाम दैहिक, दैविक और भौतिक संतापों को दूर करने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य का धर्म है कि वह नारी, ब्राह्मण, गाय, गीत, गंगा और गायत्री का सम्मान करे। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से समाज में मर्यादा, संस्कार और आदर्श जीवन मूल्यों की भावना जागृत करने का प्रयास किया है। कथा व्यास ने उदाहरणों के माध्यम से श्रोता और वक्ता के महत्व को भी समझाया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से प्रवचन का श्रवण किया। इस अवसर पर चैधरी छत्रपाल सिंह, रामकिशोर मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, हिमांशु पाल, चैधरी सुनील कुमार, सर्वेश कुमारी, रामकिशोर शर्मा, फौजी नरेंद्र पाल और नरेश पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

किसानों को नि:शुल्क बांटी सरसों के प्रमाणित बीज की मिनी किट



चन्दौसी। जनपद में तिलहनी फसलों की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से सरसों के प्रमाणित बीज की मिनी किट नि:शुल्क वितरित की गईं। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने पात्र किसानों को बीज किट प्रदान कीं। यह वितरण राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनी किट वितरण प्रसार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत किया गया। इसमें ग्राम चितौरा निवासी निरंजन पुत्र दीप चन्द्र, ग्राम नाधौस निवासी देवराज पुत्र पूरन लाल तथा ग्राम खजरा खाकम निवासी चन्द्र पाल पुत्र याद राम और बलधारी पुत्र हीरामन सहित अन्य पात्र किसानों को सरसों के प्रमाणित बीज की मिनी किट दी गईं। मुख्य उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज उपलब्ध कराकर तिलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाना और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

उन्नत बीजों के इस्तेमाल से बेहतर पैदावार प्राप्त करने और कृषि लागत के सापेक्ष अधिक लाभ कमाने में किसानों को सहायता मिल सकती है। कृषि विभाग की इस पहल से जनपद में सरसों सहित अन्य तिलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। साथ ही लघु एवं सीमांत किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से भारी बारिश की आशंका, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

चन्दौसी। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान के प्रभाव से 28 अक्टूबर को प्रदेश के लगभग सभी स्थानों पर तेज हवाओं के साथ व्यापक वर्षा और वज्रपात होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, प्रादेशिक मौसम केंद्र लखनऊ की ओर से 26 अक्टूबर को जारी पूर्वानुमान के बाद जिला प्रशासन ने जनपदवासियों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और मौसम संबंधी चेतावनी का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने लोगों को निचले और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाने से बचने, पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने तथा सुरक्षित और मजबूत मकानों के अंदर रहने की सलाह दी है। तेज हवाओं और बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और जलभराव वाली सड़कों पर वाहन नहीं चलाने को कहा गया है। नदी-नालों, तटबंधों, जलमग्न पुलों और तेज बहाव वाले जलस्रोतों से दूर रहने की भी अपील की गई है। किसानों को कृषि उपज सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर रखने तथा बारिश और तेज हवाओं के दौरान कटाई, सिंचाई और उर्वरकों के प्रयोग से बचने की सलाह दी गई है। अधिकारियों को आवश्यक सेवाओं, अस्पतालों, अस्थायी आश्रय स्थलों तथा भोजन, पानी और बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को जनसुरक्षा के लिए सतर्कता बरतने को कहा है।

वृद्ध को पीटकर किया घायल, कोतवाली में दी तहरीर

चन्दौसी। विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव पतरौआ में रिश्तेदारी में आए एक वृद्ध को पड़ोसी ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपनी बहन के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, रसूलपुर कैली निवासी भूकन अपनी बहन के यहां गांव पतरौआ आया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी पड़ोसी शनि से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इससे नाराज होकर शनि वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए भूकन के सिर और चेहरे पर डंडों से वार कर दिए। हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित भूकन अपनी बहन के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस से मामले में कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

परिवार परामर्श केंद्र ने पांच परिवारों में कराया सुलह समझौता

चन्दौसी। पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चैकी में महिला थानाध्यक्ष एवं परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को काउंसलरों की मदद से सुलह-समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 36 पत्रावलियों की सुनवाई की गई। इनमें से 11 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया, जबकि पांच परिवारों को आपसी सहमति से दोबारा मिलाया गया। तीन पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। वहीं, तीन पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा पैरवी नहीं किए जाने अथवा अन्य कारणों से बंद कर दिया गया। परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद दूर कर परिवारों को टूटने से बचाने का प्रयास किया गया। काउंसलरों ने दोनों पक्षों की बात सुनकर विवादों का समाधान निकालने का प्रयास किया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, रेनू राठी, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह और रुचि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एनकेबीएमजी कॉलेज में प्राचार्य कक्ष पर लगा ताला

चन्दौसी। नगर की शिक्षण संस्थाओं में भी अब विवाद और खींचतान का असर दिखाई देने लगा है। इसका असर महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं पर पड़ने की आशंका है। नगर के एक प्रमुख महाविद्यालय में प्राचार्य पद को लेकर विवाद सामने आया है। यहां प्राचार्य कक्ष पर ताला लगा दिए जाने से मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। महाविद्यालय की प्राचार्या अलका अग्रवाल से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि प्रबंध समिति पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें पद से हटाना चाहती है। उनका कहना है कि उन्हें उच्च शिक्षा संस्थान की ओर से विश्वविद्यालय के माध्यम से प्राचार्य पद पर भेजा गया है। ऐसे में पद को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं, प्रबंध समिति सोनिया बिंद्रा को प्राचार्य पद की जिम्मेदारी देना चाहती है। इस खींचतान के बीच प्राचार्य कक्ष पर ताला लगाए जाने का मामला सामने आया है। इससे महाविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नगर के इस महाविद्यालय में दूर-दराज के क्षेत्रों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। ऐसे में संस्थान में चल रहे विवाद का समाधान निकालना जरूरी है, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों। इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष से भी पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी कारणवश उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में समय से निस्तारण के निर्देश



बदायूं। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की में जिला उद्योग बंधु की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं, शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण पत्रावलियों की स्थिति तथा औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने ऋण पत्रावलियों को दो सप्ताह में समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी ऋण पत्रावली को आवेदक को कारण बताए बिना अस्वीकृत न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई पत्रावली अस्वीकृत की जाती है तो उसके पीछे का स्पष्ट एवं उचित कारण दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य को गंभीरता से परीक्षण करते हुए नियमानुसार शीघ्र समय से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं को समय से निस्तारण करने के साथ साथ सड़कों पर गड्ढे एवं गंदगी पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य समस्याओं को लगन और मेहनत से कार्य करने के साथ समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग बन्धु सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों के साथ किया मेला ककोड़ा स्थल का निरीक्षण



बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बुधवार को जनपद के प्रसिद्ध मेला ककोड़ा स्थल का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला ककोड़ा में तैयारियां इस प्रकार की हों कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि मेला ककोड़ा एक प्रसिद्ध मेला है जिसमें हजारों श्रद्धालु आकर धर्म लाभ प्राप्त करते हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शिविरों, घाट, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व पेयजल व्यवस्था, वॉच टावर आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का एक-एक कर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जाए और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेला ककोड़ा के नक्शे का अवलोकन कर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मेला सुचारू रूप से जारी रहे। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए आकर धर्म लाभ प्राप्त करने हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शिविरों, घाट, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग के कार्यों का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने मेला स्थल पर की गई विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने बताया कि उन्होंने कई अवसरों पर मेला स्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि मेला शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित होगा। सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने बताया कि सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था मेला स्थल पर की गई है व अन्य व्यवस्थाएं भी श्रद्धालुओं के हितार्थ की गई हैं।

इस अवसर पर समस्त संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन



बदायूं। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग;टॅटल्स्क्द्ध2026.27 के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बदायूं के तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन डाइट ऑडिटोरियम बदायूं में किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि जनपद बदायूं की मुख्य विकास अधिकारी महोदया श्रीमती गामिनी सिंगला ;आईएएसद्धरही। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा विद्या की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा पर माला पहनाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए सभी प्रतिभागियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों पर मुख्य अतिथि सीडीओ महोदया द्वारा इन प्रस्तुतियों को समाज से इस तरीके से जोड़ने हेतु उत्साहित किया गया जिससे समाज का आकर्षण समाज में होने वाले प्रत्येक ऐसे रीति रिवाजों से जुड़ा हो एवं समाज की उन प्रतिभाओं को इन विधाओं से जुड़ा रखे।मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को ऐसे कार्यक्रमों को जीत या हार से जोड़कर देखने के बजाय इसमें प्रतिभागिता को ही प्रथम वरीयता देते हुए अधिक से अधिक प्रतिभाग हेतु उत्साहित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान एस के इंटर कॉलेज बदायूं द्वारा तथा द्वितीय स्थान के दारनाथ महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एवं लोकगीत ;समूहद्ध में प्रथम स्थान देवकीनंदन स्मारक इंटर कॉलेज वजीरगंज ने द्वितीय स्थान एन आर इंटर कॉलेज वजीरगंज तथा तृतीय स्थान दास कॉलेज की छात्राओं ने एवं कविता लेखन में प्रथम स्थान रोहित गुप्ता पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान असमीजा के दारनाथ इंटर कॉलेज लोकनृत्य;समूहद्ध में प्रथम स्थान राज्यकीय कन्या इंटर कॉलेज बदायूं की छात्राओं ने तथा द्वितीय स्थान के दारनाथ महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एवं तृतीय स्थान भगवान परशुराम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी श्री मनोज कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री हरि प्रेम द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में मो0 अब्बास ;कला विशेषज्ञद्धए डा0 अक्षत अशेष;संगीतद्धएमधु राके श;वरिष्ठ कलाकारद्धएनिर्मला उपाध्याय;संगीतद्धएआशुतोष;पेंटिंगद्धए की उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्री राहुल चौबेए श्री शाहनवाज एश्री पंकज शर्मा तथा श्री नितेश वार्ष्णेय एवं जनपद बदायूं के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी गण श्री विशाल पालए श्री विकास नारायण शर्माएश्री हिम्मत सिंहएश्री मनोज कुमारएश्री नरेंद्र कुमारएश्री अनुज कुमारएश्री कांति प्रसाद एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री रंजीत सिंह की उपस्थिति रही।

पीएम किसान उत्सव दिवस पर 30 अक्टूबर को सम्भल के 2.82 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ

सम्भल (बहजोई)- जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को गुजरात के बनासकांठा में आयोजित होने वाले 'पीएम किसान उत्सव दिवस' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का हस्तांतरण किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद सम्भल के लगभग 2,82,455 किसान लाभान्वित होंगे।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का आयोजन 30 अक्टूबर 2026 को जनपद मुख्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र, विकास खंड स्तर, ग्राम पंचायत स्तर,एफपीओ, कृषि मंडियों, प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्रों तथा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (क्ष्टस्) पर किया जाएगा।

जनपद मुख्यालय स्तर पर मुख्य कार्यक्रम कलक्ट्रेट सभागार, बहजोई में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा. राज्यमंत्री (माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) श्रीमती गुलाब देवी जी । विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव जी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू जी का उपस्थित रहना प्रस्तावित है। जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री नत्थू सिंह राणा जी की भी उपस्थिति प्रस्तावित है।

कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://श्चद्वद्वठ्ठस्वद्बड्डठ्ठद्बड्डष्ठह्यह्लह्लद्बठ्ठद्बष्ठद्बठ्ठ पर किया जाएगा। इसके माध्यम से किसान प्रधानमंत्री जी का संबोधन सुन सकेंगे तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

उप कृषि निदेशक,सम्भल अरुण कुमार त्रिपाठी ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे अपने निकटतम निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर 'पीएम किसान उत्सव दिवस' में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाएं।

तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल, पात्र किसानों को नि:शुल्क वितरित की गई सरसों के प्रमाणित बीज की मिनी किट

सम्भल (बहजोई)- जनपद में तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने, उन्नत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने तथा लघु एवं सीमांत किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनी किट वितरण प्रसार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को उच्च उपज देने वाले सरसों के प्रमाणित बीज की मिनी किट नि:शुल्क वितरित कीं।



इस अवसर पर पात्र कृषकों ग्राम चितौरा निवासी श्री निरंजन पुत्र श्री दीप चन्द्र, ग्राम नाधौस निवासी श्री देवराज पुत्र श्री पूरन लाल तथा ग्राम खजरा खाकम निवासी श्री चन्द्र पाल पुत्र श्री याद राम एवं श्री बलधारी पुत्र श्री हीरामन सहित अन्य पात्र किसानों को सरसों के प्रमाणित बीज की मिनी किट प्रदान की गईं। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराकर तिलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाना, आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा किसानों की आय में वृद्धि के अवसर उपलब्ध कराना है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग से फसल उत्पादन में सुधार के साथ-साथ किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। कृषि विभाग द्वारा संचालित इस योजना से जनपद में तिलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहन मिलेगा तथा किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ने में मदद मिलेगी।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डी0) चन्दौसी।
उत्तराधिकार विविध वाद संख्या - 08/2026
श्रीमती कुसुम शर्मा बनाम अनीता शर्मा आदि।
कुसुम शर्मा पत्नी स्व0 किशन कुमार बौद्ध निवासनी अम्बेपुरम कालौनी, मौलागढ़, चन्दौसी तहसील चन्दौसी जिला सम्भल।
प्रति
1. अनीता शर्मा पत्नी आनन्द कुमार शर्मा निवासी मिगसन विलासा सेक्टर ई0टी0ए0-2, फ्लैट नम्बर जी0एच0-0/बी, ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर, पिनकोड-201308 2. जनता आम चन्दौसी, तहसील चन्दौसी जिला सम्भल 3. पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रबंधक पुरानी पैंठ चन्दौसी तहसील चन्दौसी जिला सम्भल।
सूचित हो कि श्रीमती कुसुम शर्मा पत्नी किशन गौड़ निवासी अम्बेपुरम कालौनी मौलागढ़ चन्दौसी तहसील चन्दौसी जिला सम्भल ने उपरोक्त न्यायालय में अपने देवर श्री त्रिलोकी नाथ गौड़ पुत्र स्व0 राजाराम की मृत्यु उपरान्त माननीय न्यायालय से पंजाब नेशनल बैंक शाखा पुरानी पैंठ चन्दौसी में जमा धनराशि की निकासी की बावत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी कराये जाने हेतु आवेदन किया है। उपरोक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 18.11.2026 नियत है जिस किसी को उपरोक्त की बावत कोई उज्र हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त नियत दिनांक पर माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो अपना उज्र प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में उपरोक्त वाद निस्तारित कर दिया जायेगा। यह आज दिनांक 27.10.2026 को न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
प्रबन्धक
सिविल जज (सी0डी0) चन्दौसी।

सूचना
मेरी माँ का नाम एलआईसी पॉलिसी में सामरा (SAMRA) अंकित हो गया है जो त्रुटि पूर्ण था। सही नाम साहिरा बेगम (SAHIRA BEGUM) है। भविष्य में साहिरा बेगम के नाम से जाना जाए।
अल्ताफ हुसैन पुत्र श्री फिदा हुसैन निवासी मानकपुर नरौली, तहसील चन्दौसी जिला सम्भल।

सूचना
हमारा पुत्र शमशुल हुसैन अवज्ञाकारी है एवं गैर शरई तथा नाकाबिले बर्दाश्त अनैतिक कार्य कर कर चुका है तथा नशा करने का आदी है। शमशुल हुसैन द्वारा किये गये अनैतिक कार्य से हमारे परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल होती है। जिस कारण हमने अपनी चल-अचल समस्त सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। इसके द्वारा किये गये किसी कार्य व लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
कल्लू पुत्र मियांजान व खातून पत्नी कल्लू, निवासीगण ग्राम तिगरी, पोस्ट भवानीपुर, तहसील व कोतवाली एवं जिला सम्भल।

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की प्रगति पर मंडलायुक्त ने दिए निर्देश



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, जनशिकायतों के निस्तारण, स्वास्थ्य सेवाओं, विद्युत व्यवस्था, धान खरीद, शिक्षा, पेयजल, पशुपालन तथा ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

आईजीआरएस रैंकिंग में मंडल ने किया उल्लेखनीय सुधार

मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह के नेतृत्व में जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण की दिशा में मुरादाबाद मंडल ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। आईजीआरएस की रैंकिंग में मंडल अगस्त माह की 11वीं रैंक से सुधरकर सितंबर माह में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। जनपदवार प्रदर्शन में अमरोहा ने 44वीं से पांचवीं, बिजनौर ने 44वीं से छठी तथा मुरादाबाद ने 33वीं से 27वीं रैंक प्राप्त की है। रामपुर लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है, जबकि सम्भल ने 56वीं से 44वीं रैंक पर सुधार किया है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

जननी सुरक्षा योजना में अमरोहा की सी श्रेणी में रैंकिंग के कारणों की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी से ली गई। मंडलायुक्त ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में निर्धारित तिथियों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम की समीक्षा के साथ ही निजी अस्पतालों में निर्धारित मानकों के अनुपालन का सत्यापन कराने के लिए टीम गठित करने को कहा, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में मानकों का सख्ती से पालन कराया जा सके। पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुनने में अक्षम लोगों को ऑडियोमेट्रिस्ट के माध्यम से स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के विषय पर भी चर्चा की गई।

धान खरीद और आवास योजनाओं में पारदर्शिता पर जोर

मंडलायुक्त ने मंडल में धान खरीद की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी जिलाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। सम्भल और बिजनौर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित न होने के कारणों की जानकारी मुख्य विकास अधिकारियों से ली गई।

खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय में बदलने के निर्देश

विद्युत व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने की निर्धारित समयसीमा और प्रक्रिया के संबंध में अधीक्षण अभियंता से जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मर 48 घंटे के भीतर बदल दिए जाते हैं तथा विभाग के पास पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं। मंडलायुक्त ने विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया।

तालाबों को अतिक्रमणमुक्त कराने और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान

मंडलायुक्त ने मोढ़ा तैया को वेटलैंड के रूप में चिन्हित कराने के लिए जिलाधिकारी मुरादाबाद को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वीबी-जी राम जी के अंतर्गत अवैध अतिक्रमण वाली तालाब की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर तालाब के रूप में विकसित कराने की कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक जिले में एक माह के भीतर कम से कम 10 तालाबों पर कार्य प्रारंभ कराने का लक्ष्य निर्धारित किया। चकरोड पर अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान संचालित परियोजनाओं का रैंडम सत्यापन कराने को कहा, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं वास्तविक प्रगति का आकलन किया जा सके।

विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं पर जोर

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आवासित बच्चों के लिए अलमारी सहित आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। मंडल के सात विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल न होने के मामले में मंडलायुक्त ने एडी बेसिक को शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। वहीं, 20 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनों के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत तत्काल प्रभावी कदम उठाने को कहा।

बंदरों की समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक जिले में बनेगा कपि वन

सामाजिक वानिकी की समीक्षा के दौरान बंदरों के कारण आमजन को हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने प्रत्येक जिले में कपि वन विकसित करने के लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जिलाधिकारियों को अगले दो माह में प्रत्येक जिले में कम से कम एक वृहद गौशाला को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित कराने को कहा।

मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में प्रगति के साथ-साथ कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुनय झा, जिलाधिकारी रामपुर श्री अजय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी सम्भल श्री अंकित खंडेलवाल, जिलाधिकारी अमरोहा श्री नितिन गौड़ और जिलाधिकारी बिजनौर श्री उमेश प्रताप सिंह के साथ साथ सभी मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य मंडलीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा अनुदानित हॉफ वे होम/लॉन्ग स्टे होम का किया औचक निरीक्षण

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी द्वारा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से अनुदानित स्वैच्छिक संस्था हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम, मौहल्ला ढक्का कुन्दनपुर रोड, लाइनपार, मुरादाबाद का औचक निरीक्षण किया गया।

संस्था में हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम संचालित पाया गया, जिसमें 22 महिला संवासिनियां निवासरत पाई गईं।

संस्था में मानसिक रूप से उपचारित महिला संवासिनियों के कक्षों, भोजनालय एवं भंडार कक्ष में रखी खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट एवं ब्रांड सही पाए गए।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संस्था में निवासरत महिला संवासिनियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने तथा नियमित रूप से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

संस्था में निवासरत महिला संवासिनियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नियमित रूप से सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित समन्वयक को निर्देशित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने संस्था में निवासरत महिला संवासिनियों के स्वास्थ्य, खानपान एवं देखभाल की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने तथा उन्हें कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया।

दीपावली पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री हेतु महानगर में 05 स्थलों पर अस्थायी दुकानें लगाने के लिए ठेकों की नीलामी 31 अक्टूबर को

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। अपर जिलाधिकारी नगर श्री अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि महानगर मुरादाबाद में दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी की बिक्री हेतु अस्थायी दुकानें लगाए जाने के लिए कुल 05 स्थलों का चयन किया गया है। स्थलों पर दिनांक 06 नवंबर 2026 से 08 नवंबर 2026 तक अस्थायी दुकानें लगाए जाने हेतु ठेकों की नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।

अस्थायी दुकानें लगाए जाने हेतु निर्धारित स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक कम्पाउंड, कांठ रोड, मुरादाबाद, मंडी समिति आर.एफ.सी. गोदाम के सामने रिक्त मैदान, बुद्धि विहार में सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान उत्तरी भाग, बुद्धि विहार में सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान दक्षिणी भाग एवं ट्रांसपोर्ट नगर ग्राउंड, निकट आर.टी.ओ. ऑफिस है।

स्थलों पर अस्थायी दुकानों के आवंटन हेतु ठेकों की नीलामी दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को अपरान्ह 01: 30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी।

नीलामी की शर्तों का अवलोकन किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित आयुध कार्यालय में किया जा सकता है।

सरदार पटेल ने रियासतों का विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी- पप्पू चौधरी

चन्दौसी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जनपद संभल की जिला बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी हुई। इसमें उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह पप्पू चैधरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों का विलय कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके दृढ़ संकल्प, कुशल नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल के प्रति देश के सम्मान का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए समर्पित भाव से काम करना चाहिए। यही लौह पुरुष के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बैठक की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मदनलाल खड़गवंशी ने की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, धर्मेंद्र प्रजापति, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष महावीर जाटव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नेत्रपाल यादव सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, संध्या ने मारी बाजी

चन्दौसी। करवा चैथ के अवसर पर भारत विकास परिषद की शाश्वत शाखा की ओर से सरोजिनी नायडू विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से बालिकाओं को अपनी कला निखारने का अवसर मिला। कार्यक्रम में शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि आत्मनिर्भर बेटियां सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला हैं। बालिकाओं को शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़े और वे स्वावलंबी बन सकें। महिला संयोजिका रेखा रस्तोगी ने कहा कि भारत विकास परिषद के पांच सूत्रों में संस्कार का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बालिकाओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से परिचित कराना है, ताकि उनमें सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित हो सके। प्रतियोगिता में संध्या ने प्रथम, मानवी ने द्वितीय और मौनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। शाखा की महिला सदस्यों ने उपहार देकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. दुर्गा टंडन, रेखा रस्तोगी, मीनू आहूजा, पूनम अरोड़ा, आयुषी गुप्ता, बीनू शर्मा, निधि, आराधना, तपस्या और आरती सहित समिति की अन्य सदस्याएं व विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना

मुरादाबाद। बुधवार को कैंप लगाकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं। एसडीओ अभिकांत एवं अरविंद कुमार मौर्य ने कैंप में पहुंचे उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनके निस्तारण के निर्देश दिए। कैंप के दौरान मीटर में खराबी, लो वोल्टेज, बिजली चोरी और समय पर बिजली बिल जमा करने सहित कई समस्याएं सामने आईं। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज कर कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया। साथ ही अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। कैंप के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिला।

सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मैनें अपने पुत्र संजू प्रजापति को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य में अपने कृत्यों का यह स्वंय जिम्मेदार व देनदार होगा।

पप्पू पुत्र श्री चुन्नी सिंह
नि० गली नं० 12, मण्डी समिति के पीछे, रामेश्वर कालौनी, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद

सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

हमने अपने दो पुत्रों नईम व यामीन व उनकी पत्नियों श्रीमति रेशमा व रानी बेगम को उनके गलत आचरण, चाल-चलन व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह स्वंय जिम्मेदार व देनदार होंगे।

ननुआ पुत्र इस्माईल व श्रीमति रफीकन पत्नी ननुआ निवासीगण मंगूपुरा, नया मुरादाबाद, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद

धान खरीद में अनियमितता पर क्रय केंद्र प्रभारी एवं नोडल एजेंसी के प्रबंधक के विरुद्ध होगी एफआईआर: जिलाधिकारी



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद में स्थापित क्रय केंद्रों के प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खाद्य विभाग एवं भारतीय खाद्य निगम के क्रय केंद्रों में प्रवेश द्वार पर 01 नवंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जाएं तथा कैमरों का 15 दिन का डाटा सुरक्षित रखा जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों का विवरण निर्धारित रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले आने वाले किसानों का धान पहले खरीदा जाए तथा खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के भेदभाव की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने जनपद में स्थापित सभी 63 धान क्रय केंद्रों के प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर क्रय केंद्र प्रभारी एवं संबंधित नोडल एजेंसी के प्रबंधक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। किसानों की शिकायतों की जांच में अनियमितता की पुष्टि होने पर एफआईआर सहित अन्य कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

क्रय केंद्रों से धान के उठान के लिए नामित ठेकेदारों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि धान उठान में प्रयुक्त प्रत्येक वाहन पर जीपीएस अनिवार्य रूप से लगाया जाए, ताकि परिवहन प्रक्रिया की निगरानी सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें, जिससे किसानों को धान बिक्री के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। धान में नमी से संबंधित निर्धारित मानकों का पालन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा अनावश्यक रूप से किसानों को परेशान न किया जाए।

जनपद में कुल 63 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग की विपणन शाखा के 28, भारतीय खाद्य निगम का 01, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ के 16, उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन के 10 तथा उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ के 08 क्रय केंद्र शामिल हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर श्री अंकुर श्रीवास्तव, सहायक निबंधक सहकारिता श्री अमरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना का हापुड़ के कांग्रेस जनों ने किया स्वागत



हापुड़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को दिल्ली से मुरादाबाद के लिए रवाना हुईं। जहां निजामपुर बाईपास स्थित शिवा ढाबे पर हापुड़ के कांग्रेस जनों ने कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना का जनपद हापुड़ में प्रथम बार आगमन पर जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात समस्त कांग्रेस जन दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में आयोजित होने जा रही महारैली की समीक्षा बैठक के लिए मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए। आपको बता दे कि मुरादाबाद में 1 नवंबर को दिल्ली चलो महारैली के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के कांग्रेस जनों को बैठक में बुलाया गया हैं। जहां से दिल्ली चलो महारैली की तैयारियों का जायजा लिया जायेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा हैं कि 1 नवंबर को दिल्ली चलो महारैली के लिए उनके जिला कांग्रेस संगठन की पूरी तैयारी हैं।

स्वागत करने वालों में ये लोग उपस्थित रहे- पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व प्रदेश महासचिव विजय गोयल, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, नरेंद्र चौहान, शहर अध्यक्ष इरफान अहमद, पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, रामप्रसाद जाटव, एडवोकेट, रघुवीर सिंह, सविता गौतम, जिला महासचिव व मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, सभासद व जिला महासचिव विकास दयाल, रामलाल आर्य, सचिन कुमार, सुशांत सिंह, सुखपाल गौतम, गोपाल भारती, महबूब अली आदि।

कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ निकाली गयी

मुरादाबाद। क्षेत्र के गांव आलमपुर चौहान में कार्तिक माह में शुरू हो रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। गांव के महिलाओं एवं पुरुषों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा मैं शामिल भक्तों का स्वागत किया।

कलश यात्रा के आगे आगे चल रही महिलाएं भक्ति संगीत गीतों पर झूमेकर नृत्य करते हुए चल रही थी, कलश यात्रा मैं शामिल महिलाओं ने गांव के सभी प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर से शुरू होकर गांव के ही शिव मंदिर पर कलश यात्रा संपन्न हुई। इस दौरान उषा देवी, अनीता देवी अनुपमा देवी, कैलाश देवी, रानी देवी, और ग्राम प्रधान आदि शामिल रहे।

जनगणना के द्वितीय चरण के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने एसएसवी इंटर कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



हापुड़। आज जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीना ने जनगणना के द्वितीय चरण के दृष्टिगत एसएसवी इंटर कॉलेज हापुड़ में चल रही जनगणना संबंधित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जनगणना कर्मियों / प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से जनगणना फॉर्म भरने की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के उपयोग एवं जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी भरा कार्य है, इसे पूर्ण निष्ठा एवं शुद्धता के साथ किया जाए।

जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि जनगणना के दौरान घर-घर जाकर सही जानकारी एकत्रित की जाए, कोई भी परिवार छूटने न पाए तथा प्राप्त आंकड़ों की गोपनीयता बनाए रखी जाए। सभी प्रगणक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें ताकि फील्ड में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

बैजनाथ संस्कृत महाविद्यालय बर्तन बाजार, मुरादाबाद - 244001

पत्रांक:मेमो दिनांक 29-10-2026

अल्पकालीन निविदा

महाविद्यालय की विभिन्न भवनों की छतों की मरम्मत कार्य, वाटरप्रूफिंग, चिनाई, प्लास्तर कार्य, आवश्यकतानुसार पुरानी सतह की सफाई का प्रयोग तथा सम्बंधित आवश्यक कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

निविदा की शर्तें:

1. निविदा केवल पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं
2. होगा। निविदा के साथ पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्नक करना अनिवार्य
3. ठेकेदार द्वारा कार्य की दरें स्पष्ट रूप से अंकित की जाएँ।
4. कार्य की गुणवत्ता एवं वाटरप्रूफिंग की गारंटी / वारंटी निविदा में स्पष्ट की जाए।
5. महाविद्यालय को किसी भी निविदा को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
6. कार्य का विवरण एवं अन्य शर्तें महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 3.11.2026 समय: 10.00 से 2.00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि: 5.11.2026 समय= 12 बजे

सुधारानी प्राचार्या श्री बैजनाथ संस्कृत महाविद्यालय, बर्तन बाजार, मुरादाबाद

कार्यालय पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम, मुरादाबाद

पत्रांक: 140 / प0प्र0वि0 / न0नि0मु0 / 2026 दिनांक: 27.10.2026

निविदा सूचना

आगामी त्योहारो एवं कार्यक्मो के दृष्टिगत महानगर मे साज-सज्जा हेतु नगर निगम मुरादाबाद के दिल्ली रोड, रामपुर रोड एवं कांठ रोड स्थित समस्त ग्रीन बैल्टो, पेडो के पास विभिन्न प्रकार की आकृतिया जैसे (नोरमल दिया, हैप्पी दिपावली दिया, गनेश जी, पेडो पर डेकोरेटिव रेन ड्रोप लाईटस, डेकोरेटिव हैगिग वॉल लाईट, पेडो के लिये डेकोरेटिव लाईट इत्यादि लगवाये जाने हेतु दरे प्राप्त करने के लिये सम्बन्धित फर्मो / कम्पनियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27-10-26 से दिनांक 2-11-26 को प्रात: 11.00 बजे तक नगर निगम मुरादाबाद के अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश के कार्यालय में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 2-11-26 को दोपहर 12.00 बजे खोली जायेंगी। निविदादाता को क्रमश: अंकन 50,000.00/- रूपये की धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अपर नगर आयुक्त / वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश, नगर निगम, मुरादाबाद के पक्ष में बंधक कर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा नगर निगम के बैंक Bank of Baroda खाता धारण का नाम E-Tendering Nagar Nigam Moradabad खाता संख्या 27050100020717 आई0एफ0एस0सी0 कोड BARBOBLYMOR मे ऑनलाईन जमा की जा सकती है। निविदा प्रपत्र अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश के कार्यालय से दिनांक 31-10-26 को अपरान्ह 01.00 बजे तक अंकन 1,500/- रूपये के नगद भुगतान पर प्राप्त कर सकते है। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में आकर पथ प्रकाश कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। दर रहित अपूर्ण, अथवा खुली निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, मुरादाबाद के सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नोट: निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र मे उल्लिखित है।

अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ
प्रभारी प्रकाश,
नगर निगम, मुरादाबाद

देवर पर पति को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने का आरोप

महिला ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

आज समाचार सेवा



स्योहारा। ग्राम बकशनपुर निवासी डोली पत्नी मनीराम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति धर्मेन्द्र कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने अपने देवर पर पति को शराब में कथित रूप से जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने तथा पारिवारिक संपत्ति को हड़पने की नीयत से विवाद करने का आरोप लगाया है। डोली की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व ग्राम अमीरपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार के साथ हुई थी। महिला का कहना है कि पिछले करीब चार वर्षों से ससुराल पक्ष से घरेलू विवाद चला आ रहा था। विवाद के चलते वह अपने पति और बच्चों के साथ मायके ग्राम बकशनपुर में रहकर पालन-पोषण कर रही थी। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति धर्मेन्द्र कुमार तथा देवर एक साथ कारोबार और खानपान करते थे, शाम के समय शराब का सेवन भी करते थे। शिकायत कर्ता के मुताबिक, घटना से कुछ समय पहले उसके पति ने उससे कहा था कि वह विवाद समाप्त कर उसके साथ बच्चों समेत घर वापस चले। आरोप है कि पति के इस निर्णय की जानकारी मिलने के बाद देवर ने कथित तौर पर संपत्ति को हड़पने के उद्देश्य से विवाद शुरू कर दिया और उसे जान से मारने का प्रयास भी किया।प्रार्थना-पत्र में महिला ने बताया कि उसे सोमवार को सूचना मिली कि रविवार की शाम उसका देवर और पति घर की बैठक में बैठे थे और शराब का सेवन कर रहे थे। महिला का आरोप है कि इसी दौरान उसके देवर ने उसके पति को शराब में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिसके बाद उसके पति की मौत हो गई। महिला ने थाना प्रभारी से मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराए जाने, संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने तथा स्वयं और अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। थाना अध्यक्ष प्रवेश कुमार ने बताया कि जानकारी के अनुसार शव का पोस्टमार्टम कराया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो कार्यवाही होगी वह की जाएगी।

पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध पोटेशियम नाइट्रेट व अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया



दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया

आज समाचार सेवा

नहटौर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव चक गोवर्धन में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध पोटेशियम नाइट्रेट (सोरा) और अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस छापेमारी और बरामदगी में अवैध विस्फोटक पदार्थों के भंडारण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को मंगलवार को एक पुख्ता सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया कि चक गोवर्धन निवासी गजेन्द्र सिंह के मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाने और विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया जा रहा है। इसूचना मिलते ही नहटौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से 175.220 किलोग्राम अवैध पोटेशियम नाइट्रेट और भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से जुबैर पुत्र जहीर अहमद निवासी - मोहल्ला हकीमान, नहटौर व घाजेन्द्र सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी - गांव चक गोवर्धन, मकान मालिक दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उनका चालान कर दिया गया है। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी बिजनौर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने इस पूरी कार्रवाई का खुलासा किया। इस अवसर पर एएसपी देहात गौतम राय, सीओ धामपुर अंजनी कुमार, थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक सोनू निगम, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार और कांस्टेबल शुभम मलिक व हर्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



गणित ओलम्पियाड परीक्षा 2026 में 157 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया

नजीबाबाद। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित गणित ओलम्पियाड परीक्षा 2026 में 157 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। मंगलवार को आचार्य आर एन केला इंटर कॉलेज में गणित ओलम्पियाड परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें 157 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग करते हुए जूनियर स्तर पर परीक्षा दी। परीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के दिशा निर्देशन में आयोजित की गई। परीक्षा प्रभारी एआरपी रितेश भाटिया ने बताया कि परीक्षा में कनकपुर कला की अनामिका ने प्रथम, कुतुबपुर नंगली के तनुज कुमार ने द्वितीय एवं जहानाबाद की राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा की तैयारी एआरपी डॉ राहुल वर्मा, एआरपी सूची राणा एवं एआरपी मनोरमा द्वारा की गई। इस अवसर पर डायट से जयदीप, तरुण अग्रवाल, हुमा परवीन, निदा फाजली, प्रीति राजपूत, अनामिका, शिवा शुक्ला, भीम सिंह, ओमराज सिंह, दिव्या शर्मा, मनीराम, सोनी, जूली, शोभा रानी, फरहीन नाज, रेजो, गुलिस्तान सैफी, शोभा रानी, मिर्जा फहीम, दीपाली शर्मा, ज्योति सागर आदि मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नगर अध्यक्ष बने संदीप कुमार शर्मा

आज समाचार सेवा



हल्दौर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए कस्बा हल्दौर निवासी संदीप कुमार शर्मा को नगर अध्यक्ष हल्दौर के पद पर मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही क्षेत्र के किसानों और संगठन से जुड़े कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यालय द्वारा जारी मनोनयन पत्र में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि संदीप कुमार शर्मा के कार्य,निष्ठा और मेहनत को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन को पूरी उम्मीद है कि वह किसानों के हितों की रक्षा करते हुए भाकियू व महात्मा टिकैत की नीतियों एवं कार्यक्रमों का अंतिम व्यक्ति प्रचार-प्रसार करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। और उधर संदीप कुमार शर्मा ने कहा किसानों की हक की लड़ाई रहेगी पहली प्राथमिकता नवनियुक्त नगर अध्यक्ष संदीप कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व और जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो भरोसा उन पर जताया है, वह उसे पूरी ईमानदारी से खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों और आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना तथा उनके हक की आवाज को बुलंद करना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, किसानों और कार्यकताओं ने संदीप कुमार शर्मा को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

आज समाचार सेवा

स्योहारा। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस वर्ष आश्विन शुक्ल पूर्णिमा उदया तिथि के अनुसार जयंती मनाई जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस अवसर पर पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। स्योहारा नगर में वाल्मीकि समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वाल्मीकि मंदिरों में सुबह से पूजा-अर्चना और रामायण पाठ का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत साहित्य के प्रथम कवि और रामायण के रचयिता थे, जिन्होंने सत्य, धर्म, त्याग और कर्तव्यपरायणता का मार्ग दिखाया। लव-कुश को शिक्षा देने वाले महर्षि के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। नगर में दोपहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, युवा और महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है रत्नाकर डाकू से तपस्या कर आदिकवि बननेकी उनकी यात्रा आज भी प्रेरणादायक है। कमेटी ने वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक मनोज कुमार वर्मा, सभासद श्वेत रस्तौगी, युवा नेता वली चैधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, समाज सेविका फरहा परवीन, रामलीला कमेटी के सुनील शर्मा, राजपाल प्रजापति, राजवीर त्यागी सहित अनेक लोगों का स्वागत किया। इस मौके महर्षि वाल्मीकि कमेटी अध्यक्ष पप्पू वाल्मीकि, कपिल वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, अरुण वाल्मीकि, प्रदीप वाल्मीकि, सेवक, अरविन्द वाल्मीकि, वीरू वाल्मीकि सहित समस्त वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।

वाल्मीकि समाज के लोगों को पटके पहनाकर सम्मानित किया

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। सामाजिक समरसता मंच मालिनी नगर के पदाधिकारियों ने महर्षि वाल्मीकि जी की शोभायात्रा के दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों को पटके पहना कर सम्मानित करते हुए भव्य झांकियों पर पुष्पवर्षा की।

गणित ओलम्पियाड परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया

आज समाचार सेवा



किरतपुर। बी आर सी कार्यालय किरतपुर में गणित ओलम्पियाड परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया।परीक्षा का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया है । यह परीक्षा जूनियर स्तर पर आयोजित की गई।जिसमें विजेताओं को जिले पर पुरुस्कृत किया जाएगा। परीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी जी के दिशा निर्देशन मे प्रारंभ हुई। परीक्षा प्रभारी एआरपी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि परीक्षा 11 बजे से प्रारंभ होकर 12.30 तक चली। परीक्षा में प्रथम -महेनूर कम्पोजिट विद्यालय पाड़ला दितीय- अलीशा कंपोजिट स्कूल किरतपुर त्रितीय- वंश कंपोजिट स्कूल छितावर ने परीक्षा में स्थान प्राप्त किया। मान्य खंड शिक्षा अधिकारी, किरतपुर द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए स परीक्षा की तैयारी सभी एआरपी के द्वारा की गई।

तीन दिवसीय सालाना उर्स का धूमधाम एवं अकीदत के साथ शुभारंभ हुआ, फीता काटकर किया उदघाटन

आज समाचार सेवा



नहटौर। क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा रहीमुद्दीन शाह (रहमतुल्ला अलैह) की मजार पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय सालाना उर्स का धूमधाम एवं अकीदत के साथ शुभारंभ हुआ। उर्स का विधिवत उद्घाटन वार्ड सभासद शेख इजलाल अहमद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उर्स स्थल पर श्रद्धालुओं और अकीदतमंदों की भारी भीड़ देखने को मिली। उद्घाटन के उपरांत सभासद शेख इजलाल अहमद ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उर्स जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन हमारे बुजुर्गों की याद ताजा करते हैं। ये आयोजन समाज में सांप्रदायिक सौहार्द, शांति और आपसी भाईचारे का मजबूत संदेश देते हैं। कार्यक्रम में शमा रोशन की रस्म शमशाद उर्फ शम्मां द्वारा अदा की गई। घ्समारोह को संबोधित करते हुए हाफिज अतहर हसन ने कहा कि कव्वाली हमारी प्राचीन संगीत परंपरा की वह अनमोल विधा है, जिसमें भारत की गंगा-जमुनी तहजीब की साक्षात झलक देखने को मिलती है। उर्स के प्रथम दिन सुप्रसिद्ध कव्वाल कैफ साबरी ने अपने शानदार कलाम पेश कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसकी दर्शकों ने जमकर सराहना की।

कार्यक्रम आयोजक डॉ. जैद एवं राकेश कुमार ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस उर्स में बाहर से आए नामचीन कव्वाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उर्स के दूसरे दिन रईस साबरी (मुरादाबाद) और रूबी वारसी (दिल्ली) के बीच मुकाबला-ए-कव्वाली होगा। वहीं तीसरे और अंतिम दिन जावेद कव्वाल (बदायूं) तथा कहकशा नियाजी (बरेली) के मध्य कव्वाली का शानदार मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान उर्स कमेटी के अध्यक्ष छुट्टन ठेकेदार, कार्यक्रम संयोजक जैद, खुर्शीद सैफी, बाबर शेख, हनीफ अहमद, शमशाद उर्फ शम्मा, शेख शब्बन, फरमान अहमद, शादाब अहमद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक और अकीदतमंद मौजूद रहे।

आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

मनोहारी झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

आज समाचार सेवा



नगीना। रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में आठ मनोहारी झांकियां व एक अखाड़ा तथा घोड़ों की सुसज्जित बग्गी में वाल्मीकि जी की झांकी शामिल रही।सबसे आगे चल रहे शानदार बैंड के आकर्षक परिधान पहने कलाकार मधुर स्वरलहरियों से वाल्मीकि जी का गुणगान कर रहे थे। वाल्मीकि समाज द्वारा निकाली गई महर्षि वाल्मीकि जी की शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा नेत्री काजल सूद ने फीता काट कर किया।शोभायात्रा मंगलवार की शाम छह बजे पहाड़ी दरवाजा से शुरू हुई और मुख्य मार्ग से थाना व जामा मस्जिद के सामने से बाजार बारादरी,सराफां बाजार सुनहरी मस्जिद,बाजार गंज,लुहारी सराय,मंडी मौलगंज होती हुई एम एम इंटर कॉलेज के पास से होकर रात साढ़े नौ बजे वाल्मीकि बस्ती में शिव मंदिर पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। भव्य शोभायात्रा में शामिल आठ मनोहारी झांकियों में लव कुश,शिव पार्वती,भगवान शिव की बारात,नृत्य करती हुई अप्सराओं, बजरंग बली व नरमुंडों की माला धारण किए हुए मां काली की झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।सबसे अंत में घोड़ों वाली सुसज्जित बग्गी में विराजमान महर्षि वाल्मीकि जी की झांकी थी।शोभायात्रा में शामिल अखाड़े में युवा आकर्षक करतब दिखाते हुए चल रहे थे।शोभायात्रा का कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष अरविंद वाल्मीकि,भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि,हिंदू इंटर कॉलेज के रिटायर्ड प्रधानाचार्य श्याम सुंदर लाल वाल्मीकि,राजू फौजी,भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि,कार्यक्रम के संचालक अनूप वाल्मीकि उर्फ अन्नू,नगर पालिका परिषद के सभासद कपिल पवार,मनोज वाल्मीकि,मुकेश वाल्मीकि,अनिल वैध,गोपी चंद, राजकुमार,बिट्टू कुमार,रोहन कुमार,छोटे लाल अश्विनी वाल्मीकि,विशाल कुमार कर रहे थे।भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप वाल्मीकि,प्रमोद चैहान,पूर्व विधायक सतीश गौतम प्रांतीय पार्षद रोहित रवि एड,जिला उपाध्यक्ष नीरज विश्नोई,पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल,कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह,विहिप नेता प्रदीप गर्ग,मोहित गोयल,पंडित सचिन शर्मा,अभिषेक अग्रवाल,भाजपा नगर अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल के पति सौरभ मित्तल,शिवशंकर सक्सेना,शीतल अग्रवाल,लवी मित्तल,डॉ भूपेश चैहान,नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र व निकाय संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, सभासद गोपाल शर्मा,मकसूद उस्मानी,बदर मुनीम समेत तमाम गणमान्य लोग शामिल रहे।

एएसपी गौतम राय व सीओ राजेश सोलंकी ने किया सम्मानित

परंपरानुसार थाना कोतवाली के मेन गेट पर अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) गौतम राय व सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने अखाड़े के उस्ताद विशाल कुमार,अध्यक्ष अरविंद वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष गोविंद वाल्मीकि व सेवा निवृत प्रधानाचार्य श्याम सुंदर लाल वाल्मीकि समेत दस गणमान्य लोगों को पगड़ी बांध कर व नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार,शेख शाहनवाज खलील समेत तमाम गणमान्य लोग रहे।

मुख्य अतिथि सुभाष वाल्मीकि व शेख शाहनवाज व को चांदी का मुकुट पहना कर किया सम्मानित

वाल्मीकि समाज ने मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि तथा नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र व निकाय संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील को चांदी का मुकुट पहना कर व पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल शोभायात्रा के साथ रहा।

शिक्षक एमएलसी: भाजपा के डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने सपा के दानिश अख्तर को हराया

चौथी बार शिक्षक विधायक चुने गए हैं डॉ0 हरि सिंह ढिल्लो, समर्थकों में जश्न

नगीना। बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व निवर्तमान एमएलसी डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने सपा प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर को 17676 वोटों के विशाल अंतर से पराजित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।उन्हें 21672 वोट प्राप्त हुए हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंदी सपा के हाजी दानिश अख्तर को मात्र 3996 वोट ही मिले। नगीना में डॉ हरि सिंह ढिल्लो के इलेक्शन एजेंट डॉ संदीप शर्मा ने चुनाव परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ हरि सिंह ढिल्लो की ऐतिहासिक व रिकॉर्ड जीत ने साबित कर दिया है कि डॉ हरि सिंह ढिल्लो की लोकप्रियता व शिक्षक शिक्षिकाओं में उनके प्रति समर्थन का कोई मुकाबला नहीं है। डॉ हरि सिंह ढिल्लो की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अरविंद गहलौत प्रांतीय पार्षद रोहित रवि एड,पूर्व विधायक सतीश गौतम,डॉ संदीप शर्मा,प्रमोद चैहान, अजीत अग्रवाल,अनूप वाल्मीकि,पंडित सचिन शर्मा,नीरज विश्नोई,अमित गुप्ता, व्यवसायिक शिक्षक सुनिल कुमार शर्मा समेत तमाम गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ हरि सिंह ढिल्लो को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



चौथी बार शिक्षक विधायक बने डॉ0 हरि सिंह ढिल्लो

बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले डॉ हरि सिंह ढिल्लो इस निर्वाचन क्षेत्र से चैथी बार विधान परिषद सदस्य(एमएलसी)चुने गए हैं। इससे पहले उन्होंने 1992,2008 व 2014 में भी इसी निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की थी।


जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया हुए सम्मानित

आज समाचार सेवा

बिजनौर। सेंट पीटर्स स्कूल, किरतपुर, बिजनौर द्वारा संचालित करुणा समाज सेवा संस्थान, कोटद्वार के कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर जसवीर सिंह तेवतिया मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर संस्थान के फादर जीजो द्वारा शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन शिक्षा, सामाजिक सेवा, ग्रामीण आजीविका, कृषि और संस्कारों के समन्वय का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। ग्रामीण आजीविका और महिला सशक्तीकरण की सराहनीय पहल करुणा समाज सेवा संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं पुरुषों को संगठित कर समूहों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण, कुटीर उद्योगों तथा आजीविका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है। संस्थान द्वारा निःशुल्क श्री अन्न योजना के अंतर्गत मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित कर ग्रामीण परिवारों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने और किसानों को खेती के नए विकल्पों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने, पोषण सुरक्षा बढ़ाने और कृषि को आजीविका का मजबूत आधार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। पौष्टिक भोजन से बनता है स्वस्थ शरीर और सकारात्मक विचार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने कहा कि खेती केवल अन्न उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे जीवन, स्वास्थ्य, संस्कृति और सभ्यता का आधार है। इसमें टमाटर, मिर्च, बैंगन, धनिया, लौकी, तोरी तथा अन्य मौसमी सब्जियों की खेती करके अपने परिवार के लिए ताजी, सुरक्षित और पौष्टिक सब्जियां पैदा करें। दलहनी एवं तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि अधिकारी द्वारा समूह के सदस्यों को दलहनी एवं तिलहनी फसलों के निःशुल्क मिनी किट वितरित किए गए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इन बीजों की समयानुसार बुवाई करें और अपनी खेती में विविधता लाते हुए दलहन एवं तिलहन उत्पादन को बढ़ावा दें। बच्चों को स्थानीय भाषा में दें नैतिक शिक्षा और संस्कार जसवीर सिंह तेवतिया ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का भविष्य केवल किताबी शिक्षा से ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों, नैतिक मूल्यों और जीवन के व्यावहारिक ज्ञान से भी बनता है।

ताकि वे उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में ईमानदारी, परिश्रम, सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुण विकसित कर सकें। शिक्षा, सेवा और संस्कार ही सशक्त समाज की नींव जिला कृषि अधिकारी ने सेंट पीटर्स स्कूल तथा करुणा समाज सेवा संस्थान द्वारा शिक्षा, सामाजिक सेवा, ग्रामीण आजीविका और जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्थान भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के वंचित और ग्रामीण वर्गों के उत्थान, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने तथा कृषि और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। उन्होंने संस्थान के समस्त पदाधिकारियों, शिक्षकों, सहयोगियों और कार्यकताओं को इन सराहनीय प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

नोएडा प्राधिकरण की 224वीं बोर्ड बैठक शुरू, भूमि नीति सिटी लॉजिस्टिक प्लान और अन्य परियोजना पर अहम चर्चा



आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में शहर के सुनियोजित विकास, औद्योगिक सुविधाओं के विस्तार और भूमि प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए नोएडा प्राधिकरण की 224वीं बोर्ड बैठक बुधवार को सेक्टर-96 स्थित प्रशासनिक कार्यालय में शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक कुमार कर रहे हैं। बैठक में शहर की विकास योजनाओं, निर्माण संबंधी नियमों, भूमि नीति और ऊर्जा व्यवस्था से जुड़े लगभग दो दर्जन प्रस्तावों पर चर्चा की जा रही है।

इस बैठक को नोएडा के भविष्य की विकास योजनाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें शामिल प्रस्तावों का संबंध शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने, औद्योगिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने और विकास कार्यों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने से है। हालांकि, इन प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय और उनके क्रियान्वयन की स्थिति बोर्ड बैठक के आधिकारिक निष्कर्ष सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगी। सिटी लॉजिस्टिक प्लान से माल परिवहन व्यवस्था पर नजर

बैठक के प्रमुख एजेंडों में सिटी लॉजिस्टिक प्लान शामिल है। नोएडा जैसे औद्योगिक और व्यावसायिक शहर में माल की आवाजाही, परिवहन व्यवस्था और आपूर्ति से जुड़ी जरूरतें महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में इस योजना पर होने वाला विचार-विमर्श शहर में माल परिवहन के बेहतर प्रबंधन और औद्योगिक गतिविधियों को सुचारु बनाने की दिशा में अहम हो सकता है। इस प्रस्ताव के तहत क्या व्यवस्था निर्धारित की जाएगी और इसे किस प्रकार लागू किया जाएगा, इसकी जानकारी अंतिम निर्णय के बाद ही सामने आएगी।बोर्ड बैठक में मॉडल भवन विनियम से संबंधित प्रस्ताव भी विचार के लिए रखा गया है। भवन निर्माण के नियम शहर की नियोजन व्यवस्था, निर्माण प्रक्रिया और निर्धारित मानकों के अनुपालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इस प्रस्ताव पर लिया जाने वाला निर्णय निर्माण संबंधी प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, प्रस्ताव में शामिल नियमों और संभावित बदलावों का विस्तृत विवरण अभी स्पष्ट नहीं है। बची हुई जमीन के उपयोग पर भी होगा मंथन

बैठक के एजेंडे में लेफ्ट ओवर लैंड पॉलिसी यानी बची हुई भूमि के प्रबंधन से जुड़ा प्रस्ताव भी शामिल है। भूमि के उपयोग और प्रबंधन से संबंधित यह विषय प्राधिकरण की नियोजन प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है। इस नीति पर होने वाले विचार-विमर्श से यह स्पष्ट हो सकेगा कि संबंधित भूमि के प्रबंधन को लेकर प्राधिकरण किस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। प्रस्ताव के प्रावधानों और संभावित प्रभावों का आकलन बोर्ड के निर्णय के बाद ही किया जा सकेगा।

15 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का प्रस्ताव ऊर्जा जरूरतों और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को ध्यान में रखते हुए बैठक में 15 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का प्रस्ताव भी शामिल किया गया है। इस परियोजना पर चर्चा के दौरान इससे संबंधित योजना और आगे की प्रक्रिया को लेकर निर्णय होने की संभावना है। हालांकि, संयंत्र की स्थापना के स्थान, लागत, समयसीमा और क्रियान्वयन से जुड़ी विस्तृत जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है। संशोधित यूनिफाइड पॉलिसी पर भी विचार नोएडा प्राधिकरण की इस बैठक में संशोधित यूनिफाइड पॉलिसी को भी एजेंडे में स्थान दिया गया है। इसके अलावा विकास और नियोजन से जुड़े अन्य प्रस्तावों पर भी विचार किया जा रहा है। इन मामलों में बोर्ड का निर्णय प्राधिकरण की आगामी कार्ययोजना और संबंधित प्रक्रियाओं की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण हो सकता है।

तीनों औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद

बैठक में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं। इसके अलावा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी और पुष्पराज सिंह, विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर, महाप्रबंधक सिविल एसपी सिंह, महाप्रबंधक ए.के. अरोड़ा तथा महाप्रबंधक जल एवं विद्युत यात्रिकी आर.पी. सिंह भी बैठक में शामिल हैं।

फिलहाल बोर्ड बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा जारी है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि भूमि प्रबंधन, भवन निर्माण नियमों, लॉजिस्टिक व्यवस्था और सौर ऊर्जा परियोजना से जुड़े किन प्रस्तावों को मंजूरी मिलती है। बैठक के अंतिम निर्णय सामने आने के बाद ही इन योजनाओं के वास्तविक स्वरूप, क्रियान्वयन और नोएडा के विकास पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

नोएडा में ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा का मासिक निरीक्षण, जिलाधिकारी ने परखे सील और सीसीटीवी कैमरे



जिलाधिकारी मेधा रूपम ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

आज समाचार सेवा

नोएडा। आगामी चुनावों के मद्देनजर निर्वाचन संबंधी मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है। बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा मानकों, सीसीटीवी निगरानी और अन्य आवश्यक प्रबंधों की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी सील और तालों की बारीकी से जांच की। प्रशासन के अनुसार, सभी सील और ताले सुरक्षित एवं सही स्थिति में पाए गए। इसके साथ ही परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी परखी गई।

जांच में सभी कैमरे चालू मिले। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्धारित सुरक्षा मानकों का नियमित पालन सुनिश्चित करने, निगरानी व्यवस्था को सक्रिय रखने और सभी आवश्यक सावधानियां बरतने पर जोर दिया। साथ ही, सुरक्षा प्रबंधों की समय-समय पर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य मशीनों की सुरक्षित स्थिति बनाए रखना, प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा प्रबंधों की जांच करना और निगरानी तंत्र की कार्यशीलता सुनिश्चित करना है।

नियमित निरीक्षण से सुरक्षा व्यवस्था में संभावित कमियों की पहचान कर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं।इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) अरुण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा और निर्धारित मानकों के अनुपालन को लेकर नियमित निगरानी जारी रखने पर जोर दिया।

एक नज़र

गोवा के रिजॉर्ट में बुकिंग का झांसा देकर डेढ़ लाख ठगे

नोएडा। गोवा में छुट्टियां बिताने के लिए होटल की तलाश कर रहे एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने शिकार बना लिया। आरोपियों ने खुद को नामी होटल समूह का कर्मचारी बताकर रियायती दर पर रिजॉर्ट में ठहरने की बुकिंग का झांसा दिया। वीडियो कॉल पर होटल की लॉबी दिखाकर भरोसा जीता और अलग-अलग भुगतान के नाम पर 1.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। सेक्टर-49 निवासी अंजुल गुप्ता एक गारमेंट कंपनी में नौकरी करते हैं। पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक वह जनवरी में सोशल मीडिया पर गोवा में ठहरने के लिए होटल और रिजॉर्ट तलाश रहे थे। इसी दौरान उनके पास एक व्यक्ति की व्हाट्सऐप कॉल आई। उसने अपना नाम आशीष वर्मा बताया और खुद को ताज ग्रुप का कर्मचारी बताया। आरोपी ने गोवा के एग्जोटिका रिजॉर्ट स्पा होटल में कम कीमत पर कमरा बुक कराने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए व्हाट्सऐप वीडियो कॉल की। इस दौरान होटल की लॉबी दिखाकर खुद को होटल से जुड़ा कर्मचारी होने का भरोसा दिलाया। इसके बाद व्हाटसऐप पर ही जरूरी दस्तावेज लेकर प्रति व्यक्ति 25 हजार रुपये के हिसाब से बुकिंग करने की बात कही। पीड़ित से कुल 1.50 लाख रुपये जमा करा लिए गए। रुपये देने के बाद अंजुल ने बुकिंग की रसीद और टिकट मांगे तो आरोपी कई दिनों तक उन्हें टालता रहा। लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद जब बुकिंग से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले तो उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ।इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आरोपी की पहचान और रुपये के लेनदेन से जुड़े तथ्यों की भी जांच कर रही है।

नोएडा सेक्टर-63 में खुला पिंक बूथ महिलाओं को मिलेगी त्वरित पुलिस सहायता

आज समाचार सेवा

नोएडा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में पिंक बूथ की शुरुआत की है। 27 अक्टूबर को सी-ब्लॉक में स्थापित इस पिंक बूथ का उद्घाटन डीसीपी महिला सुरक्षा सुनीति और डीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।



पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में जिले में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्थापित पिंक बूथ महिलाओं और बालिकाओं के लिए पुलिस से संपर्क करने का एक सुलभ माध्यम बनेगा। यहां महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, ताकि महिलाएं बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस के सामने रख सकें।पिंक बूथ के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराने, उनकी शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने और पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। इससे क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस तक पहुंचने में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

संवेदनशीलता के साथ शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश उद्घाटन के अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने पिंक बूथ पर तैनात पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने विशेष रूप से महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता देने और उन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से मिशन शक्ति अभियान सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सेक्टर-63 में पिंक बूथ की स्थापना को इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और जरूरत पड़ने पर उन्हें समय पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है।

त्योहारों से पहले सेंट्रल नोएडा पुलिस का एक्शन प्लान तैयार, संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। आगामी त्योहारों के मद्देनजर गौतमबुद्धनगर पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी तेज कर दी है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह, एसीपी प्रथम दीक्षा सिंह, एसीपी द्वितीय कमलेश कांत और एसीपी तृतीय राजीव कुमार सहित फेस-2, फेस-3, बिसरख, सेक्टर-63, सूरजपुर, इकोटेक-3, सेक्टर-142 और बादलपुर थानों के प्रभारी तथा चौकी प्रभारी मौजूद रहे। संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी पुलिस की निगरानी त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रमुख धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को पैदल गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाने, संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखने तथा सोशल मीडिया की लगातार निगरानी करने को कहा गया, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।बैठक में अपराध नियंत्रण की समीक्षा करते हुए थाना और चौकी स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली का आकलन किया गया। डीसीपी ने वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित जांच तथा प्रभावी रात्रि गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला सुरक्षा और जनसुनवाई से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही आईजीआरएस शिकायतों की समीक्षा, यक्ष ऐप के प्रभावी उपयोग और ई-साक्ष्य एवं ई-समन, जैसी डिजिटल प्रणालियों के बेहतर इस्तेमाल के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में रह रहे नाइजीरियाई नागरिकों के सत्यापन, संबंधित अभिलेखों को अद्यतन रखने और आवश्यकता के अनुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने, जनसंपर्क बढ़ाने और पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस का जोर त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने और आम लोगों के लिए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने पर है।



बिग बास्केट राइडरों की हड़ताल, 48 घंटे से कामकाज ठप

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा स्थित बिग बास्केट के गोदाम पर राइडरों की हड़ताल का मामला सामने आया है। राइडरों का दावा है कि वे पिछले 48 घंटे से काम बंद कर विरोध जता रहे हैं। उनकी मुख्य शिकायत सामान पहुंचाने के लिए बढ़ाई गई दूरी और प्रति ऑर्डर मिलने वाला कम भुगतान है। राइडरों का कहना है कि पहले उन्हें 2 से 3 किलोमीटर के दायरे में डिलीवरी मिलती थी, लेकिन अब 10 से 15 किलोमीटर दूर तक सामान पहुंचाने के लिए भेजा जा रहा है। इसके बदले कई बार महज 25 रुपये मिलते हैं, जिससे पेट्रोल और वाहन के रखरखाव का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। राइडरों ने दुर्घटना बीमा और महंगे सामान के नुकसान की भरपाई को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि दुर्घटना या सामान क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में आर्थिक नुकसान का बोझ उन्हें खुद उठाना पड़ता है। राइडरों की मांग है कि कंपनी उनकी समस्याओं का समाधान करे और कामकाज से जुड़ी शर्तों में बदलाव करे।

हड़ताल कर रहे राइडरों के मुताबिक, पहले उन्हें सामान पहुंचाने के लिए लगभग 2 से 3 किलोमीटर के दायरे में ऑर्डर मिलते थे। अब कई बार उन्हें 10 से 15 किलोमीटर दूर तक डिलीवरी करने के लिए भेजा जा रहा है। राइडरों का कहना है कि दूरी बढ़ने के बावजूद भुगतान में उसी अनुपात में बढ़ोतरी नहीं हुई है। उनके अनुसार, कुछ ऑर्डर के लिए महज 25 रुपये मिलते हैं। इतनी कम राशि में पेट्रोल, वाहन की मरम्मत और रखरखाव का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। राइडरों ने मांग की है कि डिलीवरी की दूरी और भुगतान के बीच उचित संतुलन बनाया जाए। उनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में अधिक समय और ईंधन खर्च करने के बावजूद उनकी कमाई प्रभावित हो रही है। इसी समस्या के विरोध में उन्होंने काम बंद करने का फैसला लिया है।

राइडरों ने महंगे उत्पादों की डिलीवरी के दौरान होने वाले नुकसान को लेकर भी चिंता जताई है। उनका आरोप है कि आईफोन और सोने के सिक्कों जैसे महंगे सामान को पहुंचाते समय यदि दुर्घटना हो जाए या उत्पाद क्षतिग्रस्त हो जाए, तो नुकसान की भरपाई उनसे कराई जाती है। राइडरों का कहना है कि ऐसी स्थिति में उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि सामान की सुरक्षा, क्षति और नुकसान की जिम्मेदारी तय करने के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाए। इसके साथ ही राइडरों ने दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि डिलीवरी के दौरान उन्हें लगातार सड़क पर रहना पड़ता है और लंबी दूरी तय करने से दुर्घटना का जोखिम बढ़ता है। ऐसे में बीमा सुरक्षा और आपात स्थिति में सहायता की व्यवस्था जरूरी है। इन मांगों को लेकर राइडर कंपनी प्रबंधन से समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। राइडरों के मुताबिक, हड़ताल के दौरान उनकी काम करने की सुविधा भी बंद कर दी गई है, जिसके कारण वे ऑर्डर नहीं ले पा रहे हैं। उनका कहना है कि पहले से ही भुगतान और डिलीवरी की दूरी को लेकर परेशानी है, वहीं काम करने की सुविधा बंद होने से रोजाना की कमाई भी प्रभावित हो रही है। राइडरों की प्रमुख मांगों में डिलीवरी की दूरी कम करना, प्रति ऑर्डर उचित भुगतान देना, महंगे सामान के नुकसान को लेकर स्पष्ट नियम बनाना और दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराना शामिल है। हालांकि, इस मामले में कंपनी की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। फिलहाल राइडरों का विरोध जारी रहने से गोदाम के कामकाज और डिलीवरी व्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका है।

सोलर प्लांट से घटेगा प्रदूषण, 15 मेगावाट की परियोजना से पांच साल में 5 लाख टन कार्बन उत्सर्जन कम करने की तैयारी

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में कार्बन उत्सर्जन कम करने और सौर ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने नई योजना तैयार की है। इसके तहत शहर के चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (स्क्वक), तीन बहुमंजिला पार्किंग और गंगाजल के जलाशयों की छतों व खाली जगहों पर कुल 15 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाने की तैयारी है। नोएडा प्राधिकरण इस प्रस्ताव को बोर्ड के सामने रखने जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य एसटीपी के संचालन में होने वाली बिजली की खपत कम करना और पारंपरिक बिजली पर निर्भरता घटाना है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक जल-सीवर आरपी सिंह के मुताबिक, सोलर प्लांट लगने के बाद एसटीपी की बिजली खपत करीब आधी करने का लक्ष्य रखा गया है। प्राधिकरण का दावा है कि इस पहल से अगले पांच साल में 5 लाख टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। हालांकि, योजना अभी प्रस्ताव के स्तर पर है और इसके क्रियान्वयन से जुड़ी आगे की प्रक्रिया बोर्ड की मंजूरी के बाद तय होगी।योजना के पहले हिस्से में सेक्टर-50, सेक्टर-54, सेक्टर-123 और सेक्टर-168 स्थित चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इन स्थानों पर उपलब्ध खाली जमीन का इस्तेमाल कर कुल 6 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित करने की योजना है। एसटीपी में सीवरेज के पानी को साफ करने की प्रक्रिया लगातार चलती है, जिसमें मशीनों और अन्य उपकरणों के संचालन के लिए बिजली की जरूरत होती है। सोलर प्लांट से तैयार होने वाली बिजली का इस्तेमाल इन संयंत्रों को चलाने में किया जाएगा। इससे बिजली आपूर्ति के लिए ग्रिड पर निर्भरता घटाने और संचालन लागत कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण के मुताबिक, एक एसटीपी में प्रतिदिन करीब 2,000 यूनिट बिजली की खपत होती है। सोलर प्लांट लगने के बाद इसमें लगभग 1,000 यूनिट प्रतिदिन की बचत का लक्ष्य है। हालांकि, वास्तविक बचत प्लांट की क्षमता, मौसम और बिजली की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। प्राधिकरण की योजना में एसटीपी के अलावा बहुमंजिला पार्किंग और गंगाजल के जलाशयों को भी शामिल किया गया है। प्रस्तावित 15 मेगावाट क्षमता को तीन हिस्सों में बांटा गया है। चार एसटीपी में 6 मेगावाट, सेक्टर-37, सेक्टर-16ए और सेक्टर-18 की बहुमंजिला पार्किंग में 6 मेगावाट और सेक्टर-65, सेक्टर-79, सेक्टर-118 तथा सेक्टर-132 स्थित गंगाजल जलाशयों में 3 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव है। इन स्थानों की छतों और खाली जगहों का इस्तेमाल सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए किया जाएगा। इस तरह शहर में पहले से मौजूद सार्वजनिक ढांचे का उपयोग करके बिजली तैयार करने की योजना है।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 145वीं बोर्ड बैठक में लिए गए अहम निर्णय

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आपसी सहमति से भूमि देने वाले किसानों को भी अधिग्रहण के समान ही सभी सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। बुधवार को संपन्न ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 145वीं बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर बोर्ड ने मुहर लग गई है। इसके साथ ही वर्ष 2002 से 2013 के बीच भूमि अधिग्रहण/क्रय से प्रभावित उन किसानों को भी 64.70 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर दिये जाने का निर्णय लिया जाएगा, जिन्हें अब तक इसका लाभ नहीं मिला है।



दरअसल, विगत 27 अगस्त 2026 को बोर्ड बैठक में आपसी सहमति से भूमि देने वाले किसानों के लिए भूमि खरीद के दो विकल्प निर्धारित किए थे। पहले विकल्प में 6415 रुपये प्रति वर्गमीटर और दूसरे में 5725 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर तय की गई। प्रस्ताव के अनुसार, 5725 रुपये प्रति वर्गमीटर का विकल्प चुनने वाले सभी भू-स्वामियों को छह प्रतिशत आबादी भूखंड का लाभ दिया जाएगा, जबकि 6415 रुपये प्रति वर्गमीटर का विकल्प चुनने वालों को यह लाभ नहीं मिलेगा। इसे ध्यान में रखते हुए 27 अगस्त के बाद जमीन अधिग्रहण इसी फैसले के अंतर्गत होगा। इसका उद्देश्य भूमि अधिग्रहण में किसानों को समान सुविधाएं उपलब्ध कराना है। एक अन्य अहम फैसला 2002 से 2013 के बीच भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के पक्ष में हुआ है। बोर्ड ने इन किसानों को भी 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर दिये जाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी है। अब नोएडा और यमुना प्राधिकरण की तरह ग्रेटर नोएडा के किसानों को भी 64.7 प्रतिशत मिल सकेगा। बता दें, कि मुआवजा देने के लिए प्राधिकरण ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन ने सहमति मिलने पर प्राधिकरण ने इस प्रस्ताव को बोर्ड के समक्ष रखा, जिस पर बोर्ड ने भी अनुमति दे दी है। इस फैसले से लंबे समय से मुआवजे की मांग कर रहे प्रभावित किसानों को राहत मिलेगी। बोर्ड बैठक में चेयरमैन दीपक कुमार, ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश, यीडा के सीईओ आरके सिंह, ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ सुमित यादव, ग्रेनो प्राधिकरण के जीएम वित्त स्वतंत्र गुप्ता, जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह, ग्रेनो प्राधिकरण की ओएसडी लवगीत कौर, ओएसडी अभिषेक पाठक, ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी मुकेश कुमार सिंह, ओएसडी अजय शर्मा आदि अधिकारीगण मौजूद रहे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसानों को आबादी भूखंड आवंटित करने की पात्रता संबंधी नियमों में भी संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब किसानों के परिवार में पितामह, पितामही, पिता, माता, पति या पत्नी के साथ-साथ सास-ससुर को भी शामिल कर लिया गया है। इस प्रस्ताव पर भी बोर्ड ने मुहर लगा दी है। प्राधिकरण का उद्देश्य पात्र किसानों को आबादी भूखंड आवंटन का लाभ दिलाना और उन्हें अनावश्यक रूप से वंचित होने से बचाना है। यहां के किसान मांग कर रहे थे कि भूमि अर्जन की कार्रवाई से पहले कई मामलों में किसानों ने अपनी जमीन अपने पुत्रवधू के पक्ष में हस्तांतरित कर दी जाती है। प्राधिकरण में प्रचलित नीति के अनुसार ऐसे मामलों में पुत्र वधु आबादी भूखंड आवंटन के लाभ से वंचित रह जाती हैं। इसलिए अब निर्धारित शर्तों में संशोधन करते हुए पात्रता के दायरे में सास-ससुर को भी शामिल करने की संस्तुति की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, किसान का अधिसूचित क्षेत्र का मूल निवासी होना और संबंधित भूमि का राजस्व अभिलेखों में निर्धारित शर्तों के अनुरूप दर्ज होना आवश्यक होगा। इस संशोधन से प्रभावित किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

संविधान संवाद अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में विधि साक्षरता क्लब के संचालन एवं संवैधानिक जागरूकता कार्यक्रमों के लिए शिक्षकगण को दिया गया प्रशिक्षण

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। ज़राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर अतुल श्रीवास्तव के कुशल दिशा-निर्देशन में आज दीवानी न्यायालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में संविधान संवाद अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु शिक्षकगण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर शिवानी रावत द्वारा की गई।



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त विद्यालयों में विधि साक्षरता क्लब स्थापित किए जाने हैं। इन क्लबों के माध्यम से संविधान संवाद एवं संवैधानिक साक्षरता अभियान के अंतर्गत कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को संविधान, विधिक अधिकारों एवं कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से परिचित कराया जा सके।

विद्यालयों में स्थापित विधि साक्षरता क्लब के सुचारु संचालन हेतु प्रत्येक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकगण में से एक शिक्षक को नोडल शिक्षक के रूप में नामित किया जाएगा। नोडल शिक्षक द्वारा क्लब की नियमित निगरानी करते हुए संविधान संवाद अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। इस क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, गौतमबुद्धनगर द्वारा विद्यालयों में नामित नोडल शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराई गई।

28 अक्टूबर 2026 को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामित नोडल शिक्षकों को भारतीय संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो अधिनियम), निःशुल्क विधिक सहायता, राज्य के अंगों, निर्वाचन व्यवस्था तथा अभियान के अंतर्गत प्राप्त निर्देशों के अनुपालन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकगण को विद्यालयों में विधि साक्षरता क्लब के प्रभावी संचालन तथा विद्यार्थियों के मध्य संवैधानिक एवं विधिक जागरूकता संबंधी गतिविधियों के आयोजन के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल जज (जू0डि0)/एफटीसी-प्रथम सिद्धार्थ कुमार, सिविल जज (जू0डि0) अंकिता सिंह, सिविल जज (जू0डि0) जूही आनंद, अधिवक्ता मध्यस्थ शिखर ठकराल, असिस्टेंट अधिवक्ता एलएडीसीएस विपुल यादव, अधिवक्ता मध्यस्थ सारिका मलिक सहित संबंधित शिक्षकगण उपस्थित रहे।